CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



बिलासपुर, मंगलवार, 12 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –134 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद करेंगे धनखड़ पृष्ठ 3

■ उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत
■ अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त पृष्ठ 4

■ नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत
■ मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हुई पृष्ठ 9

कोलंबो में बरसे विराट और राहुल, भारत ने बनाये 356 पृष्ठ 10

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला

# बाबुओं पर दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षण नहीं

**नई दिल्ली**, 11 सितम्बर (एजेंसियां)। अब संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा और बाकायदा जांच हो सकेगी। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति की जरूरत भी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 सितंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट के मुताबिक, यह ऑर्डर 11 सितंबर 2003 से मान्य होगा। जस्टिस संजय किशन कौल की पांच जजों की बेंच ने एकमत होकर ये फैसला सुनाया। शीर्ष कोर्ट ने अपने 2014 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि तब दिल्ली स्पेशल पुलिस स्टेबलिशमेंट एक्ट 1946 के प्रावधान को रद्द कर दिया था। यह प्रावधान कुछ अफसरों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच से सुरक्षा (इम्यूनिटी) प्रदान करता है। अब आदेश पूर्व प्रभाव से लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2014 का फैसला 11 सितंबर 2003 से ही मान्य होगा। 11 सितंबर 2003 से ही डीपीएसई एक्ट में धारा 6(ए) जोड़ी गई थी। इस धारा के मुताबिक, किसी जांच के लिए केंद्र सरकार के अप्रूवल की जरूरत होगी। अब सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच को तय करना था कि क्या किसी संयुक्त सचिव लेवल के सरकारी



■ संयुक्त सचिव स्तर के अफसरों पर केस चल सकेगा
■ कोर्ट बोला, इसके लिए अनुमति

अधिकारी को कानून के किसी प्रावधान के तहत गिरफ्तारी से मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, अगर उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे चलकर उस कानून को ही रद्द कर दिया गया हो। कोर्ट को तय करना था कि क्या दिल्ली पुलिस स्पेशल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 6(1) के तहत संयुक्त सचिव लेवल के अधिकारी को मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, जिसकी गिरफ्तारी इस धारा के रद्द होने से पहले की है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जो अधिकारी सेक्शन के रद्द होने से पहले गिरफ्तार किए गए थे, उनके खिलाफ केस चल सकता है।

**आवारा कुत्तों का वकील पर हमला, सुप्रीम कोर्ट चिंतित**

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सोमवार को आवारा कुत्तों के एक वकील और उससे पहले अन्य लोगों पर हुए हमले से संबंधित मामला उठा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील कुणाल चटर्जी समेत पहले के कुछ अन्य मामलों पर भी चिंता व्यक्त की। शीर्ष अदालत के समक्ष यह मामला तब उठा जब मुख्य न्यायाधीश की नजर श्री चटर्जी के एक हाथ पर बंधी पट्टी लगी पड़ी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने श्री चटर्जी की ओर देखते हुए पूछा क्या हुआ? श्री चटर्जी ने जवाब दिया, पांच कुत्तों ने (मेरे उपर) हमला बोला दिया था।

### मणिपुर हिंसा पर रिपोर्ट प्रकाशित करने का मामला

## ईजीआई के चार सदस्यों को 15 सितंबर तक राहत

उच्चतम न्यायालय ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के चार सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों संबंधित एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर छह सितंबर को लगाई गई रोक की अवधि सोमवार को अगली सुनवाई 15 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ईजीआई सदस्यों को राहत तो दी, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि वह इस मामले में दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस विचार कर रही है कि इस मामले को सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय या मणिपुर उच्च न्यायालय को भेजा जाना चाहिए। ईजीआई ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व 'पक्षपातपूर्ण' हो गया था। यह रिपोर्ट दो सितंबर को प्रकाशित की गई थी।

# अमित शाह आज दंतेवाड़ा से करेंगे परिवर्तन यात्रा की शुरुआत





■ दो हजार जवानों की सुरक्षा, ड्रोन से निगरानी
■ परिवर्तन यात्रा के साथ चलेंगे 5 से ज्यादा सुरक्षा4 जवान

**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। मांई दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में लगभग दो दशक बाद भाजपा परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है। 2003 में भाजपा ने परिवर्तन



का आगाज दंतेवाड़ा से किया था और इस बार 2023 में कल 12 सितंबर से यह यात्रा शुरू हो रही है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ यह यात्रा प्रारंभ होगी और इसका संदेश समूचे छत्तीसगढ़ में जाएगा।

परिवर्तन यात्रा को लेकर दंतेवाड़ा में भारी उत्साह है। पूरा शहर केसरियामय हो गया है। भाजपा के ध्वज और स्थानीय तथा राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं के फ्लेक्स होर्डिंग्स से पूरा शहर सज गया है। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा बस्तर से लेकर सरगुजा तक नये बदलाव का संकेत दे रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगभग एक घंटे के प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचकर इस यात्रा को हरी झण्डी दिखायेंगे। परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व भाजपा अध्यक्ष अरूण साव करेंगे। इसमें शामिल होने प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल दंतेवाड़ा पहुंच रहें हैं। कुल मिलाकर भाजपा का समूचा प्रादेशिक नेतृत्व दंतेवाड़ा में मौजूद रहेगा। वहीं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी नितिन नवीन भी दंतेवाड़ा पहुंच गए हैं। आज उन्होंने मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, मनीष सुराना, मुकेश शर्मा, संतोष गुप्ता, सत्यजीत सिंह, अतुल अग्रवाल, संग्राम सिंह राणा सहित कई भाजपाई मौजूद थे। इधर केन्द्रीय गृहमंत्री के प्रवास को लेकर दंतेवाड़ा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। परिवर्तन यात्रा की

➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

### परिवर्तन यात्रा के लिए रथ दंतेवाड़ा रवाना

भाजपा की परिवर्तन यात्रा के लिए तैयार रथ दंतेवाड़ा और जशपुर लिए रवाना हो गई है। 12 सितंबर को दंतेवाड़ा और 16 सितंबर को जशपुर से बीजेपी की परिवर्तन यात्रा निकलेगी। जहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से रथ यात्रा का शुभारंभ करेंगे। वहीं जशपुर से आरंभ होने वाली परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 15 सितंबर को करेंगे। दंतेवाड़ा से गीदम तक परिवर्तन यात्रा में भजपा नेता सफर करेंगे। रथ के साथ एलईडी स्क्रीन वाले प्रचार वाहन भी तैयार किए गए हैं। परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जारी आरोप पत्र भी घुमाने का निर्णय लिया है यानी 108 पेज के आरोप पत्र का सारांश पत्रक लोगों को बांटा जाएगा। बीजेपी प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि इस परिवर्तन यात्रा के जरिए बीजेपी की योजनाओं को घर घर पहुंचाया जाएगा और कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जाएगा।

### सार संक्षेप

**घुसपैठ से निपटने को झौंके जा रहे हैं हजारों अतिरिक्त जवान**

**जम्मू।** जैसे जैसे सर्दी नजदीक आ रही है, एलओसी से सटे राजौरी तथा पुंछ के दो जुड़वा जिले भारतीय सेना की चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। पहली चिंता इन दोनों जिलों में एलओसी पार से पाक सेना द्वारा घुसपैठ के प्रयासों में लाई जा रही तेजी है तो दूसरा घुसने में कामयाब हो चुके आतंकियों से निपटने की। यही कारण था कि सेना ने इन दोनों जिलों में एलओसी और भीतरी इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती आरंभ कर दी है। सेनाधिकारियों के बकौल, हजारों सैनिक रवाना किए जा रहे है जिनमें से कईयों को गुज्जर बक्करवाल समुदाय द्वारा सर्दियों में खाली कर दिए जाने वाले ढोकों पर कब्जे का टास्क दिया गया है।

**राजमुंदरी केंद्रीय कारागार भेजे गए चंद्रबाबू नायडू**

**विजयवाड़ा।** तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को सोमवार तड़के राजमुंदरी केंद्रीय कारागार जेल में भेज दिया गया। जेल अधिकारियों ने श्री नायडू को कैदी नंबर '7691' बनाया है। श्री नायडू को जेल के 'स्नेहा' ब्लॉक में रखा गया है। उन्हें जेल में एक निजी सहायक और पांच सुरक्षाकर्मी दिए गए हैं। श्री नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी, पुत्र लोकेश और बहू ब्राह्मणी केंद्रीय जेल में उनसे मिले।

**डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए जावेद अख्तर**

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने लेखक, गीतकार और कवि जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। लंदन में हुए इस समारोह में जावेद अख्तर के साथ उनकी पत्नी शबाना आजमी और पुत्र फरहान अख्तर भी मौजूद रहे।

**उन्नाव में बिजली गिरने से 150 भेड़ों की मौत**

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। हसनगंज तहसील क्षेत्र में रविवार देर रात बिजली गिरने से 15 भेड़ों के मारे जाने की सूचना है वहीं बीघापुर तहसील क्षेत्र के एक अति प्राचीन मंदिर के आंशिक क्षतिग्रत होने की बात प्रकाश में आई है। मुडैरा गांव में बिजली गिरने से लगभग 14 भेड़ों की मौत हुई है।

# जम्मू-कश्मीर में 13,000 करोड़ का घोटाला : कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 11 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में जल जीवन मिशन में 13,000 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है और जिस अधिकारी ने इस घोटाले का खुलासा किया उसे जूनियर स्तर के पद पर तैनाती कर दी गई और घोटालेबाजों को पदान्नति मिली है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाले का खुलासा करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अशोक परमार को दंडित कर जल शक्ति विभाग को प्रमुख सचिव से पदावनत कर एआरआई एवं प्रशिक्षण विभाग में भेजा गया है जबकि 30 वर्ष की सेवा के बाद उनका पद वित्तीय आयुक्त का होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए इस घोटाले को जी-20 सम्मेलन की आड़ में छिपाया जा रहा है। कमाल यह है कि जब अशोक परमार नाम का यह आईएएस अधिकारी गबन को सामने लाते हैं तो उनका एक साल में चार-पांच बार स्थानांतरण कर उपराज्यपाल उनको प्रताड़ित करते हैं लेकिन जो अधिकारी गबन करते हैं उनको प्रमोशन मिलता है। अनियमितताएं सबके सामने नहीं आए इसके लिए योजनाओं को बांट दिया जाता है और टेंडर से काम देने की परंपरा को अनदेखा किया जाता है।

**दो राजनेतओं पर जाती है शक की सुई**

प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 'जल जीवन मिशन' में इस घोटाले में शक की सुई दो राजनेतओं पर जाती है। इन नेताओं में पहला नाम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का है और दूसरा नाम केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का है। श्री शेखावत पर शक की सुई इसलिए घूमती है कि उन्होंने घोटाले का खुलासा करने वाले को सजा दी है।

### सरकार में घोटालों की बाढ़ आ गई है : खड़गे



मंहगाई और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पार्टी केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। जम्मू-कश्मीर में हाल ही उजागर किए गए 13 हजार करोड़ रुपए के कथित जल-जीवन घोटाले सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर पार्टी ने सरकार को घेरा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके कहाकि अब जब जी-20 की बैठक खत्म हो गई है तो मोदी सरकार को घरेलू मुद्दों पर अपना ध्यान लगाना चाहिए। मंहगाई के मोर्चे पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने दावा किया कि बीते अगस्त माह में भोजन की थाली का दाम 24 फीसदी तक बढ़ गया। बेरोजगारी दर बढ़कर 8 फीसदी पर पहुंच गई है। युवाओं का भविष्य अंधकार में है। मोदी सरकार में घोटालों की बाढ़ आ गई है।

### दिल्ली सरकार ने पटाखों पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**नई दिल्ली**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि राजधानी में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ सरकार का महिला सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला

# बालिकाओं-महिलाओं से छेड़छाड़-दुष्कर्म के आरोपियों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया है। बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी किया आदेश**

सामान्य प्रशासन द्वारा सभी विभागों, राजस्व मण्डल के अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु ऐसे अभ्यर्थी, जिनके विरूद्ध बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि से संबंधित नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध जो कि भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354, 376, 376क, 376ख, 376ग, 376घ, 509, 493, 496 एवं 498 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हों, उन्हें शासकीय सेवाओं एवं पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकरण के अंतिम निर्णय होने तक प्रतिबंधित किया जाये। राज्य सरकार द्वारा निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया है।

➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

### वरिष्ठ वकील प्रशान्त भूषण का दावा

## पांच राज्यों के चुनाव को टालना चाहती है सरकार



**नई दिल्ली**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने एक देश चुनाव को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया है। उनका दावा है कि सरकार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को टालने के लिए ही एक देश एक चुनाव का जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उल्लेखनीय हैकि 2024 के प्रस्तावित लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस साल के आखिर में पांच राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन हार की आशंका के मद्देनजर केंद्र सरकार एक देश चुनाव की बात करते हुए इन चुनावों को लोकसभा चुनाव तक टाल देना चाहती है। उन्होंने कहाकि सरकार इसका खूब प्रचार कर रही है। । लेकिन एक देश चुनाव को भारत जैसे संसदीय लोकतंत्र में लागू नहीं किया जा सकता है। क्योंकि मौजूदा संसदीय प्रणाली में बहुमत खोते ही सरकारें गिर जाती हैं और मध्यवाधि चुनाव के बाद नई सरकार बनती है। उन्होंने दावा किया कि एक देश एक चुनाव को लागू किया जाएगा तो ऐसी स्थिति बहुमत खोने पर शेष बचे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाएगा।

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ चुनाव के लिए बनाई समितियां

### चरण दास महंत चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कोर कमेटी, प्रचार समिति, संचार समिति सहित कई समितियों का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन समितियों के नामों का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि कोर समिति का संयोजक प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को बनया गया है जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दीपक बैज, टीएस सिंह देव, चरन दास महंत, ताम्रध्वज साहू और शिव कुकार दहारिया को इसका सदस्य बनाया गया है। चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष चरण दास महंत को बनाया गया है जबकि भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव, ताम्रध्वज साहू, रवींद्र चौबे,



मोहम्मद अकबर, शिवकुमार दहारिया, कवासी लक्ष्मा, प्रेमसाही सिंह टेकाम, श्रीमती अनिला भेंदिया, जय सिंह अग्रवाल, गुरु रुद्र कुमार, मोहन मारकम, पमेश पटेल, संत कुमार नेताम, ज्यात्सना महंत, राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन, फूलो देवी नेताम, केटीएस तुलसी, नंद कुमार साई, लोचन विश्वकर्मा सहित 74 लोगों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

**रवींद्र चौबे को बनाया गया संचार समिति का अध्यक्ष**

संचार समिति का अध्यक्ष रवींद्र चौबे को बनाया गया है जबकि राजेश तिवारी और विनोद वर्मा को इसका संयोजक और सुशील आनंद शुक्ला को समन्वयक बनाया गया है। सुश्री इंगरिट मैकलोड, आरपी सिंह, जयवर्द्धन बिस्सा, नीता लोधी सहित 15 लोग समिति में शामिल हैं। इसी तरह से प्रोटोकाल समिति में 25 सदस्य हैं और अमरजीत भगत को इसका अध्यख तथा शिव सिंह ठाकुर को संयोजक और अजय साहू को समन्वयक बनाया गया है।

## बायोमेट्रिक प्रणाली से धान खरीदी मुश्किल : भूपेश

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु) मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने वाली है। जिसे लेकर केन्द्र सरकार ने धान खरीदी में बायोमेट्रिक प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है। केन्द्र ने कहा है कि जिस राज्य में भी बायोमेट्रिक व्यवस्था नहीं की जाती तब उस स्थिति में वहां से चावल नहीं खरीदा जाएगा। जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अव्यवहारिक बताया है। उन्होंने इस मामले में निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा किसानों से दुश्मनी निकाल रही है। उन्होंने कहा कि यहां की भौगोलिक स्थिति बायोमेट्रिक के हिसाब से नहीं है क्योंकि दूरस्थ अंचलों में जंगलों में वहां बायोमेट्रिक खरीदी के दौरान सर्वर डाउन होने पर किसान परेशान हो जाएंगे। जिसे लेकर उन्होंने भारत सरकार को पत्र भी लिखा है कि ये व्यवस्था नहीं लागू नहीं की जानी चाहिए।



■ धमकी दे रहा केन्द्र, किसानों से दुश्मनी निकाल रही भाजपा

### रिपोर्ट — राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से खुलासा

# महाराष्ट्र, तमिलनाडु व मध्यप्रदेश में आत्महत्या की दर सबसे अधिक

**कोलकाता, 11 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में आत्महत्या के 5 प्रतिशत से अधिक मामले पांच प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किए जाते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 221 में देश में आत्महत्याएं के मामलों की कुल संख्या 1,64,33 थी।**

*एनसीआरबी रिपोर्ट ने अगस्त 2022 में इस चौंकाने वाले डेटा का खुलासा किया। सोलास नामक एक गैर-लाभकारी गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने यहां एक मीडिया सम्मेलन के दौरान भारत सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि आंकड़े चिंताजनक हैं, 2021 में देश में दर्ज की गई आत्महत्याओं में 7.2 प्रतिशत की चिंताजनक वृद्धि हुई है और कुल संख्या 1,64,033 मामलों तक पहुंच गई है। इन दुखद घटनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा मुख्य रूप से पांच राज्यों, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किया गया था।*

*रिपोर्ट में कहा गया है, कुल मिलाकर, सभी आत्महत्याओं के 50.4 प्रतिशत मामले देश के इन पांच राज्यों में दर्ज किए गए। नई दिल्ली स्थित एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या कई कारकों से हो सकती है, जैसे किसी के पेशे या करियर से संबंधित मुद्दे, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक संघर्ष, मानसिक स्वास्थ्य विकार, शराब की लत, वित्तीय असफलताएं, क्रोनिक दर्द, और भी बहुत कुछ। सोलास संकटग्रस्त लोगों को परामर्श देकर आत्महत्या से निपटने का प्रयास कर रहा है। इसने कहा कि एनसीआरबी केवल पुलिस को रिपोर्ट किए गए मामलों से आत्महत्याओं के बारे में जानकारी इकट्ठा करता है। आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों और विशेषज्ञों का मानना है कि आत्महत्या के विचार वाले व्यक्ति अपने जीवन को समाप्त करने की इच्छा के बजाय अपने दर्द से राहत चाहते हैं।*

**आत्महत्याओं में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई**

# मध्य प्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी पनिका समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग

## छत्तीसगढ़ विधानसभा में पनिका समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने का अशासकीय संकल्प हो चुका है पारित

### जिला पनिका समाज ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### विधानसभा चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ पनिका समाज सरकार पर दबाव बनाने लामबंद



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पनिका समाज छत्तीसगढ़ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेन बघेल के नाम ज्ञापन सौंप कर पनिका जाति को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति में बहाली करने की मांग की है।

जिला कलेक्टर गौरेला पेंड्रा मरवाही के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौपे ज्ञापन में छत्तीसगढ़ विधानसभा में दिनांक 03 मार्च 2023 को सर्वसम्मति से पारित अशासकीय संकल्प का जिक्र करते हुए जिला पनिका समाज ने सौंपे ज्ञापन में बताया

कि पनिका जाति अविभाजित संपूर्ण मध्यप्रदेश (छत्तीसगढ़ सहित ) में अनूसूचित जनजाति में शामिल रही है। मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 17 दिसम्बर 1971 में प्रकाशित 3818- 2050-70-71 सात, सा. -1 दिनांक 8 दिसम्बर 1971 द्वारा प्रवृष्टि 39 शुरू की गई और पनिका जाति केवल दतिया, टीकमगढ़, छत्तरपुर पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, तथा शहडोल जिलों के लिये ही आदिवासी जाति घोषित की गई। आगे बताया गया कि मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 दिनांक 8 फरवरी 1985 में प्रकाशित, मध्यप्रदेश शासन, आदिमजाति हरिजन एवं पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, भोपाल दिनांक 26 दिसम्बर 1984 क्रं. एफ-8.5 पच्चीस-4.84 के अनुसार घोषित पिछडावर्ग की अनुसूची में क्रमांक 47 में पनिका / ) पनिका (छतरपुर) पन्ना, दतिया, टीकमगढ़ सतना, रीवा, सीधी, हड जिलों को छोड़कर शेष मध्यप्रदेश के लिये शामिल रही। 03. आर. व्ही. रसेल लिखित च्ची ट्राइव्स एण्ड कास्ट ऑफ दी सेंट्रल प्राविर्सेस ऑफ इंडिया, भाग-चार पनिका खण्ड विलियम कुकस लिखित च्ची ट्राइव्स एण्ड कास्ट ऑफ दी नार्थ वेस्टर्न इंडिया, खण्ड-चार तथा डॉ. डी. एन. मजूमदार कृत दी रेसेज एण्ड कल्चर ऑफ इंडिया में दर्शित नजरी नक्शा तथा दी ट्राइवल मेप ऑफ इंडिया में पनिका जाति आदिना जाति के रूप में वर्णित उल्लेखित है।नागपुर 31मई 1948 संख्या 3662-777-12 मध्य प्रांत एवं बरार में सम्मिलित रियासतों में भू-अधिकार आदेश एवं नियम (सन् 1948 में प्रकाशित ) में क्रमांक 87 में यह जाति (पनिका) आदिम जाति के रूप में मान्य रही हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने वर्ष 2006 में अपने प्रतिवेदन मय पत्र क्रमांक 2115/ अनुजजाआ / 2005-06 दिनांक 30.03.2006 पिछड़े वर्ग में शामिल पनिका जाति को अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) वर्ग में शामिल करने की सिफारिश की। आयोग ने सिफारिश के साथ एक रपट भी संलग्न किया था जिसमें पनिका जाति को अजजा वर्ग के होने के संबंध में तथ्य दिये गये है। आयोग ने प्रदेश के सभी जिलों में निवासरत इस जाति के लोगों पर विस्तृत अध्ययन किया। जिस पर यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि सिंधु घाटी सभ्यता के साथ इस जाति का जन्म मिश्रित जाति एवं सभ्यता के लोगों के साथ हुआ है । पनिका जाति द्रविड़ श्रेणियों में जुलाही, पाका, पनका, पनवार, चिक चिकबड़ाई महतो, सबासी, आदि उपजातियों के नाम से जाना जाता है। इस जाति के रीति-रिवाज, शादी-व्याह रहन-सहन अन्य अनुसूचित जातियों के समान है। आयोग द्वारा किये गये शोध में भौतिक एवं सांस्कृतिक आधार पर ग्रामों व घरों की सजावट, घर की साफ-सफाई, स्वच्छता, आभूषण, श्रृंगार, गोदना, वस्त्र विन्यास, भोजन, घरेलू उपकरण, कृषि उपकरण, व्यसन, आर्थिक जीवन, कृषि का ढंग पशुपालन नौकरी, सामाजिक जीवन, वर्गभेद, गोत्र, नातेदारी, परिवार, पारिवारिक संबंध अंर्तजातीय संबंध, जीवन चक्र जन्म संस्कार, विवाह संस्कार मृत्यु संस्कार, धार्मिक जीवन त्यौहार, देवी-देवता, भौतिक एवं सामाजिक पहलुओं के गहन अध्ययन उपरांत आयोग ने यह निष्कर्ष दिया है कि पनिका जाति में आदिवासी होने के समस्त लक्षण विद्यमान है। अविभाजित मध्यप्रदेश में तात्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को विभिन्न दलों के 56 विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन 2 दिसम्बर 1993 को सौंपा गया था, जिसमें 8 दिसम्बर 1971 के पूर्ववत् पनिका जाति के अनुसूचित जनजातित्व बहाली की मांग की गई थी। इसके अतिरिक्त इस संबंध में राज्य एवं केन्द्रीय शासन को लगातार पत्राचार किया जाता रहा है। जिस मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य निर्मित हुआ है उक्त मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्यण विभाग वल्लभ भवन भोपाल 462004 के पत्र क्रमांक एफ 7-04/2004 / 25-5 दिनांक 17 फरवरी 2004 द्वारा मध्यप्रदेश राज्य की पनिका जनजाति को संपूर्ण मध्यप्रदेश में अधिसूचित किये जाने बाबत पत्र अनुशंसा सहित सचिव भारत सरकार अनुसूचित जनजाति कार्य मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली को लिखा गया था। पनिका / पनका जाति की संपूर्ण छत्तीसगढ़ में आबादी लगभग 12 लाख अनुमानित है जो कमोबेश छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में व्याप्त है। छत्तीसगढ़ की 90 में से लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में पनिका / पनका जाति के मतदाताओं की निर्णायक संख्या है। लेकिन पनिका जाति सामाजिक शैक्षणिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि दृष्टियों से पिछड़ी हुई है और सत्ता संगठन सभी पक्षों से उपेक्षित तिरस्कृत तिरोहित है। अतएव कृपया प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पनिका । पनका जाति को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में 8 दिसम्बर 1971 के पूर्ववत अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग की गई है।

# विधायक-कलेक्टर ने मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



### टोल फ्री नंबर 1962 पर कोई भी पशुपालक प्राप्त कर सकते हैं परामर्श

### उपकरणों, दवाईयों रखरखाव आदि का विधायक-कलेक्टर ने लिया जायजा

### टीकाकरण उपचार के लिए शिविर लगाने के एक दिन पहले मुनादि

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। विधायक डॉक्टर के के ध्रुव और कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के तीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका मुख्य उद्देश्य पशुओं की चिकित्सा सेवा वितरण को मजबूत करना है।

मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई वाहन तीनों विकासखंड मुख्यालयों पर संचालित होंगे और प्रत्येक कार्य दिवस पर दो या दो से अधिक गौठानो में रोस्टर के अनुसार शिविर लगाकर पशुओं का उपचार, टीकाकरण, सैंपल, कलेक्शन, जांच, कृत्रिम गर्भाधान एवं विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे। विधायक डॉक्टर ध्रुव और कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने पशु चिकित्सा इकाई वाहनों में रखे उपकरणों, दवाइयों एवं रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया और इस योजना का समुचित लाभ प्रदान करने के लिए शिविर आयोजित करने के एक दिन पहले मुनादी कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ वीके पटेल ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1962 पर डायल कर कोई भी पशु पालक कॉल सेंटर से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। कॉल सेंटर प्रतिदिन सवेरे 8 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। पशु चिकित्सा इकाई में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगे होने से राज्य स्तर पर वाहनों का लोकेशन ऑनलाइन देख सकेंगे। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर और एसपी ने निर्वाचन हेतु स्ट्रांग रूम के लिए कृषि महाविद्यालय चातरखार का किया निरीक्षण

**मुंगेली** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर राहुल देव ने पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के साथ आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए स्ट्रांग रूम, नियंत्रण कक्ष, ऑब्जर्वर कक्ष, विधानसभावार मतदान सामग्री वितरण तथा वापसी एवं मतगणना के लिए मुंगेली विकासखंड के ग्राम चातरखार स्थित कृषि महाविद्यालय का निरीक्षण किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र एवं मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी, बेरिकेटिंग व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था, आगमन एवं निकासी के लिए अलग-अलग रास्तों का भी चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी आधारभूत व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करें, जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराया जा सके। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो (आईएएस), अपर कलेक्टर श्री विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग में स्पेशल एजुकेटर की होगी भर्ती

बलरामपुर 11 सितम्बर 2023/ जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी दी है कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 05 विकासखण्डों में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा हेतु स्पेशल एजुकेटर के 01-01 पद पर 06 माह कार्य करने हेतु भर्ती की जानी है। इस संबंध में अभ्यर्थी 19 सितम्बर 2023 तक निर्धारित प्रारूप में जिला परियोजना कार्यालय राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन, समग्र शिक्षा संयुक्त जिला कार्यालय भवन बलरामपुर में स्पीड पोस्ट एवं पंजीकृत डाक के द्वारा आवेदन कर सकते हैं।

# जनजाति समाज के महापुरूषों के पोस्टर को फेंका

## थाना प्रभारी पुसौर से मामले की शिकायत

**रायगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। आदिवासी दिवस के अवसर पर लगे समाज के महापुरूषों के पोस्टरों को फाडकर फेंकने का मामला सामने आया है। जनजाति समुदाय के एक व्यक्ति ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी पुसौर से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है।

गत विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पुसौर के गणमान्य लोगों और समुदायों के साथ मिलकर लोगों ने पुसौर में रैली कार्यक्रम आयोजन कर बाजार चैक, बोरोडिया चैक, छींच चैक तथा बस स्टैंड में समाज के महापुरुषों और आदिवासी समुदाय के गौरव शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती के प्रतिमा युक्त बैनर पोस्टर लगाया गया था। 08 सितंबर की शाम 7 बजे के लगभग जब समाज के सीताराम चैहान निवासी ग्राम सुलोनी छींच पुसौर से अपने काम निपटाकर अपने घर सुलोनी, छींच गाँव वापिस लौट रहा था, तब रास्ते में छींच चैक पर देखा कि अनुसूचित जन जाति आदिवासी समाज के पुरखा और महापुरुषों का प्रतिमा अंकित पोस्टर को अपमानित करने के मकसद से जान बूझकर बेतरतीब ढंग से फेंक दिया गया है।

सीताराम ने वहाँ पर रुककर उक्त कृत्य के बारे में आस-पास के लोगों से जानकारी लिये जाने पर वहाँ पर लोगों से बात-चीत के दौरान पता चला कि महापुरुषों के प्रतिमा और पोस्टर को फेंक देने का यह कृत्य पुसौर निवासी सुरेन्द्र श्रीवास द्वारा किया गया है. जब बात चीत चल ही रहा था, तभी छींच चैक के पास ही रहने याला उक्त व्यक्ति सुरेन्द्र श्रीवास वहाँ पर आ गया और स्वयं ही कहने लगा कि इस पोस्टर को उसने ही फाड़ा है और चैक से दूर उसके द्वारा ही फेंक दिया गया है। उक्त व्यक्ति सुरेन्द्र श्रीवास द्वारा फिर से सीताराम के सामने ही फ्लैक्स को तोड़ दिया गया और पैरों से कुचल कर कचरे के ढेर में फेंक दिया गया है. उक्त व्यक्ति को सीताराम द्वारा ऐसा करने से मना करने पर उक्त व्यक्ति सुरेन्द्र श्रीवास पिता नानबूटी ने अपशब्द तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज किया गया है, तथा उक्त व्यक्ति के द्वारा मेरे साथ मार-पीट करने को उतारू हो गया था। सीताराम ने स्थिति भांप कर यहाँ से हट जाने में अपना सुरक्षा समझते हुए वहाँ से चला आया। तब भी उक्त व्यक्ति जोर-जोर से चिल्लाते हुए उसे गाली-गलौज करता रहा और धमकी देता रहा कि तुम रोज शाम रात में मेरे घर के सामने गुजरते हो, ज्यादा नेतागिरी मत करो, तुमको कभी भी देख लूँगा मुझे उक्त व्यक्ति के उपरोक्त कृत्य से बहुत अपमान, सदमा और पीड़ा पहुंची है।

सीताराम ने इसकी शिकायत समाज की ओर से थाना प्रभारी पुसौर से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग उठाई है। अगर समय रहते इस संवेदनशील मामले में कोई अपेक्षित कार्रवाई नही हुई तो समाज के लोग आंदोलित भी हो सकते हैं। पुलिस कप्तान को इस मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है।

# आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यो के निर्धारित समय-सीमा में संपादन हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त

मुंगेली 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल देव ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यों के निर्धारित समय-सीमा में संपादन करने के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने अपर कलेक्टर श्री विजेन्द्र पाटले को जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभाकर पाण्डेय को वेबकास्टिंग तथा वल्नरेबल मैपिंग और सेक्टर अधिकारियों से संबंधित गतिविधियां तथा संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान को डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान के कार्यों के संपादन हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अमित शाह आज...

शुरूआत से लेकर सभा और यहां से परिवर्तन यात्रा के रवाना होने तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। पूरे कार्यक्रम में लगभग 2 हजार जवानों की सुरक्षा रहेगी, जिसमें सीआरपीएफ, डीआरजी, बस्तर बटालियन, कोबरा के जवान शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक गृहमंत्री श्री शाह लगभग 2 बजकर 5 मिनट पर दंतेश्वरी मंदिर पहुंचेंगे। यहां पूजा-अर्चना के बाद हाई स्कूल सभा स्थल पर वे मौजूद होंगे। करीब 3 बजे तक यहां सभा होगी और यहीं से वे परिवर्तन यात्रा को हरी झण्डी दिखायेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस पहुंचेंगे और हेलीपैड के लिए रवाना होंगे। हेलीकाप्टर से जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहीं से लगभग 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंग।

केन्द्रीय गृहमंत्री की सुरक्षा की विशेष टीम सीपीटी दिगी से दंतेवाड़ा पहुंच चुकी है। इसमें 18 लोग शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह तीन स्तरीय सुरक्षा में रहेंगे। दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा जब जगदलपुर की ओर रवाना होगी तो 50 जवानों की अलग टीम यात्रा के साथ सुरक्षा के लिए मौजूद रहेगी। इसके साथ ही रास्ते भर रोड ओपनिंग पार्टी और अन्य सुरक्षा जवानों की टीम भी रहेगी। माना जा रहा है यह परिवर्तन यात्रा इस चुनावी माहौल में भाजपा के लिए फायदेमंद रहेगी। मांई दंतेश्वरी की धरा से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत कर भाजपा पूरे प्रदेश में नया संदेश रही है, साथ ही आदिवासी बहुल इस इलाके से माहौल बनाकर सत्ता की राह आसान बनाने की कोशिश भी हो रही है।

बालिकाओं-महिलाओं से...

जारी निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 6 के उप-नियम (4) में निम्नानुसार प्रावधान है कि कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोष सिद्ध ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परन्तु जहां तक किसी उम्मीदवार के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जायेगा।

गौरतलब है कि रा%य सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए प्रशासनिक, व्यावहारिक और विधिक कई स्तरों पर तत्परता से काम किया है। प्रदेश के 547 थानों, चौकियों में महिला सेल की स्थापना की गई है, ताकि पीड़ित महिलाएं निःसंकोच अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकें। जिला स्तर पर प्रत्येक जिले में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। प्रत्येक जिला मुख्यालय में घरेलू हिंसा एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम हेतु महिला परामर्श केन्द्र की स्थापना की गई है। राज्य के 04 बड़े जिले बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग तथा सरगुजा में महिला थाना स्थापित किया गया है। रा%य के 6 जिले रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ तथा जांजगीर-चांपा में महिला विरुद्ध अपराध अनुसंधान ईकाई की स्थापना की गई है।

रा%य सरकार के पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा हेतु अभिव्यक्ति ऐप भी लॉन्च किया गया है, जिसके एक लाख 85 हजार से अधिक पंजीकृत यूजर्स हैं। महिला सुरक्षा और अपराधों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों को चिन्हाकिंत कर संवेदनशील स्थानों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाये गए हैं। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन शोषण को रोके जाने के संबंध में प्रत्येक ईकाई में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है।

बालिकाओं और युवतियों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल-कॉलेज एवं संवेदनशील स्थानों पर महिला पुलिस पेट्रोलिंगटीम द्वारा लगातार गश्त किया रहा है। इसके साथ ही विशेषज्ञ अथवा प्रशिक्षित महिला पुलिस अधिकारियों के माध्यम से महिलाओं के विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस नं.:** TRS-BIA-23-24-HLC-05

**कार्य का नाम:** WAP-7 लोकोमोटिव में होटल लोड कन्वर्टर, ट्रांसफॉर्मर, डक्टिंग असेंबली और संबंधित मशीन रूम के फिटमेंट के लिए संशोधन।

**काम की लागत:** ₹ 22,79,752.92 (रुपये बाईस लाख उन्यासी हजार सात सौ बावन और पैसे ब्यानबे मात्र),
**बोली सुरक्षा / बयाना राशि जमा:** ₹ 45,600.00 (पैंतालीस हजार छह सौ रुपये मात्र), **कार्य की पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 06 (छह) महीने।
**निविदा समाप्ति की तिथि और समय:** दिनांक 05.10.2023 को 11:30 बजे।

**वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं:** http://www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क. च. स्टा), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भिलाई

PR/R/TRS/FL/126

South East Central Railway @secrail

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक 426/ तह./ वाचक-01/2023
नवागढ़, दिनांक 05/09/2023
रा.प्र.क्र.- 202308062200020/ अ-20/2022-23
ग्राम - नवागढ़, प.ह.नं. - 11

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय साण्डे पिता परमेश्वर जाति सतनामी, निवासी ग्राम ठकुरदिया, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम नवागढ़ प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व तहसील नवागढ़ अवस्थित भूमि खसरा नं. 872/1 में से रकबा 1000 फीट का पट्टा प्रदाय किया गया है। पट्टे से प्राप्त भूमि को शासन के योजनानुसार स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय करना चाहता है। शासन द्वारा जो शुल्क निर्धारित होगा उसे देने को तैयार हूं। लेख करते हुए न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय किये जाने के संबंध में जारी ईश्तहार प्रकाशन में आम जनता एवं अन्य दिनांक 21/09/2023 को उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/ मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
नवागढ़

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक 425/ तह./ वाचक-01/2023
नवागढ़, दिनांक 05/09/2023
रा.प्र.क्र.- 202308062200021/ अ-20/2022-23
ग्राम - नवागढ़, प.ह.नं. - 11

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश्वर केशरवानी पिता महादेव जाति केशरवानी, निवासी ग्राम नवागढ़, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम नवागढ़ प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व तहसील नवागढ़ अवस्थित भूमि खसरा नं. 1740/1 में से रकबा 1000 फीट का पट्टा प्रदाय किया गया है। पट्टे से प्राप्त भूमि को शासन के योजनानुसार स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय करना चाहता है। शासन द्वारा जो शुल्क निर्धारित होगा उसे देने को तैयार हूं। लेख करते हुए न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय किये जाने के संबंध में जारी ईश्तहार प्रकाशन में आम जनता एवं अन्य दिनांक 21/09/2023 को उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/ मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
नवागढ़

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक 423/ तह./ वाचक-01/2023
नवागढ़, दिनांक 05/09/2023
रा.प्र.क्र.- 202308062200022/ अ-20/2022-23
ग्राम - नवागढ़, प.ह.नं. - 11

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कंचनलता केशरवानी पिता भुनेश्वर जाति केशरवानी, निवासी ग्राम नवागढ़, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम नवागढ़ प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व तहसील नवागढ़ अवस्थित भूमि खसरा नं. 5840/1 में से रकबा 270 फीट का पट्टा प्रदाय किया गया है। पट्टे से प्राप्त भूमि को शासन के योजनानुसार स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय करना चाहता है। शासन द्वारा जो शुल्क निर्धारित होगा उसे देने को तैयार हूं। लेख करते हुए न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय किये जाने के संबंध में जारी ईश्तहार प्रकाशन में आम जनता एवं अन्य दिनांक 21/09/2023 को उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/ मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
नवागढ़

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक 479/ तह./ वाचक-01/2023
नवागढ़, दिनांक 05/09/2023
रा.प्र.क्र.- 202308062200023/ अ-20/2022-23
ग्राम - नवागढ़, प.ह.नं. - 11

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगीता यादव पिता/ पति रामेश्वर, जाति यादव, निवासी ग्राम नवागढ़, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम नवागढ़ प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व तहसील नवागढ़ अवस्थित भूमि खसरा नं. 5850/1 में से रकबा 1000 फीट का पट्टा प्रदाय किया गया है। पट्टे से प्राप्त भूमि को शासन के योजनानुसार स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय करना चाहता है। शासन द्वारा जो शुल्क निर्धारित होगा उसे देने को तैयार हूं। लेख करते हुए न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि स्वामित्व योजनांतर्गत क्रय किये जाने के संबंध में जारी ईश्तहार प्रकाशन में आम जनता एवं अन्य दिनांक 21/09/2023 को उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/ मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
नवागढ़

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजनांतर्गत आबंटित सैदा स्थित प्लॉट नम्बर- 164 (ए) श्रीमती उमा तिवारी पति श्री के.पी.तिवारी को ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। उक्त प्लॉट का विक्रय विलेख दिनांक 15.02.2019 को हो गया है। आबंटी द्वारा उक्त प्लॉट नम्बर को श्रीमती भावना दुबे, पति श्री रविन्द्र दुबे निवासी रामपुर कोरबा जिला कोरबा छ.ग. को विक्रय करना चाहते हैं। उक्त प्लॉट का विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु दिनांक 18.08.2023 को कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त प्लॉट के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अति.तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.नं. 36 जूना बिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202223400108400091

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 36 के अंतर्गत ग्राम जूना बिलासपुर के वर्तमान भूमिस्वामी कमल अग्रवाल पिता स्व.मदनलाल अग्रवाल पता-बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक- 171/60(0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मनीष अग्रवाल पिता स्व. मदन लाल अग्रवाल पता-टिकरापारा तह.व जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/09/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अति.तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील

Shri Mukesh Kumar Dewangan अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

## पुलिस ने चलाया अभियान

रायगढ़ 11 सितंबर (देशबन्धु)। बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए संपूर्ण रायगढ़ जिला में उप पुलिस महानिरीक्षक रायगढ़ रेंज रायगढ़ राम गोपाल गर्ग के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर साइबर अपराध से बचने हेतु साइबर प्रहरी नाम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्रं .02 बिलासपुर (छ.ग.)**

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/1878/न.पा.नि./लो.नि.वि./2023 बिलासपुर, दिनांक 11.09.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में त्रि-लिफाफा पद्धति से पी.डब्लयू डी रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 से कम या अधिक पर मुहर बंद निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट में आमंत्रित की जाती है :-

(1) निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - दिनांक 03.10.2023 सायं 4.00 बजे तक ।
(2) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय - दिनांक 03.10.2023 सायं 4.30 बजे तक।

| क्र | कार्य का नाम एवं विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 12 बिट्टू मिश्रा के घर से घनश्याम किराना तक सीसी रोड निर्माण | 2.70 | 2700/- | 750.00 रु. |

नोट :- कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा शर्तों एवं अन्य जानकारी का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा में किया जा सकता है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

# देश

**उवाच** "देश में अनेक भाषाएं हैं और उनकी विशेषता बनी रहनी चाहिए। किसी क्षेत्र विशेष में ही कुछ दूरी पर भाषा बदल जाती है लेकिन इससे नए शब्दों के प्रयोग के चलते भाषा की समृद्धि ही होती है।

–राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर,बिहार के राज्यपाल



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32 | 25 |
| मुंबई | 28 | 27 |
| कोलकाता | 31 | 27 |
| चेन्नई | 31 | 29 |

# देश के संविधान को मिटाना चाहते हैं मोदी : लालू



**देवघर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने कहा है कि जी–20 शिखर सम्मेलन के नाम पर नरेंद्र मोदी ने केवल देश का पैसा बर्बाद किया है, इससे देश को क्या फायदा हुआ है। नरेंद्र मोदी देश के संविधान को तथा बाबा साहेब के नाम को मिटाना चाहते हैं। लालू यादव सोमवार को देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम और दुमका स्थित वासुकीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। वह अपने पुराने लय में दिखे और हर मुद्दे पर खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि हमने बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ से प्रार्थना की है कि देश में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ हम सभी को ताकत दें ताकि उन्हें बचने को कोई रास्ता इन्हें नहीं मिले। भाजपा पर हमला बोलते हुए राजद सुप्रीमो ने कहा कि इन्होंने कर्नाटक में बजरंग बली को भी छला, लेकिन, उन्होंने ऐसा गदा मारा कि होश ठिकाने आ गया। लालू ने कहा कि हम सब पूजा–पाठ करने वाले लोग हैं। सबका दुख–सुख समझते हैं। सबसे बड़ा डॉक्टर तो बाबा बैद्यनाथ हैं। बाबा ने बुलाया तो हमने हाजिरी दे दी। कई और देवी–देवताओं का आशीर्वाद लेकर चुनाव के मैदान में कूदेंगे।

**शिखर सम्मेलन के नाम पर मोदी ने केवल देश का पैसा बर्बाद किया है इससे देश को क्या फायदा हुआ है : लालू यादव**

■ **राजद सुप्रीमो ने जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर केंद्र पर बोला हमला**

**देश के हालात ठीक नहीं हैं**

उन्होंने कहा कि देश के हालात ठीक नहीं हैं। लगातार महंगाई बढ़ रही है। चुनाव नजदीक आते ही नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को फिर से छलने का काम किया है, इनका जाना तय है। उपचुनाव में एनडीए की बुरी तरह पराजय हुई है। बिहार, बंगाल और झारखंड सभी जगह इन्हें हार मिली है। उनके दो दिवसीय दौरे में उनके साथ राबड़ी देवी भी थीं। दौरे के क्रम में उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और झारखंड में पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की।

**इंडिया और भारत तो हम लोग ही हैं**

इंडिया बनाम भारत के नाम पर छिड़े विवाद पर लालू यादव ने कहा कि इंडिया और भारत तो हम लोग ही हैं। उन्हें देश की जनता चुनाव में बतायेगी कि हम इंडिया हैं या भारत। उन्होंने कहा कि गैस का दाम कम करना चुनावी हथकंडा है। यह देश की संपत्ति है, इसका श्रेय मोदी क्यों ले रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन का दूल्हा कौन होगा? पत्रकारों के इस सवाल पर उन्होंने कहा कि 28 दलों को मिलाकर इंडिया गठबंधन बना है। इसी में से कोई एक इसका दूल्हा होगा। इंडिया की समन्वय समिति की बैठक दिल्ली में होने वाली है। इसमें तेजस्वी समेत अन्य नेता हिस्सा लेंगे। इस बैठक में आगे की रणनीति पर विचार होगा। दिल्ली की बैठक के बाद उम्मीदवारों के चयन का काम शुरू होगा। लालू ने कहा कि वे बिहार के विभिन्न इलाकों को भ्रमण करेंगे और देश की दयनीय हालत के लिए जिम्मेदार मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान जनता से करेंगे। देश के बेरोजगारों को, गरीबों को, बाबा साहेब के विचारों को, भारत के संविधान को तथा प्रजातंत्र को आंच नहीं आने देंगे।

## देश को विभाजित करने के लिए बुलाया विशेष सत्र : कांग्रेस



**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने सोमवार को दावा किया कि संसद का आगामी विशेष सत्र देश को बांटने और मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने के एजेंडे के साथ बुलाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि 18–22 सितम्बर के सत्र के लिए अब तक कोई एजेंडा घोषित नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने विपक्ष और संसदीय मामलों की समिति सहित किसी से भी पूछे बिना यह सत्र बुलाया है। उन्होंने पूछा, कोविड–19 संकट, नोटबंदी, मणिपुर हिंसा के दौरान ऐसा कोई विशेष सत्र नहीं बुलाया गया, तो अब क्यों। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने सोमवार को दावा किया कि संसद का आगामी विशेष सत्र देश को बांटने और मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने के एजेंडे के साथ बुलाया गया है। पटोले ने यह भी आरोप लगाया कि सत्र का उद्देश्य देश को विभाजित करना और मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने और इसे केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने की मोदी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुंबई वैश्विक महत्व का शहर है, देश का वित्तीय केंद्र है, राज्य और राष्ट्र का गौरव है, और भाजपा पिछले नौ वर्षों से व्यवस्थित रूप से इसके महत्व को कम करके इस पर नजर गड़ाए हुए है। उन्होंने कहा यह लंबे समय से चल रहा हैऽ ग्लोबल फाइनेंशियल सेंटर को गुजरात ले जाया गया, हीरा उद्योग को वहां स्थानांतरित कर दिया गया, एयर इंडिया मुख्यालय को भी हटा दिया गया है। अब, ऐसा कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र से मुंबई को अलग करने की बड़ी साजिश के तहत बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को स्थानांतरित करने की योजना है। पटोले ने यह भी तर्क दिया कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी)–कांग्रेस–राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महा विकास अघाड़ी सरकार के शासन के दौरान यह सब संभव नहीं था, यही कारण था कि इसे केंद्र सरकार और तत्कालीन राज्यपाल की मदद से गिरा दिया गया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, जब से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार सत्ता में आई है, मुंबई और महाराष्ट्र की कई बड़ी परियोजनाओं को गुजरात में हाइजैक कर लिया गया है।

## सेना की चिंता का कारण बने राजौरी व पुंछ जिले

**जम्मू,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जैसे–जैसे सर्दी नजदीक आ रही है, एलओसी से सटे राजौरी तथा पुंछ के दो जुड़वा जिले भारतीय सेना की चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। पहली चिंता इन दोनों जिलों में एलओसी पार से पाक सेना द्वारा घुसपैठ के प्रयासों में लाई जा रही तेजी है तो दूसरा घुसने में कामयाब हो चुके आतंकियों से निपटने की। यही कारण था कि सेना ने इन दोनों जिलों में एलओसी और भीतरी इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती आरंभ कर दी है। सेनाधिकारियों के बकौल, हजारों सैनिक रवाना किए जा रहे है जिनमें से कइयों को गुज्जर बक्करवाल समुदाय द्वारा सर्दियों में खाली कर दिए जाने वाले ढोकों पर कब्जे का टास्क दिया गया है। जानकारी के लिए, सर्दियों की शुरूयात के साथ ही आतंकी अक्सर ऐसे शरणस्थलों पर कब्जा जमा लेते रहे हैं जिस कारण सेना व अन्य सुरक्षाबलों को कई बार इन दोनों जिलों में भयानक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। कई बार ऐसे ढोकों को खाली करवाने की खातिर भीषण मुठभेड़ें भी हो चुकी हैं। इस बार की अतिरिक्त जवानों की तैनाती थोड़ी अलग तरह की भी है।

## कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद करेंगे

### उपराष्ट्रपति का राजस्थान दौरा आज



**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को राजस्थान के दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि राजस्थान के दौरे पर धनखड़ के साथ उनकी पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ भी साथ होगीं। एक दिवसीय दौरे में उपराष्ट्रपति करौली, भरतपुर और धौलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। करौली आगमन के बाद धनखड़ महावीर मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। उसके बाद वह गुडला पहाड़ी पहुंचकर कर्नल बैंसला जयंती महोत्सव में भाग लेंगे। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति भरतपुर के लिए रवाना होंगे और लक्ष्मण मंदिर जाएंगे तथा दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगे।

फिर वह भरतपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ मुलाकात करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान धनखड़ भरतपुर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–सरसों अनुसंधान निदेशालय का भी दौरा करेंगे और संस्थान के कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद करेंगे। वह सैनिक स्कूल के पूर्व छात्रों और सामुदायिक नेताओं से भी मुलाकात कर विमर्श करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति भरतपुर के यू.आई.टी. सभागार में एम.एस.जे. कॉलेज, आर.डी. गर्ल्स कॉलेज एवं श्री अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। उपराष्ट्रपति बाद में धौलपुर के लिए रवाना होंगे जहां मचकुंड मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगे और धौलपुर के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, कैसरबाग में छात्रों– शिक्षकों को संबोधित करेंगे। इसके बाद धनखड़ धौलपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों और सैनिक स्कूल के पूर्व सदस्यों के साथ संवाद करेंगे।

■ **करौली, भरतपुर व धौलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे भाग**

## सार संक्षेप

### मोदी का मध्य प्रदेश दौरा 14 सितम्बर को

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 14 सितम्बर को मध्य प्रदेश की प्रस्तावित यात्रा के लिए 4 केबिनेट मंत्री 'मिनिस्टर इन वेटिंग' नामित किए गए हैं। गृह, जेल एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल विमानतल पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह बीना हैलीपेड पर प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वागत करेंगे। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत प्रस्थान के समय मोदी को विदाई देंगे। प्रधानमंत्री मोदी की बीना में होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल पर लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव अगवानी और विदाई करेंगे।

### मुंबई में डिवाइडर से कार टकराई, दो युवकों की मौत

**मुंबई।** सायन इलाके के पास सोमवार सुबह एक कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। इस दुखद दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई और अन्य तीन लोग घायल हो गए। पुलिस और बीएमसी के आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ ने यह जानकारी दी। घटना सुबह करीब 4.3 बजे हुई। सीएनजी गैस से चलने वाली कार हुंडई आई 2 जब सायन से दादर की ओर तेज रफ्तार से जा रही, उसी समय डॉ.बी.आर. अंबेडकर रोड पर वह एक डिवाइडर से टकरा गई।

### नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद शहर पुलिस ने दो नशीले पदार्थ तस्करों और एक उपभोक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को इंदिरा रेड्डी नगर में आउटर रिंग रोड (ओआरआर) सर्विस रोड पर अभियान छेड़ा था। इसी दौरान हैदराबाद से नशीला पदार्थ ले जा रहे लोगों को रोका गया। उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। उनके वाहनों की तलाशी में करीब 51.45 ग्राम कोकीन क्यूब्स, 44 एमडीएमए एक्स्टसी गोलियां, आठ ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 97,5 की नकदी, पांच मोबाइल फोन और कई अन्य सामान जब्त किए। इन नशीले पदार्थों को गोवा में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

### राजकोट में श्मशान की छत गिरने से व्यक्ति की मौत

**राजकोट।** राजकोट में एक जर्जर श्मशान घाट के ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घटना दोपहर करीब एक बजे लोधिका तालुका के खिरसरा गांव में घटी। मृतक की पहचान दिनेश वागड़िया के रूप में हुई, जबकि घायलों का नाम हसमुख वागड़िया और रवि मकवाना है। श्मशान की छत को तोड़ने की प्रक्रिया में लगे हुए थे, इसी दौरान पूरी संरचना ढह गई, इससे दिनेश मलबे के नीचे दब गया।

## अरुणाचल में नेचिफू सुरंग का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

**ईटानगर,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में बलिपारा–चारद्वार–तवांग मार्ग पर बने 500 मीटर लंबे नेचिपू सुरंग का बुधवार को लोकार्पण करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सिंह जम्मू के देवक पुल से 12 सितम्बर को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश के पिश्चिमी कमेंग जिला में नेचिपू सुरंग सहित 12 विशेष बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को देश को समर्पित करेंगे। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गौरवमयी अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी 12 सितम्बर को प बलिपारा–चारद्वार–तवांग मार्ग पर बने लंबे नेचिफू सुरंग का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तुकला की उत्कृष्ट कृति यह सुरंग सैनिकों के साथ–साथ नागरिकों की तीव्र आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सुरंग लगभग पांच किलोमीटर की दूरी कम करके घने कोहरे वाले क्षेत्र में यात्रा में आसानी और कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं, जो आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सीमा सड़क संगठन ने हाल ही में 678 करोड़ की लागत से वास्तविक एलएसी से सटे क्षेत्रों में आठ सड़कें बनाई हैं। बीआरओ के एक ट्वीट में कहा गया, इन सड़कों सहित 90 परियोजनाएं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितम्बर को जम्मू के देवक ब्रिज से राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



### कमलनाथ ने मध्य प्रदेश सरकार पर बोला हमला

## भाजपा की सामूहिक विदाई का आया समय

**भोपाल,**11 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले आरोप प्रत्यारोप से सियासी परा चढ़ा हुआ है। सोमवार को पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सामूहिक विदाई का समय आ गया है। पीसीसी चीफ और पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मप्र में जिस प्रकार भाजपा के वरिष्ठ नेतागण अपने साक्षात्कारों में उनकी अपनी ही पार्टी द्वारा अपनी अवहेलना, उपेक्षा और अपमान की सरेआम बात कर रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस के प्रति जन–समर्थन देखकर भाजपा पहले ही हताश हो चुकी है और दिखावटी चुनाव लड़ रही है, इसीलिए न उसके पास रणनीति है न सेनापति। इसीलिए न वो वरिष्ठों को महत्व दे रही है न कनिष्ठों को। कमलनाथ ने आगे कहा कि भाजपा दिल्ली से ही मप्र का चुनाव संचालित करके दिखा रही है कि उसे न तो मप्र के नेतृत्व पर विश्वास है, न नेताओं और संगठन पर। उन्होंने कहा कि दूर से राजतंत्र चलाए जाते हैं लोकतंत्र नहीं क्योंकि लोकतंत्र की दिशा नीचे से ऊपर की ओर होती है; न कि ऊपर से नीचे, लेकिन ये बात अलोकतांत्रिक भाजपा की समझ में नहीं आएगी। भाजपा की सामूहिक विदाई का समय आ गया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने बड़ा आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें भिंड एसपी मनीष खत्री पर भाजपा के इशारे पर थाना प्रभारियों की पदस्थापना करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में भाजपा पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।



**कांग्रेस का जनसमर्थन देख भाजपा नेता हुए हताश : कमलनाथ**

उन्होंने लिखा कि भिंड जिले में ब्राह्मण, राजपूत समेत अधिकाशं जाति के मतदाता अपनी जातियों के प्रत्याशियों को मतदान करते है। उन्होंने लिखा कि लहार विधानसभा क्षेत्र में मेरे अनुरोध करने के बाजवूद पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने अधिकाशं थानों में ब्राह्मण थाना प्रभारियों की तैनाती कर दी। इनमें से अधिकतर थाना प्रभारियों के रिश्तेदार भाजपा के नेता है। उन्होंने कहा कि लहार, मेहगांव और अटेर में मंत्रियों के हिसाब से थानेदारों की तैनाती की गई। लहार में ज्यादातर थानेदार ब्राह्मण समाज के है। गोविंद सिंह ने लिखा कि जिस तरीके से जिम्मेदारी दी गई। थानेदारों को उससे निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है।

### नरेला में मतदाता सूची में गड़बड़ी के लगाए आरोप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने राजधानी भोपाल की नरेला विधानसभा की मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय जाकर शिकायत की। पार्टी नेता मनोज शुक्ला ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों के बारे में उन्होंने हर बूथ पर जाकर छानबीन की है। इसके बाद उन्होंने ऐसी एक सूची बनाने का दावा करते हुए ये सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में अधिकारियों को सौंपी और गड़बड़ी वाले नामों को हटाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी मतदाता सूचियों का सत्यापन नहीं कर रहे और सूचियों में गलत मतदाताओं के नाम दर्ज हैं जिससे विधानसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी इन्ही फर्जी वोटों से चुनाव जीत रही है।

## वन, पर्यावरण व हरियाली के बिना समाज की कल्पना असंभव : केसीआर

**हैदराबाद,**11 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने वन शहीद दिवस पर कहा कि वन, पर्यावरण और हरियाली के बिना हम समाज की कल्पना नहीं कर सकते। इसीलिए हमने तेलंगाना के शुरुआती दिनों में संतुलित पर्यावरण के लिए योजनाएं तैयार की हैं। अब एक दशक के उस संकल्प का परिणाम हम तेलंगाना में देख रहे हैं। सरकार ने वनों को बहाल कर हरियाली बढ़ाने का निर्णय लिया है।



उन्होंने कहा कि आज हम तेलंगानाकु हरितहरम कार्यक्रम के सभी वर्गों के समर्थन से आश्चर्यजनक परिणाम देख रहे हैं। हैदराबाद जैसे कंक्रीट शहर में भी हरियाली में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण हैदराबाद को इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चरल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन द्वारा प्रस्तावित वर्ल्ड ग्रीन सिटी अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ है। वहीं, वन संरक्षण मिशन के साथ काम करने वाले 22 अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवानी पड़ी।

■ **केसीआर ने वनों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी**

### प्रकृति संरक्षण हमारा प्राथमिक मिशन

केसीआर ने कहा कि कितना भी विकास हो जाए, कितनी भी टेक्नोलॉजी बढ़ जाए, प्रकृति संरक्षण हमारा प्राथमिक मिशन है। हम ग्लोबल वार्मिंग को पर्यावरण की दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा उपाय न करने के परिणाम के रूप में देख रहे हैं। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने साथ–साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी इस ग्रह पर रहने के अधिकार की रक्षा करें। इस दिशा में वन विभाग के प्रयास सराहनीय हैं। आइए तब तक मिलकर काम करें जब तक हम हरित तेलंगाना के लिए अपने लक्ष्य 33 प्रतिशत हरितता को हासिल नहीं कर लेते।



## नीतीश ने जनता दरबार में सुनीं जसमस्याएं

**पटना,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डाक कर्मियों की मिलीभगत से डाकघर में जमा की गई राशि का गबन किए जाने की शिकायत पर कड़ा रुख इख्तियार करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कुमार से सोमवार को यहां 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में सीतामढ़ी जिले से आये एक व्यक्ति ने गुहार लगाई कि उन्होंने अपनी बेटी के नाम पर डाकघर में 85 हजार रुपए जमा किए थे। जब वह राशि की निकासी करने गए तो वहां के कर्मचारियों ने बताया कि उनके खाते में एक भी पैसा नहीं है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री से किशनगंज जिले से आई एक महिला कहा कि उनके पति मदरसा बोर्ड में नौकरी करते थे, उनका निधन होने के बाद अब तक अनुकंपा पर नौकरी नहीं मिल पाई है।

## मेकेदातु परियोजना को केंद्र सरकार ने नहीं दी अनुमति : सिद्धारमैया

**मैसूर,**11 सितम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी नदी पर मेकेदातु जलाशय के निर्माण को मंजूरी देने में देरी का आरोप लगाते हुए सोमवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधा और पड़ोसी राज्य तमिलनाडु पर इस मुद्दे पर अनावश्यक उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया।



■ **तमिलनाडु पर अनावश्यक उपद्रव पैदा करने का लगाया आरोप**

कर्नाटक मेकेदातु परियोजना को लागू करने के लिए दबाव बना रहा है और उसका कहना है कि बारिश के संकट के समय दोनों राज्यों के बीच कावेरी जल विवाद का यही एकमात्र समाधान है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मेकेदातु परियोजना के लिए अनुमति नहीं दी है। तमिलनाडु के पास परियोजना का विरोध करने का कोई कारण नहीं है। यह हमारे क्षेत्र में है, तमिलनाडु को 177.25 टीएमसी जल आबंटित किया गया है और हमें सामान्य वर्षों में उन्हें इतना ही पानी छोड़ना पड़ता है। संकट के समय, मुश्किल वक्त के फार्मूले का पालन किया जाना चाहिए।

सिद्धारमैया ने तमिलनाडु पर मेकेदातु परियोजना के संबंध में अनावश्यक रूप से उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक द्वारा डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) प्रस्तुत करने के बावजूद अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें (केंद्र को) कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (अनुमति देने के लिए) से कहना होगा, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि वे इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करेंगे लेकिन वे यहां आते हैं और राजनीति करते हैं।

### ऐलान — वनकर्मियों को मध्य प्रदेश सरकार की सौगात

# वन्यप्राणी सुरक्षा में जान गंवाने वालों को मिलेंगे 25 लाख

भोपाल, 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वन और वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में जान गंवाने वाले वन विभाग के कर्मचारियों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 1 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने का ऐलान किया है। भोपाल में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर राज्य वन शहीद स्मारक का लोकार्पण करते हुए।

मुख्यमंत्री चौहान ने वनकर्मियों को कई सौगातें दी और कहा, वन विभाग के अमले को 5,000 रुपए वर्दी और 1,000 रुपए का पौष्टिक आहार भत्ता भी दिया जाएगा।

वन विभाग के महावत, कटर जैसे अल्प वेतन भोगी और अनियमित कर्मचारियों की मुख्यमंत्री निवास में बैठक बुलाकर उनकी समस्याओं के निराकरण और कल्याण एवं बेहतरी के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में प्रति वर्ष राष्ट्र वन शहीद दिवस उद्देश्यपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने नवनिर्मित वन भवन में आयोजित वन महोत्सव में 44 शहीद वन कर्मियों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा शाल–श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।



■ **राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर राज्य वन शहीद स्मारक का किया लोकार्पण**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन सम्पदा का बखूबी संरक्षण किया है। चौहान ने कहा कि ग्लोबल वार्मिग और क्लाइमेट चेंज के खतरे यह सिद्ध करते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के लिए दुनिया को भारत के बताए रास्ते पर ही चलना होगा। मत्स्य–पुराण में कहा गया है कि दस कुओं के बराबर एक बावड़ी होती है, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब होता है, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। भारतीय संस्कृति में वृक्ष को ईश्वर, पिता और दस पुत्रों के बराबर माना गया है। हम तुलसी, पीपल, आंवला को काटना अशुभ मानते हैं। यदि पेड़–पौधे नहीं रहेंगे तो मानव जीवन भी नहीं रहेगा। देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र मध्य प्रदेश में है, जो राज्य के क्षेत्रफल का 30 प्रतिशत और देश के कुल वन क्षेत्र का 12.30 प्रतिशत है। वन्य–प्राणियों की सुरक्षा में भी हम आगे हैं। मध्य प्रदेश देश का टाइगर स्टेट तो है ही यहां तेंदुआ, घड़ियाल, गिद्धों की संख्या भी पर्याप्त है।

साथ ही चीतों का भी पुनर्स्थापन हुआ है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर वनों की सुरक्षा की, राष्ट्र उनका ऋणी है। वन कर्मी अपने परिवार से दूर रहकर कठिन परिस्थितियों में खतरों के बीच अपने कर्तव्य निभाते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने प्रदेश में वन और वन्य–प्राणियों की सुरक्षा के लिए अधिक कठोर कानून बनाने की आवश्यकता बताई तथा सम्पूर्ण वन भवन, वन विभाग को उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री चौहान का आभार माना।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 12 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मीडिया से बचते मोदी

एक ओर तो रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में उभरे अनेक अंतरराष्ट्रीय मसलों के बारे में खबरें आ रही हैं, तो वहीं ये पहलू भी सामने आया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को मीडिया से बात करने की इजाजत नहीं दी थी। शिखर सम्मेलन के पहले तथा मोदी-बाइडेन मुलाकात के बाद प्रेस अमेरिकी राष्ट्रपति से बात करना चाहता था, लेकिन उन्हें ऐसा करने नहीं दिया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वियतनाम पहुंचकर यह जानकारी दी जिसे लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम नरेश ने तंज कसते हुए आरोप लगाया है कि 'पीएम मोदी बाइडेन से कह रहे हैं कि न प्रेस कांफ्रेंस करूंगा, न करने दूंगा।' (प्रेस कांफ्रेंस नहीं करेंगे और न ही आपको करने देंगे)। अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ने जो कुछ वियतनाम में कहा उसके मुताबिक उन्होंने (बाइडेन ने) मोदी से मानवाधिकारों के सम्मान और एक मजबूत समृद्ध देश के निर्माण में नागरिक संस्थाओं और स्वतंत्र प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को उठाया था।

यह अपने आप में बड़ा विरोधाभास है कि एक ओर तो बाइडेन स्वतंत्र प्रेस की भूमिका याद दिला रहे हैं और स्वयं मोदी उतनी ही तेजी से उनकी सीख को दरकिनार करते हुए मीडिया से न स्वयं बात करते हैं और न ही अपने मेहमान को बात करने दे रहे हैं। पहली बात तो यह है कि एक राष्ट्रपति को दूसरे सम्प्रभु मुल्क के राष्ट्राध्यक्ष से यह कहने की आखिर ज़रूरत ही क्यों पड़ी कि वे मानवाधिकारों का सम्मान करें और नागरिक संस्थाओं व स्वतंत्र मीडिया की भूमिका को समझें। क्या अपने देश को हर घड़ी 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले राष्ट्रप्रमुख से इस बात की उम्मीद नहीं की जानी चाहिये कि वे इन तथ्यों को पहले से जानें? फिर, एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष को क्या यह सीख दी जाने की आवश्यकता इसलिये पड़ गई क्योंकि उसे इस बात का इल्म है कि मेजबान देश में ऐसा नहीं हो रहा है? यानी घर आया मेहमान जानता है कि आप मानवाधिकार का सम्मान नहीं करते, यह देश नागरिक संस्थाओं की भूमिका से अनभिज्ञ है और यहां मीडिया आज़ाद नहीं है।

सम्भव है कि भारत का विदेश मंत्रालय इस बात का कोई जवाबी बयान जारी करे या फिर यह भी हो सकता है कि वियतनाम दौरे के समापन अवसर बाइडेन जब मीडिया को विस्तार से सम्बोधित करें तो इस बाबत और भी खुलासा करें। अमेरिका का विदेश मंत्रालय भी वाशिंगटन से ऐसा कर सकता है। जो भी हो, बाइडेन का यह बयान भारत के लिये शर्मिंदगी लेकर आया है। वह इसलिये कि यहां होते मानवाधिकारों के हनन, नागरिक संस्थाओं व मीडिया की आज़ादी को लेकर गम्भीर स्थिति बन गई है। अधिक कष्टप्रद तो यह है कि जो कुछ भी बाइडेन ने कहा, उसका प्रमाण मोदी स्वयं और तत्काल दे रहे हैं। कदाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कुछ कहा उसका आधार उन तक पहुंचती भारत की इस आशय की खबरें हो सकती हैं। इसके अलावा जून में मोदी जब अमेरिका गये थे तब भी उनसे बार-बार निवेदन किया गया था कि बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वे साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करें। मीडिया ही नहीं, सभी तरह के मंचों पर सवालों से भागने वाले मोदी इससे मुकरते रहे। एक बड़े दबाव के अंतर्गत मोदी इसके लिये राजी तो हो गये परन्तु केवल दो सवाल लेने के लिये तैयार हुए थे। उनसे भारत में होते अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और देश में धार्मिक आजादी पर होने वाले हमलों से सम्बन्धित प्रश्न किये गये थे। यह भी पूछा गया था कि वे इससे निपटने के लिये क्या उपाय कर रहे हैं। सवालों का तार्किक व सिलसिलेवार उत्तर देने की बजाय प्रधानमंत्री ने उसी गोलमाल ढंग से बात की जिसके लिये वे जाने जाते हैं। इसके साथ ही उनकी भारतीय जनता पार्टी तथा मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों की ट्रोल आर्मी ने सवाल करने वाली मुस्लिम मीडियाकर्मी पर आलोचना की इस कदर बौछारें की कि बाइडेन प्रशासन तक को उसके बचाव में उतरना पड़ा था।

मोदी की पिछली यात्रा जब हुई थी, उसके पहले मणिपुर में साम्प्रदायिक हिंसा के मामले सामने आने लगे थे, धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत की रैंकिंग काफी नीचे जा चुकी थी जिसके सम्बन्ध में कई रिपोर्टें मिल रही थीं तथा हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने बतला दिया था कि मोदी के प्रश्रय से गौतम अदानी दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना है। इन तमाम विषयों पर उनसे अमेरिकी मीडिया बात करना चाहता था लेकिन जिन मोदी साहब ने खुद के देश में 2014 यानी पीएम की कुर्सी सम्भालने के बाद से कभी प्रेस कांफ्रेंस नहीं की है वे अमेरिका में प्रेस कांफ्रेंस करने के लिये कैसे आसानी से तैयार हो सकते थे जबकि यहां मीडिया का बड़ा हिस्सा सरकार समर्थक है। 2021 में तो खुद बाइडेन एक तरह से व्यंग्य स्वरूप कह चुके थे कि 'अमेरिकी मीडिया की तुलना में भारतीय मीडिया का व्यवहार काफी अच्छा है' (स्वाभाविकत: मोदी ने इस पर रजामंदी दिखलाई थी)। कुल जमा यह देश के लिये शर्मनाक स्थिति है कि मीडिया से उनके बचने की चर्चा देश के बाहर उस व्यक्ति के द्वारा की जाये जिसकी आवभगत में आपने पलक पांवड़े बिछाये थे तथा राजशाही को मात देने वाली आवभगत की थी। मोदी की मीडिया से बचने की हरकतें न सिर्फ भारतीय लोकतंत्र के लिये बेचैनी पैदा करने वाली हैं, बल्कि यह एक चुनी हुई सरकार द्वारा किया जाने वाला गैरजिम्मेदाराना रवैया है। मोदी को चाहिये कि वे मीडिया से वार्ताएं करें क्योंकि लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व संवाद ही है।

# उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत

जी-20 के अनुपातहीन तमाशे की चकाचौंध से मोदीराज ने जिन बहुत सी अप्रिय सच्चाइयों को एक हद तक कामयाबी के साथ छुपाया है, उनमें एक सच्चाई प्रधानमंत्री मोदी और उनके नेतृत्व में चल रही संघ-भाजपा की जोड़ी के घटते जन-समर्थन की है। इसी सच्चाई का एक और सबूत, जी-20 के शुरू होने से ऐन पहले आए, छ: अलग-अलग राज्यों में हुए सात विधानसभाई सीटों के उपचुनाव के रूप में सामने आया है। बेशक, सभी जानते हैं कि आम तौर पर उपचुनावों में और खासतौर पर विधानसभाई उपचुनावों में, सत्ताधारी दलों के लिए अनुकूल स्थिति रहती है और इसलिए उप-चुनावों के नतीजों में बहुत ज्यादा अर्थ नहीं पढ़ा जाना चाहिए। फिर भी, देश के छ: अलग-अलग राज्यों में एक साथ हुए उपचुनावों के संकेतों को, महज स्थानीय मामला मानकर अनदेखा करना किसी भी तरह से तार्किक नहीं होगा। इन नतीजों के वृहत्तर संकेतों को पढ़ने से तब इंकार करना तो और बेतुका होगा, जब ये चुनाव देश के पैमाने पर बढ़ते तथा तीखे होते हुए राजनीतिक ध्रुवीकरण के संदर्भ में हो रहे थे, जिसकी अभिव्यक्ति विपक्षी मंच इंडिया के गठन के रूप में हो रही है।

इंडिया की मुंबई बैठक में, जो हाल के विधानसभाई उप-चुनावों से ठीक पहले, 31 अगस्त तथा 1 सितंबर को हुई थी, 28 राजनीतिक पार्टियों ने हिस्सा लिया था। बेशक, इस बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में ही ''मिलकर लड़ने'' का संकल्प लिया गया था और वह भी जहां तक बन पड़े एकजुट होने का ही निश्चय किया गया था और अगले चंद महीनों में होने जा रहे चार राज्यों के महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों तक की चर्चा नहीं की गई थी, तब विधानसभाई उपचुनावों के लिए औपचारिक रूप से एकजुट होने का तो सवाल ही कहां उठता है। इसके बावजूद, विधानसभाई चुनावों या उपचुनावों की चर्चा नहीं होना या आम चुनाव में भी ''जहां तक बन पड़े...एकजुट होने'' की ही बात करना भी, सत्ताधारी मोदी निजाम की ज्यादा से ज्यादा उजागर होती सांप्रदायिक तानाशाही के खिलाफ, विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा एकजुट होने के प्रवाह को नकारता नहीं है बल्कि उसकी जटिलताओं को पहचान कर, उनके बीच से अधिकतम एकता हासिल करने के प्रयास की, यथार्थवादिता को ही दिखाता है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि छ: राज्यों में नतीजों ही नहीं, जमीन पर राजनीतिक कतारबंदियों की सारी भिन्नता के बावजूद, इन उपचुनावों के नतीजों से एक वृहत्तर हैडलाइन, जी-20 के शोर के नीचे मीडिया में बहुत तक दब जाने के बावजूद, ''इंडिया 4, एनडीए 3'' यानी इंडिया के भारी पड़ने की ही बनी है। दूसरी ओर एनडीए के लिए सबसे अनुकूल हैडलाइन भी इसका दावा करने से आगे नहीं जा सकी है कि, 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' यानी मुकाबला बराबरी पर छूटा! कहने की जरूरत नहीं है कि यह भी मोदीराज के लिए इंडिया की उपस्थिति से गंभीर चुनौती आने को तो दिखाता ही है, जबकि अभी तक इंडिया की तीन बैठकें ही हुई हैं और जनता के मुद्दों पर जन अभियान का सिलसिला तो अभी शुरू भी नहीं हुआ है।

सभी जानते हैं कि इन उप-चुनावों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल तथा केरल की एक-एक सीट यानी कुल चार सीटें भाजपा-विरोधी पार्टियों के खाते में गई हैं, जबकि त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट भाजपा ने अपनी झोली में डाल ली है, हालांकि त्रिपुरा में उसने जिस खुल्लमखुल्ला धांधली से इन सीटों पर कब्जा किया है, इसकी हम जरा बाद में चर्चा करेंगे। यह अलग से कहने की जरूरत नहीं है कि सभी सात सीटों पर, भाजपा या उसके सहयोगी दल के उम्मीदवार मैदान में थे और उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद, इस उपचुनाव में नतीजा वाकई 4 बनाम 3 का रहा है। फिर भी 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' की हैडलाइन का इस सीमित अर्थ में कुछ औचित्य माना जा सकता है कि उपचुनाव से पहले, इन सात में से



राजेन्द्र शर्मा

> इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी।

तीन सीटों पर ही भाजपा का कब्जा था, जबकि चार सीटों पर भाजपा-विरोधी दलों का कब्जा था और उपचुनाव के बाद भी स्कोर जस का तस रहा है! वैसे यह भी अर्द्ध-सत्य ही है क्योंकि उत्तर प्रदेश की घोसी सीट का विधायक, दलबदल करा के भाजपा के अपनी झोली में डाल लेने से ही, उस सीट पर उपचुनाव हो रहा था।

जैसा कि हमने पीछे कहा, इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी कि भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) को दोनों सीटों पर चुनाव निरस्त करने की मांग करनी पड़ी थी और चुनाव आयोग द्वारा सुनवाई ही नहीं किए जाने पर, उसे मतगणना के बहिष्कार का भी ऐलान करना पड़ा था। मतदान के पहले और मतदान के दिन, सत्ताधारी दल के पालतू गुंडों के आतंक, हिंसा तथा अपने प्रतिस्पर्द्धियों के कार्यकर्ताओं व पोलिंग एजेंटों पर हमलों की भीषणता का अंदाजा, एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि बॉक्सानगर में सीपीआई (एम) के सिर्फ 16 और धनपुर में 19 पोलिंग एजेंट ही, अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच पाए थे और जल्द ही उन्हें भी मार-पीट कर तथा डरा-धमकाकर मतदान केंद्र छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। वोट की इस खुली लूट के बाद, भाजपा ने खुद को बॉक्सानगर विधानसभाई क्षेत्र में कुल 89 फीसद वोट लेकर विजयी घोषित करा लिया, जबकि इसी फरवरी में हुए विधानसभाई चुनाव में इस सीट पर भाजपा को सीपीआई (एम) उम्मीदवार ने ठीक-ठाक अंतर से हराया था। दूसरी विधानसभाई सीट, धनपुर पर हालांकि भाजपा की ओर से लड़ते हुए केंद्रीय मंत्री, प्रतिमा भौमिक ने फरवरी के चुनाव में जीत हासिल कर ली थी और बाद में उनके इस्तीफा देने के बाद ही यह सीट खाली हुई थी, इस सीट पर भाजपा का 71 फीसद वोट लेकर जीतना भी, अब तक के चुनावों के इतिहास में अभूतपूर्व है। ये नतीजे, बड़े पैमाने पर धांधली का ही संकेत करते हैं। और त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और वोट की लूट का यह पहला मामला भी नहीं है। वास्तव में 2018 के आरंभ में भाजपा के इस राज्य में सत्ता में आने के बाद से, हरेक चुनाव में यही कहानी दोहराई जाती रही है। इस फरवरी में हुआ विधानसभाई चुनाव में जरूर, तब चुनाव आयोग की सख्ती की वजह से, इस धांधली तथा लूट पर एक हद तक अंकुश लगा था और इसके नतीजे में भाजपा का गठजोड़ साधारण बहुमत के आंकड़े से नीचे फिसलते-फिसलते बचा था। सत्तारूढ़ भाजपा ने इसका बदला, चुनाव नतीजे आने के फौरन बाद, विपक्ष तथा खासतौर पर सीपीआई (एम) के खिलाफ हिंसा व आतंक की भयावह मुहिम से लिया था और अब उप-चुनाव में उसी का विस्तार देखने को मिला। विडंबना यह है कि सत्ता के सहारे, विपक्षी कम्युनिस्टों को कुचलने के लिए हिंसा, आतंक तथा दमन और खुली चुनाव धांधली का यह खेल, भाजपा ने बंगाल के ममता राज से सीखा लगता है।

शेष पांच विधानसभाई सीटों में से केरल की पुथपल्ली सीट पर, जो परंपरागत रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे यूडीएफ के पूर्व-मुख्यमंत्री, ओमन चांडी की परंपरागत सीट रही थी और उनके निधन से खाली हुई थी, उनके बेटे ने यूडीएफ की ओर से सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट के बल पर प्रभावशाली जीत दर्ज कराई है, जबकि राज्य में उसके प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले, एलडीएफ का उम्मीदवार मुकाबले में रहा है। यहां भाजपा वास्तविक मुकाबले से बाहर ही थी और उसका उम्मीदवार बहुत पीछे तीसरे नंबर पर रहा है, जहां वह अपनी जमानत भी जब्त करा बैठा। इसके विपरीत, प. बंगाल में धूपघुड़ी के उपचुनाव में, तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज कराई है, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। यहां भाजपा अगर संतोष हासिल कर सकती है तो इसी बात का कि इससे पहले हुए सागरदीघी के उपचुनाव के विपरीत, यह चुनाव भाजपा के उत्तरी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्य चेलेंजर के बने रहने को दिखाता है। सागरदीघी उपचुनाव में वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार ने, तृणमूल कांग्रेस से सीट छीन ली थी और भाजपा काफी दूर तीसरे स्थान पर खिसक गई थी।

शेष तीन सीटों का चुनाव व्यावहारिक माने में विपक्षी गठबंधन इंडिया और सत्ताधारी गठजोड़ एनडीए के बीच रहा था। इनमें से उत्तराखंड में, सत्तारूढ़ भाजपा ढाई हजार से कम वोट के अंतर से बागेश्वर सीट पर, अपने दिवंगत मंत्री की पत्नी को उम्मीदवार बनाकर, सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट और प्रशासन के दुरुपयोग के सहारे, किसी तरह से सीट बचाने में कामयाब रही। दूसरी ओर, उसे मुख्य चुनौती दे रहे कांग्रेस उम्मीदवार को, लगभग सारा भाजपा-विरोधी वोट मिला। समाजवादी पार्टी समेत अन्य पार्टियां कुछ सौ वोट तक ही सिमट गईं। इसकी उल्टी तस्वीर झारखंड में देखने को मिली, जहां डुमरी सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार ने, भाजपा-समर्थित आजसू उम्मीदवार को 17,513 हजार से ज्यादा वोट से करारी शिकस्त दी। झामुमो उम्मीदवार को समूचे विपक्ष का समर्थन हासिल था और सहानुभूति का लाभ भी मिला।

बहरहाल, इस चक्र में सबसे दिलचस्प और मानीखेज नतीजा, उत्तर प्रदेश में घोसी सीट का रहा। यह सीट, पिछले विधानसभाई चुनाव में प्रभावशाली अंतर से समाजवादी पार्टी के निशान पर जीते, दारासिंह चौहान के दलबदल कर भाजपा में शामिल हो जाने पर, विधानसभा से इस्तीफा देने से खाली हुई थी। भाजपा ने चुनाव के बाद मंत्री बनाने की मंशा जताने के साथ, दारासिंह चौहान को अपने निशान पर चुनाव में उतारा था और मुख्यमंत्री योगी समेत, अनेक मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को चुनाव प्रचार में उतारकर, एक प्रकार से अपनी पूरी ताकत चौहान को जिताने के लिए लगा दी थी। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभसपा) और संजय निषाद के नेतृत्व में निषाद पार्टी को अपने पाले में कर के भाजपा, अपने परंपरागत वोट के साथ राजभर व निषाद जैसे पिछड़े समुदायों का वोट जोड़ने और दूसरी ओर अल्पसंख्यक मतदाताओं को आतंकित करने के सहारे, अपनी जीत पक्की मानकर चल रही थी। लेकिन, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की, 42,759 वोट से जीत ने दिखा दिया कि मोदी-योगी के डबल इंजन राज की पकड़ से, उत्तर प्रदेश का जन-मानस, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की उसकी सारी तिकड़मों के बावजूद, तेजी से फिसलता जा रहा है। याद रहे कि यह सिलसिला 2019 के आम चुनाव से ही जारी है, जिसका 2022 के चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने के बावजूद, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन की सीटों व वोट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के रूप में काफी असर दिखाई दिया था। साफ है कि विपक्षी एकता की तमाम सीमाओं के बावजूद, जनता इंडिया के गिर्द विकल्प गढ़ने की ओर बढ़ रही है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त

■ डॉ. ज्ञान पाठक

28 विपक्षी राजनीतिक दलों के नवगठित इंडिया गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले 39 राजनीतिक दलों के नवीनीकृत एनडीए ने अभी-अभी अपनी पहली चुनावी लड़ाई का फल चखा है। जिन छह राज्यों में उपचुनाव हुए उनमें से 4 में इंडिया गठबंधन मजबूत होकर उभरा है, सात में से 4 सीटें जीतीं, और 4 में से 3 क्षेत्रों में भाजपा और एनडीए पर बढ़त हासिल की है।

सितंबर 2023 विधानसभा उपचुनाव 7 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए हुए- पूर्वी क्षेत्र में झारखंड में डुमरी और पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में त्रिपुरा में बॉक्सानगर और धनपुर, उत्तर प्रदेश में घोसी और उत्तरी क्षेत्र में उत्तराखंड में बागेश्वर, और दक्षिणी क्षेत्र केरल में पुथुप्पल्ली। इंडिया गठबंधन ने जो 4 सीटें जीतीं, वे धूपगुड़ी, डुमरी, घोसी और पुथुपल्ली थीं, जबकि एनडीए ने जो 3 सीटें जीतीं, वे बॉक्सानगर, धनपुर और बागेश्वर थीं।

परिणाम का एक और महत्वपूर्ण पहलू भी उल्लेखनीय है - इंडिया गठबंधन द्वारा जीती गई सभी 4 सीटें उसके विभिन्न घटकों द्वारा जीती गईं- जैसे कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी में जीत हासिल की, जेएमएम ने झारखंड में डुमरी में, सपा ने उत्तर प्रदेश में घोसी में, और केरल में कांग्रेस ने पुथुपल्ली में। यह स्पष्ट रूप से अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन सहयोगियों के बीच बेहतर सीट बंटवारे की व्यवस्था का संकेत देता है।

> राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है। सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

उत्तर प्रदेश और झारखंड में सीट बंटवारे की व्यवस्था की सफलता और इसके परिणामस्वरूप उपचुनाव में उत्साहजनक नतीजों से अब इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा से मुकाबला करने के लिए देश भर में सीट बंटवारे के लिए प्रेरित होना चाहिए। उपचुनावों के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि इंडिया गठबंधन सहयोगी न केवल सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने में सक्षम हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने में भी सक्षम हैं।

इसके विपरीत, एनडीए द्वारा जीती गई सभी 3 सीटें वास्तव में भाजपा द्वारा जीती गईं, जो कि अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति भाजपा नेतृत्व के बड़े भइये रवैये को दर्शाता है, जो पहले तो उनके साथ पर्याप्त संख्या में सीटें साझा नहीं कर सकता है और दूसरी बात यह है कि गैर-भाजपा एनडीए सहयोगी हालांकि संख्या में इंडिया गठबंधन सहयोगियों से ज्यादा हैं, चुनावी दृष्टि से महत्वहीन साबित हुए हैं। कुल मिलाकर भाजपा अपने ही दम पर है।

त्रिपुरा और उत्तराखंड में उच्च सांप्रदायिक ध्रुवीकरण सर्वविदित है, जिससे भाजपा को क्रमश: 2 और 1 सीटें जीतने में फायदा हुआ। पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश और केरल में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण काम नहीं आया। यह स्थिति भाजपा के लिए काफी चिंताजनक है और इंडिया गठबंधन के लिए उत्साहवर्धक। प्रधानमंत्री मोदी के तथाकथित करिश्मे को घटते हुए और आरएसएस-भाजपा कबीले के हिंदुत्व प्रचार के कमजोर होना को- सभी बड़े राज्यों में देखा गया है। यह भाजपा नेतृत्व के लिए एक अतिरिक्त चिंता का विषय है, खासकर पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश के संबंध में, जहां कुल मिलाकर 136 लोकसभा सीटें हैं। केरल लोकसभा में 20 सीटें भेजता है और भाजपा को वहां हासिल करने के लिए कुछ भी नहीं है। त्रिपुरा और उत्तराखंड लोकसभा में केवल 2 और 5 सांसद भेजते हैं। जाहिर है, लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री मोदी के लिए इन उपचुनावों में हार का विशेष महत्व है।

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से काफी उम्मीदें लगाये बैठे हैं, जहां भाजपा ने 2019 के चुनाव में क्रमश: 18 और 62 लोकसभा सीटें जीती थीं। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन अभी भी इतना मजबूत है कि उसे आसानी से हराया नहीं जा सकता। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में अपना दबदबा कायम कर लिया है और प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ठोस अभियानों के बावजूद उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा मजबूत और विजयी हुई है।

टीएमसी नेता निर्मलचंद्र रॉय ने धूपगुड़ी में भाजपा की तापसी रॉय को 4309 वोटों के अंतर से हराया, डुमरी में जेएमएम की बेबी देवी ने आजसू पार्टी की यशोदा देवी को 17,153 वोटों के अंतर से हराया, और सपा के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह चौहान को 42,759 वोटोंअंतर से हराकर घोसी सीट जीती। जीत का अंतर बताता है कि भाजपा ने झारखंड और उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन काफी हद तक खो दी है, जिससे इंडिया गठबंधन को फायदा हो रहा है। जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है, भाजपा को टीएमसी ने स्पष्ट रूप से मात दे दी है।

उत्तर प्रदेश के नतीजे सपा और इंडिया गठबंधन के लिए काफी उत्साहवर्धक हैं। विधानसभा चुनाव 2022 में सपा को 1,08,430 वोट मिले थे जबकि भाजपा को 86,214 वोट मिले थे। सपा के वोट बढ़कर 1,24,427 हो गये जबकि भाजपा के वोट घटकर 81,668 रह गये। यह केंद्र और राज्य में भाजपा नेतृत्व के लिए बेचैन करने वाला है, जो एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा की बढ़ती अलोकप्रियता और दूसरी ओर सपा और उसके नेता अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत देता है।

झारखंड में, विधानसभा चुनाव 2019 में71,128 वोटों के मुकाबले झामुमो को वर्तमान उपचुनाव में 1,00,317 वोट मिले। हालांकि, 2019 में प्राप्त 36,840 वोटों के मुकाबले, आजसू पार्टी 83,164 वोट हासिल करने में सफल रही, शायद इसलिए कि उसे भाजपा के समर्थन से लाभ मिला। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर चुनाव लड़ा था और उसे 36,013 वोट मिले थे। कहने की जरूरत नहीं है कि एनडीए का वोट शेयर ज्यादा नहीं बढ़ सका, जबकि जेएमएम और इस तरह इंडिया गठबंधन ने भारी बढ़त हासिल की है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका लगा है, क्योंकि भाजपा ने यह सीट विधानसभा चुनाव 2021 में टीएमसी के 1,00,333 के मुकाबले 1,04,688 वोट हासिल कर जीत ली थी। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि दोनों पार्टियां अपनी जमीन खो रही हैं- भाजपा को केवल 93,304 वोट और टीएमसी को केवल 97,613 वोट मिले। टीएमसी के मुकाबले भाजपा तेजी से अपनी जमीन खो रही है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई (एम) ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है।

सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

## पावन प्रसंग

### आध्यात्मिक मार्ग है-योग

योग विद्या भारतभूमि की अमूल्य विरासत है। प्राचीनकाल से लेकर अब तक इस देवभूमि पर तपस्वियों, ऋषियों, योगियों, साधकों ने अपने साधना-तप पुरुषार्थ से योग की पुनीत परंपराओं को जाग्रत व पुष्ट बनाए रखा है। इसी धरा ने समूचे विश्व के समक्ष आत्मानुसंधान की प्रणाली के रूप में इस जीवन विज्ञान का अनावश्यक किया है। भारतीय जीवन-सिद्धांतों में योग का मार्ग शाश्वत और सनातन है। इस पर चलने वालों के लिए यह साधना-पथ सदैव ही परम कल्याणकारी रहा है। जिन्होंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्हेंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्होंने योग मार्ग पर चलकर तपकर साधक, सिद्ध और योगी के रूप में विश्व मानवता के जीवन-पथ को आदिकाल से प्रकाशित एवं गतिमान बनाए रखने का कार्य किया है।

विगत कुछ दशकों में योग को लेकर भारत ही नहीं, अपितु समूचे विश्व में एक नई क्रांति और जाग्रति का वातावरण बना है। शिक्षा, चिकित्सा और समाज कल्याण से जुड़े संस्था- संस्थानों में प्राथमिकता से योग के शिक्षण प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार, शोध-साधना आदि के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। योग को लेकर अनेक स्वतंत्र संस्थान व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के विस्तार को गति दे रहे हैं। 21वीं सदी में योग के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ते आकर्षण और रुचि को देखते हुए यदि इसे योगक्रांति की सदी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अब योग केवल साधना मार्ग वालों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि चिकित्सा, कॅरियर, व्यवसाय, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौंदर्य आदि अनेक क्षेत्रों में इसका विस्तार स्पष्टता से देखा जा सकता है।

जीवन-विद्या की सर्वोत्कृष्ट प्रणाली के रूप में प्राचीनकाल से चली आ रही योगविद्या का आधुनिक युग में इतना बहुआयामी विस्तार और विकास अत्यन्त गर्व की अनुभूति कराने वाला है, लेकिन योग के ऐसे आधुनिक विस्तार के साथ इस पुनीत प्राचीन परंपरा में कुछ विसंगतियां भी दिखाई देने लगी है, जो हम सभी के लिए चिंता और चिंतन का विषय है। यह सर्वप्रत्यक्ष है कि हमारी आधुनिक सभ्यता पर किस तरह भोगवाद की प्रवृत्ति हावी है। व्यक्ति स्वयं को केंद्र में रखकर संसार की हरेक चीज को सुख-संसाधन और उपभोग की वस्तु बनाने पर आतुर है। ऐसी प्रवृत्ति से ग्रस्त समाज में एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो योग को भी व्यावसायिकता का एक नया क्षेत्र समझता है।

योग की शिक्षा,डिग्री, प्रमाणपत्र, उपाधि आदि प्रदान करने वाले संस्थानों की भी उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य, चिकित्सा और कॅरियर को लेकर भारी संख्या में युवाओं का इस ओर आकर्षण बढ़ा है। समय की मांग की दृष्टि से यह अच्छा प्रयास है लेकिन चिंता की बात यह है कि योग की इस आधुनिक शिक्षा प्रक्रिया में इस चैतन्य विज्ञान का जीवन के साथ अंतर्संबंध एवं मूल उद्देश्य कहीं खोता सा नजर आ रहा है।

आदिकाल से इसका शिक्षण-प्रशिक्षण व मूल्यांकन का कार्य ऋषि स्तर के तपस्वियों, अनुशासित योगियों, शिष्यों, साधकों अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित कसौटियों में भी कहीं कोई छूट का प्रावधान नहीं रखा गया है। इसलिए आचार्य की योग्यता और शिक्षार्थी की पात्रता, दोनों योग के उद्देश्य पूर्ति की आवश्यक और अनिवार्य शर्तें हैं। यहां इस चिंतन की आवश्यकता है कि योग की शास्त्रीय अवधारणाओं, विचारों, सिद्धांतों की जानकारी अथवा योग क्रियाओं के कुछ बाह्य पक्ष की कुशलता प्राप्त करा देने मात्र से योग लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता और न ही कोई सार्थकता सिद्ध होती है, लेकिन वर्तमान में योग शिक्षा की यही सच्चाई पहचान बनते जा रही है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### पंजाब में नशे के खिलाफ सख्त हो सरकार

नशा नाश करता है।पंजाब में इन दिनों नशे का कारोबार फलफूल रहा है। सरकार और पुलिस की ढुलमुल नीतियों के कारण पंजाब में नशे कारोबारियों के हौसले बुलंद है। पंजाब में नशे का कारोबार शबाब पर है। लेकिन सरकार और पुलिस इस तरफ ध्यान नही दे रहे है। इस तरह नशे का कारोबार चलता रहा तो नवयुवा बर्बाद हो जाएंगे।पंजाब के किसान विश्व का पेट भरने के सक्षम है। नशे में फंसे किसानों के लिए बडी आफत है। नशे को खत्म करने के लिए अमृतसर में एक नौजवान सड़क पर उतर कर सरकार को जागृत करने की मुहिम छेड़ दी है। अमृतसर में चौक चौराहे पर बैनर तले नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है। लेकिन सरकार को कोई लेना देना नही है।अमृतसर में वन मैन शो प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस मुहिम से सरकार नशे के कारोबारियों को पकड़ कर सजा कर सके। लिहाजा,उस युवक ने ठान ली है कि जब तक नशे के कारोबारियों को सलाखों के पीछे नही धकेल देता हूँ। सुकून से बैठ नही सकता हूं। नशा के कारोबारियों को रोकने के लिए पंजाब में री हैबीटेशन सेंटर खोंलने की आवश्यकता है। नशा से कई पीढियां बर्बाद होती है। सरकार को सख्त रवैया अपनाना होगा। पूर्व मंत्री मजीठिया ने आप विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप नेता और नशे कारोबारियों में सांठगांठ है। पंजाब में नशे के खिलाफ ऐंटी ड्रग्स कमेटियां भी एक्टिव हो गई है। गांवो में मुहिम तेज कर दी है। सरकार की उदासीनता को दूर करने के लिए ये कमिटियां आग में घी का काम कर रही है। नशे के कारोबारियों पर भी शिंकजा कसा जा रहा है। पंजाब में नशे की रोकथाम नही की गई तो वो दिन दूर नही ,जब घर घर नशेड़ी मिलने शुरू हो जाएंगे। सरकार इस तरफ ध्यान देकर नशे कारोबारियों की धरपकड़ कर उनकी जगह बताई जाए।

**कांतिलाल मांडोत सूरत**

उल्टा पुल्टा

**पहला कैदी** - तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
**दूसरा कैदी** - बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
**पहला कैदी** - वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
**दूसरा कैदी** - वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें,
बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

## परिजनों ने नर्स और कंपाउंडर पर लगाया आरोप, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक से दस्तावेज किये जब्त








**बिलासपुर ,** 11 सिंतबर (देशबन्धु)। कथित आयुर्वेदिक डिग्री के जरिए एलोपैथी इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के लापरवाही से मरीज की मौत होने का आरोप परिजनों ने लगाया है। मन्नाडोल निवासी कलिंद्री बाई सूर्यवंशी की तबीयत रविवार शाम से खराब थी। उसे उल्टी दस्त की शिकायत थी। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सोमवार सुबह करीब 11 बजे तिफरा काली मंदिर रोड स्थित संजीवनी क्लिनिक लेकर पहुंचे। जहां उस वक्त डॉक्टर नितिन वी योगी मौजूद नहीं था। डॉक्टर की गैर मौजूदगी में नर्स और कंपाउंड ने ही मरीज का इलाज शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि मरीज को कोई इंजेक्शन लगाया गया और फिर ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई गई, लेकिन इस बीच कलंद्री बाई की तबीयत बिगड़ने लगी और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। इसी दौरान वहां डॉक्टर नितिन योगी पहुंच गया, जिसने मरीज की बिगड़ती हालत देखकर परिजनों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वे उसे कहीं और लेकर जाए। कलंदरी बाई के निकट रिश्तेदारों का आरोप है कि इसी दौरान कलिंदरी बाई की मौत हो चुकी थी। उसकी मौत के बाद भी पल्ला झाड़ने के लिए डॉक्टर नितिन योगी उन पर दबाव बनाने लगा कि वे मरीज को लेकर उसके क्लीनिक से कहीं और चले जाए। जब परिजन नहीं माने तो डॉक्टर ने जबरन एक ऑटो में मरीज की डेड बॉडी रखवा दी। परिजनों का यह भी आरोप है कि इस बीच डॉक्टर नितिन योगी ने कथित तौर पर सिरगिट्टी पुलिस से फोन पर बात कर परिजनों पर महिला को कहीं और ले जाने के लिए दबाव बनवाया, लेकिन इस बीच बात फैल गई और फिर यहां जन प्रतिनिधि भी पहुंच गए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर जांच के लिए पहुंची, जिन्होंने कई दस्तावेज जप्त कर लिए हैं और मामले की जांच कर रही है। हैरानी तो इस बात की है कि स्वास्थ्य विभाग की कथित निगरानी के बावजूद शहर के मुख्य मार्ग पर एक कथित आयुर्वेद का डॉक्टर बाकायदा एलोपैथी का इलाज कर रहा है, जिसका दावा है कि मरीज की हालत पिछले दो दिनों से खराब थी उसे उल्टी दस्त की तकलीफ थी। इलाज के दौरान उसका ब्लड प्रेशर लो था, इसलिए उसे इंजेक्शन लगाया गया। उसकी हालत फिर भी नहीं सुधरी इसलिए वह उसे किसी और अस्पताल भेजना चाहता था। इस दौरान संजीवनी क्लीनिक के संचालक डॉक्टर नितिन योगी ने मीडिया कर्मियों के साथ भी बदसलूकी की और उन पर अपनी खीज निकाली, लेकिन फिर यहां भीड़ लग गई और जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे तो दबाव में प्राथमिक तौर पर मरीज के परिजनों को डॉक्टर द्वारा 50,000 का मुआवजा दिया गया है। इसी के साथ डॉक्टर नितिन योगी के खिलाफ जांच कमेटी भी बनाई गई है । पुलिस ने भी मर्ग कायम कर जांच रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। बिलासपुर और आसपास न जाने ऐसे कितने झोलाछाप डॉक्टर है जो किसी भी अर्जी – फर्जी डिग्री के सहारे एलोपैथी इलाज कर रहे हैं। अक्सर ग्रामीण ऐसे डॉक्टरों पर भरोसा कर लेते हैं, जिस कारण उनकी जान पर आ बनती है। यह दरअसल स्वास्थ्य विभाग की बड़ी नाकामी है कि उनकी नाक के नीचे इस तरह के झोलाछाप डॉक्टर पनप रहे हैं। डॉक्टर नितिन योगी के पास भी आयुर्वेद की डिग्री है, वह भी असली है या नकली, कहना मुश्किल है, जिसके सहारे वह एलोपैथी का इलाज कर रहा था । जाहिर है उसने अपराध किया है फिर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम यह कह रही है कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई होगी।

क्या उन्हें आरंभिक तौर पर यह नजर नहीं आ रहा कि कैसे भला एक बीएएमएस डिग्री धारी एलोपैथी इलाज कर रहा था ? इसलिए पूरे मामले में परिजनों को इस बात पर काम ही यकीन है कि उन्हें न्याय मिल पाएगा। वह तो मीडिया और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए थे, इसलिए उन्हें ?50,000 का मुआवजा मिल गया, नहीं तो उन्हें धमकाकर भगाने की पूरी तैयारी डॉक्टर नितिन योगी और उनके कर्मचारियों ने कर ली थी।

## संपादकीय

### केन्द्र से धान-चावल सम्बन्धी सालाना विवाद

छत्तीसगढ़ सरकार का केन्द्र से धान या चावल उपार्जन के मामले में मानों हर वर्ष का तयशुदा विवाद हो। कभी पूल में चावल की मात्रा को लेकर हो या कभी बोरों की आवश्यकता से कम की सप्लाई तो कभी केन्द्र की ओर से रा%य को राशि का भुगतान वक्त पर न होना या बिलकुल ही न होना। केन्द्र व रा%य सरकारें जब अलग-अलग सियासी पार्टियों की हों तो ऐसा अक्सर होता देखा गया है। धान छग का प्रमुख कृषि उत्पाद है। यहां की अर्थव्यवस्था और विकास में चावल उत्पादन की बड़ी भूमिका होती है। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में लोग कृषि कर्म में लगे हुए हैं। उनकी भी आमदनी का सीधा सम्बन्ध धान उत्पादन से है।

चूंकि छग सरकार की एक प्रमुख गतिविधि धान की खरीदी है, इस नाते यह भी कहा जा सकता है कि धान खरीदी का मामला छत्तीसगढ़ की ऐसी कमजोर रग होती है जिसे दबाकर उसे परेशान किया जा सकता है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी सरकार इस काम में विशेष रूप से माहिर है। उसे पता है कि कौन से विषय पर किस रा%य को किस तरह से परेशान किया जा सकता है- अगर वह विरोधी दलों की हो। अलग-अलग रा%यों के मामलों में वह भिन्न-भिन्न तौर-तरीके अपनाती है। छग के मामले में भी ऐसा है। ज़रूरी नहीं कि सारे मुद्दों पर रा%य सरकार गलत हो लेकिन केन्द्र के पास उपलब्ध ताकत का फायदा मोदी सरकार अक्सर उठाती दिखाई देती है। जब से रा%य में कांग्रेस की सरकार बनी है, शायद ही कोई साल ऐसा गया हो, जब धान उपार्जन या फिर चावल के मामले में दोनों सरकारों के बीच टकराव न हुआ हो।

इस साल रा%य सरकार ने 1 नवम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ करने का ऐलान कर दिया है जो 28 फरवरी, 2024 तक जारी रहेगी। इस बार खरीदी बायोमेट्रिक सिस्टम से होगी। लक्ष्य 125 लाख टन धान क्रय करने का है। शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में जानकारी दी गयी कि पांच लाख किसानों ने अपना पंजीयन भी करा लिया है। पिछले वर्ष 24 लाख से %यादा पंजीकृत किसान थे, जिनमें से करीब ढाई लाख नये थे। यह इस बात का प्रतीक है कि रा%य में लोगों की कृषि मे रुचि बढ़ रही है। किसानों की मांग पर नये खरीद केन्द्र खोलने का फैसला भी छग सरकार ने लिया है।

कैबिनेट ने यह भी ध्यान में लाया है कि रा%य को भारतीय खाद्य निगम से 2205.30 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रुपए चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। साथ ही एक ऐसी व्यवस्था बानाने की ज़रूरत है जिससे हर साल जो विवाद होते हैं, वे न उठें।

## सार-संक्षेप

### स्वीप के तहत शैक्षणिक संस्थानों में होगा पोस्टकार्ड अभियान

**बिलासपुर ,** 11 सिंतबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी महाविद्यालयों एवं शालाओं में 21 सितंबर को पोस्टकार्ड एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में संस्था के छात्र-छात्राएँ अपने माता-पिता को आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु पोस्टकार्ड एवं पत्र लेखन लिखेंगे। उक्त पत्र लेखन पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा अपने माता-पिता को घर जाकर यह पोस्टकार्ड सौपेंगे एवं माता-पिता से मताधिकार के प्रयोग के संबंध में शपथ पत्र प्राप्त करेंगे।

मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में पुरस्कार की विभिन्न श्रेणियाँ निर्धारित की गई है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ पोस्टकार्ड लेखन वाली संस्थाओं, सर्वाधिक शपथ पत्र उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं, कार्यक्रम की सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफ्स एवं सर्वश्रेष्ठ वीडियोग्राफी, सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज एवं सोशल मीडिया में अपलोड किए गए सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफ्स और वीडियो के लिए पुरस्कार दिये जाएंगे।

### 3 सजग प्रहरियों को डीआरएम ने किया सम्मानित



**बिलासपुर** 11 सितंबर ( देशबन्धु) ।संरक्षित रेल परिचालन रेलवे प्रशासन की पहली प्राथमिकता है ।संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से संरक्षा से संबन्धित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं 7 इसके साथ ही मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ उत्कृष्ट संरक्षित कार्य करते हुये संरक्षा सुनिश्चित करने में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा प्रहरियों को प्रोत्साहित करने हेतु संरक्षा पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है ।इसी कड़ी में विगत दिनों लोको पायलट विकास कुमार व सहायक लोको पायलट दीपक कुशवाहा ने ड्यूटी के दौरान जूनाडीह-गेवरारोड के मध्य रेल फ्रेक्चर देखा तथा मालगाड़ी को तुरंत रोक कर इसकी सूचना संबंधित स्टेशन प्रबंधक को देकर गाड़ी का संरक्षित परिचालन कराया ।इसी प्रकार ड्यूटी के दौरान यातायात सहायक अकलतरा संतोष कुमार ने अकलतरा स्टेशन से गुजरती मालगाड़ी के बोगी में ब्रेक ब्लॉक असेंबली का हेंगिग पार्ट देखा तथा इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधक को देकर गाड़ी को संरक्षित किया । इस प्रकार इन कर्मचारियों की सतर्कता व उत्कृष्ट संरक्षा कार्य से संभावित दुर्घटना टली।आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने इन सभी संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इनकी उत्कृष्ट, सराहनीय व संरक्षित भरे कार्य की प्रशंसा की गई तथा इसी उत्साह के साथ भविष्य में भी कार्य करते रहने की शुभकामनायें दी गई । इस अवसर पर वरि.मंडल यांत्रिक अभियंता आर रंगाराव भी उपस्थित थे ।

# जल जीवन मिशन योजना के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे सेक्टर एक्सपर्ट

### कार्यों के प्रगति के संबंध में ग्रामीणों से की विस्तृत चर्चा

### ग्राम जल स्वच्छता समिति को दिए आवश्यक निर्देश




**बिलासपुर ,** 11 सिंतबर (देशबन्धु)। जिले में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के लिए राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के सेक्टर एक्सपर्ट डॉ. एसके कुलश्रेष्ठ एवं डॉ. शिशिर बसेर विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम मोढ़े, पण्डाकांपा, चनाडोंगरी एवं समडील के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने कार्यों के प्रगति के संबंध में ग्रामवासियों से विस्तृत जानकारी ली गई। निर्माणाधीन पानी टंकी एवं निर्मित एफएचटीसी का निरीक्षण किया गया। जल बहनियों से जल गुणवत्ता के संबंध में जानकारी तथा ग्राम पंचायत विद्यमान फिल्ड टेस्ट किट से मौके पर जल गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। योजना के कार्य पूर्ण होने के उपरांत योजना के सफल संचालन संधारण हेतु ग्राम जल स्वच्छता समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता यूके राठिया, एसडीओ अरूण भार्गव, सब इंजीनियर एसपी साकेस, पीएन मिश्रा, केमस्टि आशीष डोंगरे, जिला समन्वयक आशीष सिंह ठाकुर, आईएसए के प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर उत्पल एवं टीपीआई ग्रीन डिजाईन से सुनील खरे उपस्थित थे।

# कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

### केंटीन पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे की मांग



**बिलासपुर ,** 11 सिंतबर (देशबन्धु)। डीपी विप्र विधि महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर छात्र संघ द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया और उन्हें महाविद्यालय के ग्रंथालय में बुक की कमी एवं बैठने की समस्या पार्किंग में पार्क करने की व्यवस्था नहीं है न ही केंटीन में न ही पार्किंग में सीसी टीवी कैमरे है । महाविद्यालय के समस्त कक्षाओं का समय सारिणी निर्धारित रूप से जारी की जय तथा महाविद्यालय में प्रधायपको की कमी को पूरा करने के लिए कहा गाया एवं 10 दिनों का अल्टिमेटम दिया गया निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर चरण बद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी। प्राचार्य डॉ अन्नू भाई सोनी द्वारा 10 दिनों में समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया । ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अखिलेश साहू, पुष्पराज साहू, अमित धृतलहरे, भूपेंद्र साहू, अजय, अवनीश, चंद्रेश बंजारे, राहुल तिवारी, राम, मुकेश, नंदिनी दरवे, वीना प्रसाद, कविता चंद्रा, अंकिता कांछी, आदि उपस्थित रहे।

# तृतीय लिंग समुदाय और दिव्यांगजनों की शहर में निकली रैली

### मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

### शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान नारों से गूंज उठा शहर

### कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी, रैली की अगुवाई कर मतदान के लिए किया प्रोत्साहित



**बिलासपुर ,** 11 सिंतबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के पर्व चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने शहर में आज दिव्यांगजनों और तृतीय लिंग समुदाय के नागरिकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं रैली में भाग लिया और सभी का हौसला बढ़ाया। शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान नारों से पूरा शहर गूंज उठा। इस मतदाता जागरूकता रैली की अनुगूंज निश्चित तौर पर दूर तलक जाएगी। यह रैली जिला कार्यालय से शुरू होकर शासकीय देवकीनंदन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में समाप्त हुई। इस रैली में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री अजय अग्रवाल, दिव्यांग आइकॉन लोक कलाकार श्री लीलाधर भांगे, तृतीय लिंग वर्ग के अध्यक्ष श्री विजय अरोड़ा, बड़ी संख्या में दिव्यांगों और तृतीय लिंग समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया।

रैली के पश्चात् आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि हम अपने अधिकारों के प्रति तो सजग रहते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं रहते हैं। मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है। पांच सालों में यह दुर्लभ अवसर हमें मिलता है। उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील करते हुए अपने आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करने कहा। जिले में मतदान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थाएं यह सुनिश्चित करें कि जो भी विद्यार्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वो मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। साथ ही जिले के आदर्श आइकॉन, सामाजिक संगठन एवं तृतीय लिंग समुदाय भी इस कार्य में अपनी अधिक से अधिक सहभागिता निभाएं। आज मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अंतिम दिन है। आप सभी लोगों के प्रयासों से हम अवश्य शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। कलेक्टर ने सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वीप के तहत शत-प्रतिशत मतदान-बिलासपुर का अभिमान के लिए निकाली गई रैली में भाग लेने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों और समाज कल्याण विभाग के कला पथक दल ने मतदाता जागरूकता गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन आरजे सुश्री फिजा और संस्कृति ने किया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी ओम पांडेय, समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# रेत खदानों के आबंटन के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

बिलासपुर , **11 सिंतबर ( देशबन्धु )। जिले** अंतर्गत तहसील बिलासपुर के ग्राम पंचायत/ग्राम लोफंदी के खसरा नंबर 01 रकबा 20 हेक्टेयर, ग्राम पंचायत/ग्राम कछार खसरा नंबर 1344 रकबा 10 हेक्टयेर तथा मस्तूरी तहसील के ग्राम पंचायत/ग्राम कुकुरदींकला खसरा नंबर 678/1 रकबा 11 हेक्टेयर क्षेत्र पर रेत खदान समूहों का आबंटन नये नियमों के तहत 05 वर्षो की अवधि हेतु बंद लिफाफा में नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है।

पूर्व में निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 11 सितम्बर 2023 से 19 सितम्बर 2023 तक रखा गया था। 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी का स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने के कारण उक्त तिथि को संशोधित कर दिनांक 20 सितम्बर को सवेरे बजे से शाम 4 बजे तक बोली स्वीकार की जाएगी। रेत खदान आबंटन हेतु प्राप्त बंद लिफाफे को जिला स्तरीय समिति के समक्ष दिनांक 22 सितम्बर 2023 को सवेरे 10.30 बजे से मंथन सभाकक्ष कलेक्ट्रेट परिसर बिलासपुर में खोला जाएगा। उक्त नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के तहत की जा रही है, जिसमें एक से अधिक बोलीदारों द्वारा समान न्यूनतम बोली होने की स्थिति में सफल बोलीदार का चयन लॉटरी पद्धति द्वारा किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### सरस्वती स्कूल में निकला बेबी कोबरा, किया गया रेस्क्यू

कोरबा, 11 सितंबर (देशबन्धु)। दर्री क्षेत्र के शिवनगर रूमगरा में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आज सुबह एकाएक भय का माहौल उत्पन्न हो गया जब क्लॉस के बाहर एक शिक्षक की नजर प्रवेश द्वार के किनारे बैठे बेबी कोबरा सांप पर पड़ी। उसे भगाने की कोशिश किया तो फन फैला कर एक जगह बैठ गया। अनहोनी की आशंका से डरे शिक्षकों ने इसकी जानकारी वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेन्द्र सारथी को दिया। जितेन्द्र सारथी ने विद्यालय पहुंच कर बड़ी सावधानी से बेबी कोबरा का रेस्क्यू किया तब जाकर बच्चों के साथ शिक्षकों ने राहत की सांस ली और जितेन्द्र सारथी का धन्यवाद ज्ञापित किया। जितेन्द्र सारथी ने बताया बड़े सांपों से ज्यादा गुस्सैल और आक्रामक छोटे (बेबी) सांप होते हैं, ये काटने पर पूरा जहर सामने वाले के अंदर छोड़ देते हैं, जबकि बड़े (व्यस्क) सांप अपना जहर सोच समझकर छोड़ते हैं।



### नवीन शासकीय महाविद्यालय रामपुर का उद्घाटन आज

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नवीन शासकीय महाविद्यालय रामपुर का उद्घाटन 12 सितंबर को दोपहर 12 बजे शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रामपुर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत करेंगी। विशिष्ट अतिथि विधायक ननकीराम कंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला श्रीमती सुनीता देवी कंवर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कमला राठिया, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती डालीबाई पटेल और सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर विनय सिंह राठिया होंगे। इसी तरह नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली का उद्घाटन 14 सितंबर को दोपहर 12 बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

### प्रदेश प्रभारी होरा एवं संयोजक वर्मा ने ली कांग्रेस सोशल मीडिया की बैठक

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की गतिविधियां तेज हुई हैं। इसी तारतम्य में कोरबा जिला की निर्धारित बैठक में युवाओं को सोशल मीडिया की ताकत और बढ़ रहे प्रभाव के बारे में एवं नई कार्यकारिणी हेतु युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी गुरमीत सिंह होरा व संयोजक अनूप वर्मा के विशेष आथित्य में बैठक हुई। महेश मैत्री जिला समन्वयक युवा कांग्रेस सोशल मीडिया ग्रामीण के नेतृत्व में युवाओं ने एकजुट होकर सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार द्वारा किये जा रहे जनहित कार्यो एवं विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। संकल्प लिया गया कि फिर एक बार कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ में बनाएंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रूबी तिवारी, प्रदेश महासचिव सज्जाद आलम, जिला महासचिव मधुसूदन दास, प्रहलाद, पूर्व महासचिव दीपक दास, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोनी, प्रदेश संयोजक दीपक साहू, मितेश यादव, गोपाल कंवर, हीरा पैकरा, विवेक शुक्ला, लक्ष्मी बंजारे, निखिल राठौर, विनोद मरकाम, शिवम श्रीवास, दुष्यंत सिदार सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### इंदिरा विहार महिला मंडल ने मनाया जन्माष्टमी

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। इंदिरा विहार महिला मंडल द्वारा कृष्णा जन्माष्टमी मनाया गया। बच्चों ने कृष्णा राधा बनकर डांस एवं गाने के प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती रश्मि श्रीवास ने श्रीकृष्ण के मूर्ति पर फूल माला अर्पित कर शुरुआत की। इस कार्यक्रम में सचिव मुक्ता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूमिका अग्रवाल, शशि अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, ज्योति मित्तल, सीमा अग्रवाल, डॉक्टर सब्बरवाल, मधुलता रजवाड़े,मोनिका अग्रवाल,मुक्ता अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी बच्चों को प्राइज देकर सम्मानित भी किया गया,अध्यक्षा रश्मि श्रीवास ने कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद किया और भोग प्रसाद का वितरण किया।

### फूड फॉर हंगर के तहत पूड़ी-सब्जी का वितरण

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब एवरेस्ट ने पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से राष्ट्रीय एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित नेशनल लोक अदालत में सुदूर वनांचल क्षेत्र एवं दूर-दूर से आये प्रार्थियों तथा उपस्थित जन समुदाय को प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत पूड़ी-सब्जी का वितरण किया। क्लब के अधिवक्ता सदस्य संतु साहू ने लोक अदालत में आये प्रार्थियों को उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया, जिससे उनकी समस्या का निराकरण आसानी से हो सका। इस अवसर पर लायंस क्लब एवरेस्ट के संरक्षक सुधीर सक्सेना, अध्यक्ष शिव जायसवाल, सचिव डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष गजेंद्र राठौड़, शांता मडावे, नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारिया, हनी सक्सेना, अश्वनी बुनकर, संतु साहू, मनोज मिश्रा, देवेश मिश्रा एवं रोहित राजवाड़े ने भी योगदान दिया।

### चुनावों में जनता के मुद्दे गायब - पवन

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा है कि आने वाले दिनों में पांच राज्य में चुनाव होना है। कुछ दिन पूरे देश में धार्मिक समीकरण, जातिय समीकरण उफान पर रहेंगे जबकि जनता के मुद्दे शिक्षा की समानता, चिकित्सा की समानता, रोजी-रोटी कपड़ा और मकान के मुद्दे गायब रहेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का उद्देश्य है कि वन नेशन वन एजुकेशन हो जहां अमीर और गरीब दोनों का बच्चा एक स्कूल में पढ़े। इसी प्रकार स्वास्थ्य सुविधा सबके लिए एक समान होनी चाहिए लेकिन आज पूरे देश में सरकारी संस्थाओं को बदनाम कर उसे बेचा जा रहा है क्योंकि सत्ता में जो लोग बैठे हैं उन्हीं के प्राइवेट स्कूल और हॉस्पिटल हैं। उनको भली-भांति मालूम है कि सरकारी सिस्टम ठीक हो गया तो हमारी दुकान बंद हो जाएगी। श्री वर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंद्रयान 3 की सफलता का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है। नरेंद्र मोदी इसरो को बंद करने या बेच डालने के लिए इसरो के फंड में लगातार कटौती कर रहे हैं जिस कारण इसरो अपने वैज्ञानिकों को 17 महीने से वेतन नहीं दे पाया है। श्री वर्मा ने आह्वान किया है कि देश में जाति व धर्म से ऊपर उठ कर अपने बीच के मेहनतकश वर्ग के प्रतिनिधि को मतदान करना चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छत्तीसगढ़ में 30 सीटों से ज्यादा पर चुनाव लड़ेंगी। कोरबा के चारों विधानसभा से चुनाव लड़ा जाएगा।

### जितेन्द्र अध्यक्ष, तारकेश व श्रीकांत सचिव बनाए गए

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। रानी गेट दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में बैठक आयोजित कर इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव मनाने की रूपरेखा एवं नई समिति पर चर्चा हुई। विगत वर्ष 2022 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किए जाने के उपरांत इस वर्ष दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष का दायित्व जितेन्द्र सिंह राजपूत को सौंपा गया। समिति के अन्य पदाधिकारी का चयन किया गया।

# राशन-पानी लेकर एसईसीएल के खिलाफ आर्थिक नाकाबंदी

## 54 गांवों के हजारों भू-विस्थापितों ने डेरा डाला, कोयला परिवहन के बाद साइलो भी ठप किया





**रात में भी सडकों पर डटे रहे किसान, महिलाएं और बच्चे**

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित भू-विस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों,जमीन वापसी, पट्टा, बसाहट एवं प्रभावित गांवों की समस्याओं को लेकर 54 गांव के भू-विस्थापितों ने हजारों की संख्या में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। सुबह कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने एकत्रित होकर रैली निकाली और पहले कुसमुंडा थाना के पास कोल परिवहन की गाडियों को रोका। उसके बाद खदान से निकलने वाले सभी तीनों मार्ग को बंद कर कोयले की एक भी गाड़ी को अंदर या बाहर आने-जाने नहीं दिया। शाम होते होते रेल और साइलो बंद कर दिया गया। हजारों ग्रामीणों ने सडक़ पर ही डेरा डाल दिया है और यहीं पर भोजन करने के साथ विश्राम भी कर रहे हैं।

इससे पहले आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में अनाज संग्रहण, मशाल जुलूस और अधिकार यात्रा का जत्था निकालकर सहयोग मांगा गया था। आंदोलन को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भी समर्थन दिया है। आर्थिक नाकेबंदी में माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा सभी क्षेत्रों के भू-विस्थापितों के लंबित रोजगार,जमीन वापसी,पट्टा,बसाहट एवं समस्याओं के निराकरण के लिए एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है जिससे सब्र का बांध टूट चुका है। अब सभी भू-विस्थापित संगठन अपने अधिकार के लिए एकजुट हो रहे हैं। किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, भू-विस्थापित संघ के नेता रेशम यादव,दामोदर,रघु,संतोष राठौर, दिलहरण दास, कोमल खर्रे, देव कुमार पटेल, सुमेंद्र सिंह ठकराल,जय कौशिक आदि के नेतृत्व में भू-विस्थापित अब निर्णायक निर्णय के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठ गए हैं। समाचार लिखे जाने तक यह प्रदर्शन जारी है और मौके पर ही भू-विस्थापित खाना बनाने के साथ आराम भी कर रहे हैं। इस मामले में प्रबंधन की ओर से कोई भी बयान अथवा पक्ष जारी नहीं किया गया है वहीं दूसरी ओर भू-विस्थापितों ने कहा है कि उनके पक्ष में जब तक निर्णय नहीं होगा तब तक कोयला परिवहन बंद रहेगा।

### की जा रही है यह मांग

**किसान सभा और भू-विस्थापित संगठ्नों की मांग है कि वन टाइम सेटलमेंट कर रोजगार के पुराने लंबित मामलों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाये और अर्जन के बाद जन्म वाले प्रकरण का निराकरण कर जिनकी भी जमीन अधिग्रहण की गई है उन्हें बिना शर्त रोजगार प्रदान किया जाए। पुराने अर्जित भूमि को मूल खातेदारों को वापसी करायी जाये, कोरबा, कुसमुंडा एवं अन्य क्षेत्र में अर्जित जमीन मूल खातेदारों को वापस किया जाए और जरूरत होने पर पुन- अर्जन की प्रक्रिया पूरा कर पुनर्वास नीति के अनुसार भू-विस्थापितों को लाभ दिलाया जाए। अर्जित गाँव से विस्थापन से पूर्व उनके पुनर्वास स्थल की सर्वसुविधायुक्त व्यवस्था किया जाये। आउट सोर्सिंग कार्यों में भू विस्थापितों एवं प्रभावित गांव के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। महिलाओं को स्व रोजगार योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जाए। पुनर्वास गांव में काबिज भू विस्थापितों को पूर्ण काबिज भूमि का पट्टा दिया जाए। विजयनगर, नेहरु नगर, गंगानगर, समेत सभी पुनर्वास गांव को पूर्ण विकसित माडल गांव बनाने सहित 11 सूत्रीय मांग है।**

## कार की ठोकर से मौत, चालक गिरफ्तार

कोरबा, 11 सितंबर (देशबन्धु)। कुआंभट्ठा इलाके में रविवार को हुए सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। कार की टक्कर से वो गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोपी कार ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत कुआंभट्ठा का निवासी महमूद 40 वर्ष किसी काम से दुकान जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे ठोकर मार दी। सिर फट जाने से उसका काफी खून बह गया। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर तुरंत अस्पताल पहुंची, लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद एकत्र भीड़ ने आरोपी कार चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर दुर्घटनाकारित कार को जब्त कर लिया।

## पीसीसी सचिव को मिली जमानत

कोरबा, 11 सितंबर (देशबन्धु)। छेड़छाड़ व अन्य धाराओं सहित एक्ट्रोसिटी एक्ट के मामले में जेल भेजे गए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विकास सिंह को आज न्यायालय ने सशर्त जमानत प्रदान कर दिया। बता दें कि पिछले दिनों विशेष न्यायाधीश (एक्ट्रोसिटी) के द्वारा विकास सिंह की अग्रिम जमानत आवेदन को खारिज कर दिया गया था। इसके बाद विकास सिंह को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया। विशेष न्यायालय ने विकास की ओर से अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को जमानत आवेदन पेश किया था जिस पर आज सुनवाई की तिथि तय हुई थी। विकास सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रविन्द्र पराशर, संजय शाह व नवनीत राहुल शुक्ला ने तर्क प्रस्तुत किए। दूसरी तरफ से जमानत पर विरोध किया गया। दोनों पक्षों के तर्क सुनने उपरांत न्यायाधीश ने सशर्त जमानत दी।

## मीडिया अनुप्रमाणन व अनुवीक्षण समिति गठित

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, नीलेश कूजुर मंडल अभियंता बीएसएनएल, सुश्री उष्मा घोष जनसंपर्क अधिकारी एनटीपीसी, श्रीमती साधना खरे स्वतंत्र नागरिक, कमलज्योति जाहिरे सहायक संचालक जनसंपर्क रहेंगे।

# एनएच अंतिम दौर में, मुआवजा के लिए भटक रहे लोगों ने किया जाम



**कोरबा-पाली,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर से कटघोरा के मध्य नेशनल हाईवे-130 का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण की ओर है लेकिन अभी तक कई किसान व ग्रामीण अधिग्रहित जमीन का मुआवजा के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ऐसे जमीन मालिकों ने आज पाली के मुनगाडीह मार्ग में बड़ी संख्या में एकत्र होकर स्थानीय सरपंचों के साथ नेशनल हाईवे पर सुबह 10 बजे से चक्काजाम कर दिया। प्रशासन व नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी दिलीप बिल्डकॉन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुआवजा के साथ-साथ एप्रोच रोड, स्ट्रीट लाइट, यात्री प्रतीक्षालय व पानी निकासी जैसी समस्याओं का निराकरण करने की भी मांग की गई।

लगभग 3 घण्टे चले चक्काजाम से सडक़ के दोनों ओर करीब 4 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। लंबी दूरी की बसों में बैठे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के समर्थन में भाजपा के जिला महामंत्री संजय भावनानी भी चक्काजाम स्थल पर पहुंचे थे। सूचना पर पाली व कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों व किसानों को समझाने का प्रयास किया गया। 3 घंटे बाद प्रशासन की टीम व दिलीप बिल्डकॉन के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे व नाराज ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की और मौखिक आश्वासन पर चक्काजाम खत्म नहीं करने की बात कही। हरदीबाजार के तहसीलदार द्वारा दिलीप बिल्डकॉन के अधिकारियों से बातचीत करने के बाद 3 महीने का लिखित आश्वसन किसानों व ग्रामीणों को दिया गया। आश्वस्त किया गया है कि एक सप्ताह में एप्रोच रोड का काम शुरू हो जाएगा और बाकी कार्यों को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

## एटीएम कार्ड बदलकर 2 लाख की ठगी, 2 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के निकट बुधवारी बाजार क्षेत्र में एक व्यक्ति के एटीएम कार्ड को बदलकर दो लाख रुपयों की ठगी कर ली गई। सूचना मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने तगड़ी नाकाबंदी की और जिले के सीमांत क्षेत्र से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात के बाद भागने में उपयोग लिए गए स्विफ्ट डिजायर कार को जप्त कर लिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा आरोपियों के नाम सामने नहीं लाए गए थे।



एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने की सूचना मिलने उपरांत पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण के मार्गदर्शन में जांच और तलाश तेज की गई। सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त फुटेजों व सायबर सेल से मिली तकनीकी जानकारियों के आधार पर कटघोरा थाना अंतर्गत स्टेट बैंक के समीप निगरानी बढ़ाई गई। प्रधान आरक्षक संदीप पांडेय, आरक्षक रमेश कश्यप व टीम ने स्टेट बैंक के समीप निगरानी रखी थी कि दो आरोपियों में एक आरोपी अपनी कार से उतरकर बैंक की ओर बढ़ा। इस दौरान सतर्क आरक्षक रमेश कश्यप व साथी ने आरोपी को मौके पर धर दबोचा वहीं दूसरा आरोपी पोड़ी-उपरोड़ा की ओर भागा जिसे सूचना के आधार पर बांगो पुलिस ने दबोच लिया। इस तरह दोनों आरोपियों को वारदात की सूचना के बाद महज दो घण्टे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। दोनों आरोपी हरियाणा के बताए जा रहे हैं और इनके पास से बड़ी संख्या में एटीएम कार्ड बरामद होने की बात सामने आई है।

## एनटीपीसी के भू-विस्थापितों की हड़ताल को 142 दिन



**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा के भू-विस्थापितों द्वारा नौकरी व बचे जमीन का मुआवजा व क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। यह हड़ताल 142वें दिन पहुंच गई है। एनटीपीसी कोरबा द्वारा जारी आम सूचना अनुसार नौकरी तथा अधिग्रहण के समय, बचे जमीन की मुआवजा व क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर 22 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ग्राम चारपारा के 3 भू-विस्थापित विनय कुमार कैवर्त, रामकृष्ण केवट, राकेश कुमार केवट अपने परिवार के सदस्यों के साथ, लगातार 142 दिन से तानसेन चौक पर बैठे हैं। प्रबंधन द्वारा मांग पूरी करने की बजाय संबंधित मांग के संबंध में शासन-प्रशासन को दिग्भ्रमित जानकारी देकर गुमराह किया जा रहा है। भू-विस्थापितों ने कहा है कि जब तक मांग पूरी नहीं होती है, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# राखड़ डेम से प्रभावित बेरोजगार युवाओं ने किया प्रदर्शन

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम गोढ़ी स्थित सीएसईबी के राखड़ डेम से प्रभावित युवा बेरोजगार ग्रामीणों ने डीएसपीएम कोरबा पूर्व के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। 12 सूत्रीय मांगों को लेकर युवा ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। ग्राम पंडरीपानी ,गोढ़ी बेंदरकोना के राखड़ डेम से प्रभावित ग्रामीणों ने रोजगार एवं स्थानीय मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर पिछले दिनों ज्ञापन सौंपा था जिसकी सुनवाई नहीं होने पर ग्रामीण उग्र हो गए और राखड़ डेम की ओर जाने वाली गाडियों को रोक कर विरोध जताया। मौके पर पहुंचे डीएसपीएम के अधिकारी बातचीत कर समझाने का प्रयास किया और मांगों पर उचित निराकरण का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने डीएसपीएम के अधिकारियों की मिलीभगत से पाइपलाइन की चोरी, बिना गाडियों के पर्ची काटने और राखड़ को जहां-तहां किसानों की जमीन एवं रोड के किनारे नियम विरुद्ध फेंकने के आरोप भी लगाए हैं।



## तरदा-कनकी फीडर को अलग करने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिला ऊर्जा नगरी में विगत 40 वर्षो से ग्राम तरदा-कनकी क्षेत्र में बिजली के लिए बिछाई गई विद्युत लाइन अत्यंत ही जर्जर हो चुकी है। साथ ही विद्युत लाइन खेत खलिहान से गुजरा हुआ है जिसको कनकी से तरदा तक रोड के ऊपर शिफ्ट करने की मांग ग्रामीणों द्वारा किया गया है। करतला ब्लाक में आने वाले क्षेत्र तरदा,कनकी के लोगों ने आज विद्युत विभाग के तुलसीनगर जोन कार्यालय पहुंच कर संबंधित शीर्ष अधिकारियों को ज्ञापन सौपा है। मांग की गई है कि तरदा-कनकी फीडर को अलग किया जाए। 15 दिवस के अन्तर्गत तरदा-कनकी फीडर को अलग नहीं किया जाता है तो कोरबा-बिलासपुर मार्ग पर तरदा चौक में चक्काजाम किया जायेगा और इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी।



# हाथी प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण पर पहुंचे सीसीएफ व डीएफओ

## हाथियों से दूरी बनाए रखने की ग्रामीणों को समझाइश



कोरबा-कटघोरा, 11 सितंबर (देशबन्धु)। कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत केंदई वन परिक्षेत्र के चोटिया डम्पिंग एरिया में हाथियों के द्वारा रविवार की सुबह 2 महिलाओं की जान ले लेने के बाद वन अधिकारी हरकत में आए हैं। आज मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर एवं वन मंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत द्वारा केंदई रेंज के सुदूर हाथी प्रभावित क्षेत्र कोदवारी, डांगबोरा, खडफ़ड़ी गांवों में भ्रमण कर ग्रामीणों को हाथियों से दूरी बनाए रखने की समझाइश दी गई। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक द्वारा हाथी नियंत्रण कक्ष परला तथा निर्माणाधीन एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर खडफ़ड़ी का निरीक्षण भी किया गया।

अधिकारियों को बताया गया कि रेंज में कुल 18 कर्मचारी हाथियों की निगरानी में लगे हुए हैं। अलग-अलग दल में हाथियों के बंट जाने की वजह से निगरानी करना मुश्किल हो रहा है। इधर हाथियों को लेकर ग्रामीणों में जान-माल का भय बना हुआ है। हाथियों के दल ने अब कटघोरा वन मंडल को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। वन मंडल पसान, केंदई, ऐतमानगर, जटगा में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी रही है। कभी एक ही स्थान में रहने वाले हाथी अब टुकडियों में बंट गए हैं।

# केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कोड़ातराई हवाई पट्टी का किया निरीक्षण

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव भी रहे साथ
- अधिकारियों को दिये गए जरूरी तैयारियों के निर्देश

*रायगढ़ 11 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 सितंबर को रायगढ़ आ रहे हैं और उनकी आमसभा रायगढ़ जिला मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित कोड़ातराई हवाई पट्टी में होनी है। विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा की तैयारी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव आज कोड़ातराई हवाई पट्टी पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायगढ़ दौरे आने वाले हैं और इस दौरान वे छत्तीसगढ़ की जनता के लिये कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। कई परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। मै स्वयं आज सुबह से यहां हूं यहां की जनता आज सुबह से प्रधानमंत्री के तैयारियों में जुटी हुई है। बड़ी संख्या में यहां लोग जुटेंगे, जिसकी तैयारियां की जा रही है। जिस तरह से यहां उत्साह का वातावरण है उसे देखते हुए यहां के गरीब, आदिवासी भाईयो, बहनों महिलाएं, दलित, किसान, सभी के लिये प्रधानमंत्री जी ने भारत सरकार के द्वारा जो कार्य किये है उसका लाभ जनता को मिला है। इसलिये जनता प्रधानमंत्री को दिल से चाहती है और प्रधानमंत्री पर भरोसा जताती है। जिस तरह से यहां व्यवस्था बनी हुई है उससे देखते हुए जनता स्वयं इस कार्यक्रम में आने के लिये उत्सुक है।*



*बातचीत के दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी मनसुख मंडाविया ने जी ट्वेटी सम्मेलन की शानदार सफलता को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि आपने देखा की जी ट्वेटी डिक्लेरेशन सर्व सम्मति से हुआ है। जी 20 का उत्साह सभी देश का इंडिया में आना, इंडिया की संस्कृति, इंडिया के लोग जीवन, इंडिया के व्यवस्थाओं को देखना और इंडिया ईमरजिंग कंट्री है। इंडिया को दुनिया देख रही है। और दुनिया इंडिया से बहुत कुछ अपेक्षा कर रही है। बहरहाल आगामी 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे को लेकर केन्द्रीय नेताओं का आना इस बात का संकेत है कि विधानसभा चुनाव से पहले नरेन्द्र मोदी की पहली सभा में रायगढ़ जिले की चार व सारंगढ़ जिले की दो साथ ही साथ जांजगीर-चांपा, शक्ति जिले की आठ विधानसभा सीटों पर उसका असर पड़े। इसके लिये भारी भीड़ जुटाने के साथ-साथ आमसभा को सफल बनाने में पूरी ताकत झोंक दी है।*

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री गौवंश मोबाइल चिकित्सा योजना के माध्यम से पशुओं का किया जा रहा उपचार

**अम्बिकापुर** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य में पशुधन के घर पहुंच इलाज की सुविधा हेतु ''मुख्यमंत्री गौवंश मोबाइल चिकित्सायोजना'' का संचालन किया जा रहा है। जिले में हाल ही में शुरू किए गए 07 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के माध्यम से पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। मात्र तीन दिनों में ही 23 गौठानों में कुल 545 पशुओं का उपचार कर 491 पशुओं को दवा दिया गया। वहीं 29 पशुओं का बधिकरण, 34 पशुओं के विभिन्न रोगो के सेम्पल टेस्ट एवं 33 पशुओं का टीकाकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई प्रतिदिन प्रत्येक ब्लॉक के दो गौठानों में जाकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार कर रही है। रोस्टर के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के गौठानों में शिविर लगाकर पशुओं का इलाज, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान आदि किया जा रहा है।गोबर नमूना, खून, दूध आदि की जांच कर बीमारियों का पता लगाने हेतु यूनिट में एक प्रयोगशाला है। एक एंबुलेंस में एक पशु चिकित्सक, एक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी और एक ड्राइवर सह परिचारक द्वारा सेवाएं दी जा रहीं हैं।



### जहरीली शराब के सेवन से हो रही मौत को लेकर महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन




**मनेन्द्रगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश संगठन के आह्वान पर वितग तीन माह से हो रहे जहरीले शराब के सेवन मौत को लेकर तहसील कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुर्दाबाद का नारा लगाया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्षा प्रतिमा पटवा ने प्रदेश मे जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत के लिये प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कसूरवार ठहराते हुए कहा कि जहरीली व विषयुक्त शराब पीने से जांजगीर-चाँपा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमोदा में 2 लोगों की मौत के लिये हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली भूपेश सरकार जिम्मेदार है।

महिला मोर्चा की कार्यकर्ता व नगरपंचायत अध्यक्ष सरोज यादव ने कही कि विगत 3 माह पूर्व जांजगीर -चम्पा के ग्राम रोगदा में 3 परिवार जहरीली शराब से पूरी तरह उजड़ गये थे। दोनों मृतक किरण कुमार सूर्यवंशी और ललिता सूर्यवंशी अनुसूचित जाति से हैं। प्रदेश की भ्रस्ट और निकम्मी सरकार के संरक्षण में अवैध व जहरीली शराब का धंधा फल फुल रहा उक्त के महिला मोर्चा के प्रदर्शन मे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिलकेशरवानी, पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, वीरेंद्र सिंग राणा, रामलखन सिंग,मुकेश जायसवाल, राहुल सिंग,धर्मेंद्र पटवा,आलोक जायसवाल, मनीष सिंग,चंदन सिंग,मनोज केशरवानी, धीरेन्द्रविश्वकर्मा, विनोद गुप्ता, अर्जुन सोनी, मुकेश सोनी, रामरतन् चौधरी , अभजीत बड़जात्या, सहित जिला के समस्त मंडल की बहनो सहित कविता दीवान,सुनीता सिंग,जया कर,मुनमुन जैन,कोमल पटेल,रेनू पाण्डेय,उषा वैष्णव ,प्रवीण सिंग,गीता देवी,मीरा यादव,हेमा सोनवानी, नमर्दा उपाध्याय, प्रतिमा बढ़ात्या,गौरी हथगेन रेखा बोरल,मीनू सिंह ,शांति देवी,उर्मिला राव, गीता पासी,सुषमा देवी,मंजू देवी,नीतू सिंग आदि सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### डॉ.चरणदास छग इलेक्शन कैम्पेन कमेटी के चेयरमैन बने

**मनेन्द्रगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने छग विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत को इलेक्शन कैम्पेन कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। उक्ताशय का पत्र एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व भारत सरकार ने पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सहित तीन बार के सांसद व अविभाजित मध्यप्रदेश सरकार में गृह, जेल एवं वाणिज्यकर मंत्री रहे डॉ. चरणदास महंत वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इसके पूर्व भी छग विधानसभा चुनाव 2018 में भी डॉ. महंत को इलेक्शन कैम्पेन कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। कमेटी में डॉ. महंत के अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री, टीएस सिंहदेव, प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, मो. अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, कवासी लखमा, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, श्रीमती अनिला भेडिय़ा, जयसिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत, गुरूरूद्रकुमार, मोहन मरकाम, उमेश पटेल, संत कुमार नेताम व सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, श्रीमती रंजीता रंजन शामिल किए गए हैं। इस नियुक्ति पर खुशी जताते हुए मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।



### कोरिया पुलिस ने शार्ट फिल्म के माध्यम से लोगों को किया जागरुक

**कोरिया** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कोरिया पुलिस ने नशे का सेवन कर वाहन ना चलाने एवं सेल फोन का प्रयोग ना करने की है शार्ट फ़िल्म के माध्यम से लोगों को जागरुक किया है। इस वीडियो के माध्यम से कोरिया पुलिस ने आमजनों से अपील कर सुरक्षित वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के पालन करने के महत्व को समझने का संदेश दिया जा रहा है। जिले में चलाये जा रहे समर्थ अभियान में यातायात सुरक्षा के साथ-साथ अन्य भी विषयों पर आमजनों को जागरूक करने का कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने इस शार्ट फ़िल्म के माध्यम से आमजनों से अपील किया है कि यातायात नियम का पालन कर स्वयं की सुरक्षा करनी चाहिए, नशे की हालत में वाहन चलना ओर वाहन चलाते समय सेल फोन का प्रयोग घातक परिणाम ला सकता है,यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा संदेश है जो हम सभी को याद रखना चाहिए।



## मंत्री अमरजीत भगत ने बतौली में सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

**अंबिकापुर** 11 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत सोमवार को विकासखण्ड बतौली में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्राम कुनकुरी में 6.50 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत सामुदायिक भवन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री श्री भगत ने सभी उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही मंत्री श्री भगत ग्राम शांतिपारा के शासकीय हाईस्कूल में आयोजित सायकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर 78 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरित कर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि साइकिल मिल जाने से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और आवागमन में समय की भी बचत होगी। इस दौरान राज्य बीज प्रमाणीकरण के सदस्य श्री अरविंद गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुगिया मिंज एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## मीना बाजार देखकर लौट रहे युवकों से लूटपाट

**रायगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। 08 सितंबर की रात्रि थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत संचालित हो रहे मीना बाजार देखकर लौट रहे युवकों से जबरन झगड़ा मारपीट कर तीन युवकों द्वारा रुपए की मांग करते हुए एक युवक को गाड़ी में बिठाकर ले जाने और छोड़ने के एवज में रूपयों की मांग किया गया। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए जूटमिल पुलिस ने अपराध में शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया जिन्हें किडनैपिंग और लूटपाट की धाराओं में रिमांड में पेश कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक कल ग्राम अड़बहाल थाना चक्रधरनगर में रहने वाले जयकिशन सिदार पिता रसिक लाल सिदार, उम्र 22 वर्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की 8 सितंबर की रात्रि अपने मामा स्वाधीन भोई एवं डोलेश्वर सिदार के साथ मीना बाजार देखने बाईक से आया था।

## कार में ले जा रहा था 105 किलो गांजा, आरोपी गिरफ्तार




**रायगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में व्हीव्हीआईपी आगमन एवं आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले के होटल, ढाबा, लाज में रूकने वालों की सघन जांच तथा सभी चेकपॉइंट्स, बैरियर में कड़ी नाकेबंदी की गई है। वहीं बदमाशों के अवैधानिक गतिविधियों पर निगाह रखने मुखबिरों को सक्रिय कर निगरानी रखी जा रही है जिसमें आज चक्रधरनगर पुलिस को गांजा तस्करी को विफल करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम के हाथ कार में गांजा तस्करी कर रहे आरोपी के कब्जे से 01 क्विंटल, 05 किलो गांजा बरामद हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक उड़ीसा पासिंग होंडा कार में उड़ीसा से रायगढ़ की ओर गांजा लेकर आ रहा है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर अपने स्टाफ को अलर्ट कर चेक पॉइंट्स में नाकेबंदी के लिये लगाया गया था। ग्राम नवापाली में नाकेबंदी कर रही पुलिस टीम को देखकर एक संदिग्ध होंडा कार का चालक तेज रफ्तार से भागने का प्रयास किया जिसके प्रयास को विफल कर पुलिस टीम ने पकड़ा।

कार का चालक पूछताछ में अपना नाम वरुण सिंह पिता रण विजय सिंह उम्र 32 साल निवासी बैकुंठपुर कोरिया बताया जिसे नाकेबंदी के कारणों की जानकारी देकर उसके वाहन की तलाशी लिए जाने पर आरोपी के कर की डिक्की में पेपर लपेट हुआ 20 पैकेट मादक पदार्थ जिसकी पहचान गांजा के रूप में हुई। वजन तौल में कुल 105 किलोग्राम गांजा कीमती 10,50,000 रूपये का पाया गया। आरोपी वरुण सिंह ने बताया कि 2 साल पहले उसने सेकंड हैंड होण्डा कार क्राय किया था जिसमें गांजा तस्करी का कार्य करता है।

आरोपी ने बताया कि वह ओड़ीसा के जयपुर से गांजा लेकर पहले बैकुंठपुर, कोरिया, मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों में विक्रय किया है, आज भी वह ओड़िसा जयपुर से गांजा लेकर ओड़िसा के रायगड़ा-बलांगीर-संबलपुर-झारसुगुड़ा-कनकपुरा होते रायगढ़ से आगे जाने वाला था और पकड़ा गया।

## मूक बधिर विद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अम्बिकापुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को आशा निकुंज मूक बधिर विद्यालय में स्वीप सरगुजा टीम व उपसंचालक समाज कल्याण श्री डी के राय की उपस्थिति में मतदाता जागरुकता अभियान आयोजित किया गया।

संस्था के प्राचार्य के समन्वय से संस्था के 119 दिव्यांग मूक बधिर विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में साइन लैंग्वेज के माध्यम से मतदान की जानकारी संस्था के प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही शत् प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता शपथ भी दिलाया गया। इस दौरान आशा निकुंज मूक बधिर विद्यालय के 45 विद्यार्थी जो 18 वर्ष से अधिक है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु प्रपत्र 6 भरवाया गया।

इसके साथ ही सोमवार को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में भी एनसीसी कैडेट्स व छात्रों के द्वारा रैली व मानव श्रृंखला का आयोजन कर मतदाताओं को जागरुक किया गया, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के प्रयास को प्राप्त किया जा सके।




## विधायक व कलेक्टर ने मोबाइल वेटनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बलरामपुर** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्पत सिंह व कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के परिसर से मोबाइल वेटनरी यूनिट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल वेटनरी यूनिट वाहन जिले के समस्त विकासखंड मुख्यालयों में संचालित होंगे और प्रत्येक कार्य दिवस पर दो या दो से अधिक गौठानो में रोस्टर के अनुसार शिविर लगाकर पशुओं का उपचार, टीकाकरण, सैंपल कलेक्शन, जांच, कृत्रिम गर्भाधान एवं विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे। सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्पत सिंह एवं कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने मोबाइल वेटनरी यूनिट वाहनों तथा उपकरणों एवं दवाइयों का अवलोकन किया और योजना का समुचित लाभ प्रदान करने के लिए शिविर आयोजित करने के एक दिन पहले मुनादी कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री एक्का ने बताया कि मोबाइल वेटनरी यूनिट के संचालन हेतु जिले के सभी विकासखंडों में विकासखंड नोडल अधिकारी व जिला स्तर पर भी जिला मोबाइल यूनिट नोडल अधिकारी नामांकित किये गए हैं। जिले के रोस्टर के अनुसार प्रत्येक दिन दो या दो से अधिक गौठानों में शिविर लगाकर पशुओं का उपचार किया जाएगा।



## खरीफ के लिए धान उपार्जन के लिए किसान पंजीयन कार्य जारी

**अम्बिकापुर** 11 सितंबर (देशबन्धु)। खरीफ वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अपनाया जाएगा। जिसके लिए धान उपार्जन हेतु राज्य सरकार के वेबसाईट एकीकृत कृषक पोर्टल में पंजीयन कार्य प्रारंभ हो गया है। इस बार बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया जायेगा।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि जारी किए गए निर्देशों के आधार पर इस वर्ष पूर्व के वर्षों की भांति कृषकों को पृथक से पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अंतर्गत उनका गत वर्ष का पंजीयन कैरीफॉरवर्ड कर दी जाएगी। पूर्व वर्षों में पंजीकृत सभी किसानों को धान उपार्जन वर्ष 2023-24 हेतु धान पंजीयन में नॉमिनी नामांकन कर कैरी फॉरवर्ड करवाना अनिवार्य है, क्योंकि धान उपार्जन हेतु आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अपनाया जाएगा, जिसके लिए पंजीयन में नॉमिनी रखना अनिवार्य है।

इस हेतु गत वर्ष के पंजीकृत एवं नवीन पंजीयन कराने वाले किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नॉमिनी बनाने की सुविधा प्रदान किया गया है। जिसके आधार पर स्वत: उपस्थित होकर या उनके द्वारा बनाए गए नॉमिनी के द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है।

## धर्म की रक्षा को लेकर बजरंग सेना की समीक्षा बैठक संपन्न

**चिरमिरी** 11 सितंबर (देशबन्धु)। हिंदूवादी संगठन बजरंग सेना छत्तीसगढ़ की समीक्षा बैठक छोटा बाजार नमन सेलिब्रेशन हॉल में हुई। जिला अध्यक्ष सुनीता तिवारी की अध्यक्षता में महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष भारती सिंह प्रदेश महासचिव राजेश यादव जिला अध्यक्ष सूरज देवांगन बैठक में शामिल हुए। पदाधिकारियों ने ग्रामीण व शहर क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए हैं। सनातन धर्म और हिंदुत्व की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों पर आयोजित समीक्षा बैठक में सनातन धर्म को लेकर और हिंदुत्व की अलग जगाने का निर्णय लिया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के नगर पालिका चिरमिरी के 40 वार्डों में प्रत्येक वार्ड में एक महिला वार्ड अध्यक्ष और एक पुरुष वार्ड अध्यक्ष के साथ वार्ड के स्तर पर टीम का विस्तार किया जाएगा। एक मिशन की तरह गरीब हिंदू आदिवासी हिंदू भाइयों को बहला फुसला कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है जिसके विरोध में खड़गवां जनपद पंचायत के सामने दहाड़ रैली कार्यक्रम का बहुत जल्द आयोजन किया जा रहा है। बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग की भारती सिंह ने बताया कि धर्म परिवर्तन करवाने और उनका सहयोग करने वालों के खिलाफ जोर शोर से आवाज उठायी जाएगी। इस अवसर पर राजेश यादव, अध्यक्ष सुनीता तिवारी सूरज देवांगन,अतुल बक्सेल ,ज्योति सिंह शारदा यादव , रोशनी सैंडी विजय साहू मनोज साहू, दुर्गावती, विवेक चौहान रमेश सिंह, हेद्रपाल,ध्यान सिंह, मनीष दीवान, राजू,कुंती, विजय लक्ष्मी, लक्की, मीरा, सुनीता, कविता, सविता, उषा भोई, राहुल, भरत सिंह के साथ अन्य कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी श्री बजरंग सेना की समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे।




## घमंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस के नेता भारत नाम का विरोध क्यों कर रहे- केशरवानी

**मनेन्द्रगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस देश का नाम बदल कर भारत रखने की खबर से पूरी तरह घबरा गई है। घमंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी के नेता भारत नाम का विरोध कर रहे हैं। उनमें डर समाया हुआ है कि अगर ऐसा हुआ तो भाजपा को बड़ा जनाधार मिल जाएगा। जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा नरेंद्र मोदी के काम पर देश की जनता का समर्थन पहले से ही हासिल किए हुए है।भाजपा जिला जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल कर रही है कि भारत नाम से आखिर उनको भी इतनी परेशानी क्यों है?क्या मुख्यमंत्री बघेल को भारतीय कहलाने में शर्म आती है? जनता देश का नाम इंडिया के बदले भारत रखने का समर्थन कर रही है।कांग्रेस सहित देश विरोधी तमाम पर्टियां इसका विरोध कर रही हैं।अगर भारत नाम से एतराज है तो राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा नाम क्यों रखा? अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन भारत की जनता ने किया था, न कि अंग्रेजों इंडिया छोड़ो आंदोलन हुआ था।इंडिया शब्द तो कांग्रेस ने अंग्रेजों की सारी बातें मानने के एवज में बतौर तोहफा कबूल किया है।आदि काल से इस स्थान का नाम भारत है। हमारे वेद - पुराणों में हमारे देश का नाम भारत होने का उल्लेख है।उन्होंने कहा कि मोदी किसी से डरने वालों में से नहीं है। अगर उन्होंने यह ठान लिया कि देश का नाम भारत रखना है तो वह करके रहेंगे। इसके बाद पूरे देश में भारत ही भारत दिखाई देगा। उनके कुशल नेतृत्व में आज भारत लगातार पूरी दुनिया में अपना वर्चस्व कायम कर रहा है।



## पशुवध पर प्रतिबंध आज

**अम्बिकापुर** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम, राजस्व अधिकारी ने बताया है कि परयुषण परव के प्रथम दिवस 12 सितंबर 2023 को जिले में पशुवध गृह बंद रहेंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गी- मुर्गा विक्रेताओं को आदेशित किया है कि इस दिन मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुरगा, मुरगी का वध एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

## सार-संक्षेप

### लायंस क्लब ने मवेशियों में लगाया रेडियम



**चांपा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा गौ रक्षा हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सड़क में घुमने वाले गायों को सुरक्षा के उद्देश्य से रेडियम का पट्टा पहनाया गया। ताकि रात के अंधेरे में वाहन चालक उन्हें दूर से ही देख ले और दुर्घटना न हो पाए।

इस अवसर पर रात्रि 10 बजे चांपा क्षेत्र के लगभग 100 गायों को रेडियम पट्टा पहनाया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि गौ की सुरक्षा हम सब का दायित्व है, लायंस क्लब चांपा द्वारा आज का यह पुनित कार्य गौ रक्षा के साथ-साथ वाहन चालकों के लिए भी दुर्घटना को रोकने में सहायक होगा। कार्यक्रम के आयोजन पर लायंस क्लब के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने उपस्थित सभी लायन सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस सेवा कार्य में लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन संतोष कुमार सोनी, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन संतोष कुमार अग्रवाल, लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन राजेश अग्रवाल, लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल, लायन उत्तम प्रकाश देवांगन, लायन वासुदेव देवांगन सहयोगी रहे।

### कोटवारों का विधायक उत्तरी ने किया सम्मान

**सारंगढ** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़ लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय होकर जनसंपर्क में जुटी है और लोगों के सुख-दुख में शामिल हो रही है इसी कड़ी में आज साहू धर्मशाला में विधानसभा स्तरीय कोटवार सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर उत्तरी जांगड़े ने , विशिष्ट अतिथि अरुण मालाकार जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पुरुषोत्तम साहू गौ सेवा आयोग सदस्य, मंजू मालाकार अध्यक्ष जनपद पंचायत ,सोनी बंजारे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुरज तिवारी, संजय दुबे राधेश्याम जायसवाल, विष्णु नारायण चन्द्रा महामंत्री, गनपत जांगड़े, अजय बंजारे, मोहन पटेल मंडी अध्यक्ष, प्रभा तिवारी एल्डरमैन, सरिता गोपाल पार्षद जयराम चौहान कोटवार संघ अध्यक्ष उपाध्यक्ष गरीबदास मानिकपुरी, नौतम दास मानिकपुरी का सम्मान किया।

### कांग्रेसियों ने मंत्री शिव डहरिया का जताया आभार



**सारंगढ** 11 सितंबर (देशबन्धु)। आज दोपहर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डा शिव डहरिया से सारंगढ के कांग्रेसियों व गौ सेवा आयोग सदस्य व सारंगढ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव अरूण गुड्डू यादव घनश्याम मनहर प्रभारी , सरिता मल्होत्रा, कमल किशोर साहू ,अमरदीप जायसवाल आदि ने मंत्री डहरिया से मुलाकात किया जहां सारंगढ के नेताओं ने क्षेत्र में पटेल धर्मशाला के लिए 17 लाख साहू धर्मशाला के लिए 25 लाख व आदर्श पेट्रोल पंप से श्री राधा कृष्ण हास्पिटल तक के गौरवपथ निर्माण के लिए 15 करोड 2 लाख 37 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मंत्री डहरिया का आभार जताया।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 14 को

अम्बिकापुर,11 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 14 सितंबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे से जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने सर्वसम्बन्धितो को पत्र जारी कर बैठक में निर्धारित समय में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

बैठक में समग्र विकास योजना, 15 वां वित्त योजना, क्षमता विकास योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जनपद विकास निधि, जिला विकास निधि, स्कूल शिक्षा मद योजना, पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण, सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र प्राधिकरण, आंतरिक विद्युतीकरण, स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना, नेशनल प्रोग्राम, एनआरएलएम, कॉपरेटिव बैंक के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही भारत सरकार 2023 बजट से संबंधित आकांक्षी जनपद, पीएम, पीव्हीटीजी डेवलपमेंट ग्रुप, न्यू एकलव्य मॉडल स्कूल, पर्यटन को बढ़ावा लगभग 50 दूरस्थ स्थलों का चिन्हांकन के कार्यों की समीक्षा तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# कलेक्टर के जनदर्शन में मिले 135 आवेदन

**जांजगीर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन के माध्यम से आमनागरिको की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।



जनदर्शन में आज कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आज जनदर्शन में जांजगीर के गणेश राम बरेठ द्वारा सेवा पुस्तिका में सुधार कराने, ग्राम केरा निवासी रामफूल मनहर द्वारा आर्थिक सहायता राशि हेतु, विकासखंड नवागढ़ के ग्राम घुठिया निवासी मुंशीदास वैष्णव द्वारा सड़क मरम्मत करवाने, अकलतरा तहसील के ग्राम बम्हनी निवासी उमा डहरिया द्वारा पीएम आवास के तहत योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बनाहील निवासी शिवप्रसाद ओगरे द्वारा ई रिक्शा हेतु, तहसील नवागढ़ के ग्राम धाराशिव निवासी नेतराम सतनामी द्वारा राशन कार्ड में मुखिया के नाम में संशोधन करने, तहसील अकलतरा के ग्राम बिरकोनी निवासी प्रहलाद सिंह द्वारा क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने, जांजगीर निवासी रोहिणी तरण द्वारा विधवा पेंशन दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही अन्य आवेदको द्वारा नामांतरण, पट्टा दिलाने, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय करने, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, विधवा पेंशन संबंधी कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए, कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक दौड़ प्रतियोगिता से हुआ आगाज

### विभिन्न परंपरागत खेलो में खिलाड़ी दिखा रहे अपनी प्रतिभा

**सक्ती**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। सक्ती जिले में आज जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का दो दिवसीय आयोजन 10 सितम्बर से जिला मुख्यालय सक्ती के कलेक्ट्रेट परिसर के निकट कॉलेज ग्राउंड जेठा में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन तथा राजगीत का गायन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 11 सितम्बर तक चलेगा। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष सक्ती श्री राजेश राठौर के मुख्य आतिथ्य तथा विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। पहले दिन महिला और पुरुष वर्ग के 100 मीटर दौड़ से जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल की शुरुआत की गई। इसी प्रकार विभिन्न आयु वर्ग के अन्य खिलाड़ी गेंडी दौड़, लंगड़ी दौड़, फुगड़ी, बिल्लस, भौंरा, लम्बीकूद, रस्सीकूद, कबड्डी, संखली एवं खो-खो जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाते हुवे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है।




### जिले का राम रौशन करें खिलाड़ी- राजेश

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत सक्ती के अध्यक्ष राजेश राठौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ी खेलों को आगे बढ़ाने के लिए पूरे प्रदेश में हर आयु वर्ग के महिला और पुरुष प्रतिभागियों के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज सक्ती जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से राजीव युवा मितान क्लब स्तर, जोन स्तर तथा विकासखंड स्तर पर चयनित होने के बाद प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने जिले के सभी ब्लॉकों से जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आगे भी अच्छा प्रदर्शन कर संभागीय और राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करने कहा। इसके साथ ही कार्यक्रम में नोडल अधिकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग बीपी भारद्वाज द्वारा जिला स्तर पर चयनित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी तरह आयोजन अंतर्गत 11 सितम्बर को उक्त स्थल में गिल्ली डंडा, कंचा (बांटी), कुश्ती, पिट्ठूल और रस्साकसी खेल का आयोजन होगा तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल के कुल 16 प्रकार के खेलों का आयोजन दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता के विभिन्न खेलो में 18 वर्ष से कम, 18 से 40 वर्ष और 40 से अधिक आयु वर्ग के सभी पुरुष और महिला खिलाड़ी शामिल हो रहे है। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शुभारंभ अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती पंकज डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल, जिला खेल अधिकारी हरी पटेल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 14 आरोपियों से 378 लीटर कच्ची शराब जब्त

**जांजगीर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब बिक्री करने एवं आम जगह पर शराब पीने/पिलाने वाले 14 आरोपियों को जिला पुलिस एवम राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 378 लीटर कच्ची महुआ शराब,720 एमएल अंग्रेजी शराब, 8.70 लीटर देशी प्लेन शराब बरामद हुआ है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जिला पुलिस एवं राजस्व विभाग के टीम द्वारा जिले में अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध विशेष अभियान चालाया गया, अभियान के तहत आरोपी मुन्ना सिंह निवासी सबरिया डेरा मुलमुला के कब्जे से 60 लीटर महुआ शराब, कृष्ण यादव निवासी अमोदा थाना नवागढ़ के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, विजय कश्यप निवासी पोड़ी भांठा अकलतरा 18 लीटर कच्ची महंआ शराब, आशा राम कोशले उम्र 60 साल के कब्जे से 260 लीटर कच्ची महुआ शराब, बाबु लाल बरेठ उम्र 48 साल निवासी दारंग थाना चाम्पा के कब्जे से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब, दिलहरण बरेठ उम्र 36 साल निवासी बघौदा थाना बलौदा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, संजु दिनकर निवासी कोसीर थाना पामगढ के कब्जे से 6.300 लीटर कच्ची महुआ शराब, प्रदीप रात्रे उम्र 42 साल निवासी नवापारा भैंसो थाना पामगढ के कब्जे से 04 लीटर महुआ शराब, संतोषी बाई निवासी अकलतरा 100 एमएल देशी शराब, नील जॉनसन भारद्वाज उम्र 20 साल निवासी बोरसी थाना पामगढ के कब्जे 270 एमएल देशी प्लेन शराब, महिंगल बंजारे उम्र 40 साल निवासी तुस्मा के कब्जे से 270 एमएल देशी प्लेन शराब, छत्तु राम डहरिया उम्र 54 साल निवासी बालपुर थाना चाम्पा के कब्जे से 30 एमएल देशी प्लेन शराब, राजु दिवाकर उम्र 32 साल निवासी बालपुर के कब्जे से 20 एमएल देशी प्लेन शराब, रूपचंद राठौर उम्र 55 साल निवासी धुरकोट के कब्जे से 1.260 एमएल देशी प्लेन शराब एवं 750 एमएल गोवा अंग्रेजी शराब, को बारामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# 25 सौ क्विंटल लावारिस महुआ लहान जब्त

**जांजगीर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। अवैध शराब के खिलाफ नगरदा पुलिस लगातार अभियान चलाकर कारवाई कर रही है। ग्राम सुन्दरेली में अवैध महुआ शराब बनाने के लिए ग्राम के तालाब में रखे 1 हजार क्विंटल महुआ लहान और घासी राम साहू के बंद घर के बाऊंड्री के पास से 15 सौ क्विंटल महुआ लहान व 10 लीटर महुआ शराब को जब्त किया है।

नगरदा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम सुन्दरेली में अवैध महुआ शराब बनाने के लिए ग्राम के तालाब और घासी राम साहू के बंद घर के बाऊंड्री के पास बड़ी मात्रा में महुआ लहान सड़ाने के लिए रखा गया है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुनीता नाग बंजारे ने स्टाफ के साथ ग्राम सुंदरेली में छापामारी की। तालाब के अंदर सड़ाने के लिए रखे लगभग 1 हजार क्विंटल महुआ लहान मिला। मगर मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। इसी तरह घासी राम साहू के बंद घर के बाऊंड्री के पास लावारिश हालत में 15 सौ क्विंटल महुआ लहान व 10 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया। इस तरह पुलिस ने 25 सौ क्विंटल महुआ लहान और दस लीटर शराब को जब्त कर बचत सामग्री को नष्ट किया है।

# तलवार लहराकरलोगों को डराने वाला गिरफ्तार



**जांजगीर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। तलवार लहराकर लोगो को भयभीत करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे तलवार जप्त किया गया तथा आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले पर पुलिस ने बताया कि 11 सितम्बर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि खोखराभाटा मुनुन्द रोड के पास एक व्यक्ति लोहे का तलवार लेकर लहराते हुए घूम रहा हैं तथा लोगो को भयभीत कर रहा है की मुखबिर सूचना रेड कार्यवाही कर साजन सूर्यवंशी को पुलिस हिरासत मे लेकर उसके कब्जे से 01 नग लोहे का तलवार को जप्त किया गया । आरोपी साजन सूर्यवंशी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णो, प्र.आ रमेश त्रिपाठी व अन्य स्टॉफ का योगदान रहा।

# गणेश उत्सव शांति पूर्ण मनाए जाने समितियों की ली गई बैठक

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों का पालन कराने प्रशासन की पहल

**जांजगीर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। गणेश उत्सव शांति पूर्ण मनाए जाने के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल छग उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समितियों का पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभा कक्ष में मीटिंग ली गई।

मीटिंग के दौरान सार्वजनिक मार्ग/ स्थान पर पंडाल/ स्वागत द्वारा निर्माण के दौरान यातायात में अवरोध उत्पन्न न करने के संबंध में चर्चा किया गया। मीटिंग के सदस्यों को ध्वनि यंत्रों की आवाज कम रखने तथा प्रतिबंधित अवधि रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे के मध्य लाउडस्पीकर तथा डीजे का उपयोग न करने के संबंध में निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभा कक्ष में जांजगीर, नैला, चांपा गणेश समितियों के सदस्यों का मीटिंग आहूत की गई, समिति के सदस्यों को गणेश पंडाल



को आम रोड में नही लगाने, तथा समय सीमा पर ध्वनि यंत्रों/डीजे/लाउड स्पीकर बजाने के संबंध में चर्चा कर समिति के सदस्यों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय के दिए गए निर्देशो का पालन करने हेतु निर्देश किया गया । उपरोक्त मीटिंग में अनिल सोनी अति पुलिस अधीक्षक, गुड्डू लाल जगत अपर कलेक्टर जांजगीर, ज्ञानेंद्र सिंह एसडीएम जांजगीर, नीर निधि नंदेहा एसडीएम चांपा, बजरंग साहू तहसीलदार जांजगीर, प्रशांत गुप्ता तहसीलदार चांपा, प्रहलाद पाण्डेय सीएमओ चांपा, निरी मनीष सिंह परिहार थाना प्रभारी चांपा तथा गणेश समिति के सदस्य जांजगीर, नैला, चांपा का उपस्थित रहे।

# आकस्मिक मृत्यु के प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा मृत्यु के 02 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले की तहसील अकलतरा के ग्राम नरियरा के प्रियांशु बरेठ की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता नोवेन्द्र कुमार बरेठ और तहसील बलौदा निवासी प्रांजल देवांगन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता किशोर देवांगन को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# जी-20 सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए बल, मेरे कार्य की है प्रशंसा - सुनील रामदास

**रायगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के राजीव नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 9 सितम्बर को रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा छात्र-छात्राओं की एक सभा आयोजित की गयी थी। इस सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ता एवं रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने कहा कि आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कई विषयों पर विश्व के नेताओं की सहमति बनवाई है, इससे मेरे पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कार्य करने की क्षमता को और अधिक



शक्ति मिली है।

आज तक राजनीति में पर्यावरण का विषय कहीं हाशिये पर रख दिया गया था। लेकिन मोदी जी की दूरदर्शिता ही है कि उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही जितना बल आर्थिक समृद्धि के कार्यों पर दिया, उतना ही बल पर्यावरण के संरक्षण के विषय पर उनके द्वारा दिया गया। जिसके कारण वर्षों से रायगढ़ अंचल में मेरे द्वारा चलाए जाने वाले इस अभियान को भी शक्ति मिली है। इससे हमें आज सीख लेने की आवश्यकता है कि हम जिस संस्कृति के लोग हैं, उस संस्कृति में पेड़ों के पूजा के पीछे कौन सा दर्शन है। अत: हमारा दर्शन भी कहता है कि प्रकृति के संरक्षण के माध्यम से ही मानव जाति को संरक्षित रखा जा सकता है। उसी दर्शन से ओत-प्रोत हमारे प्रधानमंत्री ने आज विश्व को दृष्टि देने का कार्य किया है। इसका प्रमुख बात यह है कि मानव केन्द्रित विकास की आवश्यकता आज भी प्रासंगिक है। अर्थात् मैं आप सभी से शपथ लेना चाहता हूं कि आप सभी प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान दें। इसी के माध्यम से हम अपने अगली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं।

विद्यालय प्रांगण को छायादार बनाने के लिए रोपित किए गए पौधे

राजीव नगर सरस्वती शिशु मंदिर में पांच फुट से ऊपर के दर्जनों पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से जगदेव प्रसाद पटेल (प्राचार्य), पद्मलोचन पटेल (आचार्य), श्याम लाल पटेल (आचार्य), तीजा पटवा (आचार्या), रजनी थवाईत (आचार्या), रेवती मालाकार (आचार्या), ममता बंजारी (आचार्या), विजया लक्ष्मी पटेल (आचार्या), ओजस्वी तिवारी (आचार्या), दीपिका साहू (आचार्या), उजाला साहू (आचार्या), सीमा वर्मा (आचार्या), तृप्ति ओगले (लिपिक आचार्या), कविता तिवारी (आचार्या) और सरस्वती शिशु मंदिर राजीव नगर के पूर्व छात्र चन्द्र कांत पंजाबी सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जगदेव प्रसाद पटेल ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं। यह पौधे हमें आहार देते हैं और पेड़ हमें फल-फूल तथा प्राण वायु देते हैं। हमारे जीवन का डोर इनसे बंधा हुआ है। इसलिए इनकों रोपित करना और संरक्षित करना आवश्यक है। सभा समाप्त होने के पश्चात् विद्यालय प्रांगण में पौधे रोपित किए गए और बच्चों के इच्छा अनुसार बच्चों में भी पौधे वितरित किए गए। उसके बाद लोगों के मांग पर रामभांठा के शिव मंदिर के पास गुलमोहर और अमरूद के पौधे रोपित किए गए।

# 22 चोरी की बाईक के साथ दो गिरफ्तार

**रायगढ़** 11 सितंबर (देशबन्धु)। विगत दिनों रायगढ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही लगातार मोटर सायकिल चोरी को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारी एवं सायबर सेल को मोटर सायकल चोरी मे अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कडी में बीते दिनों टीआई तमनार आशीर्वाद राहटगांवकर को मुखबिर से सूचना मिली कि लोडर ऑपरेटर का कार्य करने वाला भोले शंकर निवासी डबरा मोटरसाइकिल चोरी में सक्रिय है।

मुखबिर सूचना एसडीओपी धरमजयगढ़ को अवगत कराने पर एसडीओपी धरमजयगढ़ध्सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा सायबर सेल एवं तमनार पुलिस को तस्दीकी हेतु निर्देशित किया गया। सायबर सेल की टीम एवं थाना तमनार स्टाफ द्वारा पिछले माह तमनार में सुरेन्द्र पटनायक निवासी चक्रधरनगर रायगढ़ की चोरी गई मेट्रो स्कुटी के संबंध में संदेही बलदेव दास मंहत निवासी आईटीआई कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ को हिरासत में लेकर हिकम्मत अमली से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी लोडर आपरेटर भोलेशंकर केंवट निवासी डभरा के साथ मिलकर रायगढ़ शहर, तमनार, घरघोडा, बरमकेला , पूंजीपथरा तथा जिले के बाहर मोटर सायकलध्स्कुटी का लॉक तोड़कर वाहनों की चोरी करना बताया।

आरोपी बलदेव दास के निशानदेही पर आरोपी भोलेशंकर केंवट को भी थाना तमनार पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ किया गया।

# देश विदेश

## रूस में किशोर ने चार वयस्कों को किया घायल

**मास्को।** रूस के दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र में स्कूल में प्रवेश करने का प्रयास करने के दौरान एक किशोर (15) ने चाकू से चार वयस्कों को घायल कर दिया। गवर्नर वासिली गोलुबेव ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्री गोलूबेव ने टेलीग्राम पर लिखा, स्थानीय समयानुसार सोमवार तड़के 07:50 बजे नेक्लिनोव्स्की जिले के क्रास्नी डेसेंट गांव के स्कूल में प्रवेश करने का प्रयास करते समय चाकू से लैस और चेहरे को नकाब से ढके एक किशोर ने चार वयस्कों को घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत

**अबुजा,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। नाइजीरिया में मध्य नाइजर प्रांत के मोकवा क्षेत्र में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत हो गयी जबकि लगभग 44 लोग अभी भी लापता हैं।

- 44 लोग अभी हैं लापता
- 100 से अधिक थे सवार



स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग आठ बजे मोकवा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गबाजीबो वार्ड में जब्बा और कैंजी बांधों के बीच हुई। नाइजर प्रांत की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनएसईएमए) के प्रवक्ता इब्राहिम हुसैनी ने बताया कि नाव पर 100 से अधिक लोग सवार थे जो नाइजर नदी (पुरानी गबाजिबो) के दूसरी ओर अपने खेतों की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि एजेंसी घटना स्थल पर खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए मोकवा स्थानीय सरकारी अधिकारियों और स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर काम कर रही है।

## पाकिस्तान में बस पलटने से छह लोगों की मौत, 57 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में रविवार को एक बस के पलट जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना शेखूपुरा जिले में एक मोटरवे इंटरचेंज के पास हुई। बस तेज गति और ओवरलोडिंग के कारण पलट गई थी। पुलिस और बचावकर्मी सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। बचाव सेवा ने कहा कि गंभीर रूप से घायल 37 लोगों को बाद में इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बस में ईसाई तीर्थयात्री सवार थे जो एक धार्मिक सभा में शामिल होने जा रहे थे।

## ब्राजील में उष्णकटिबंधीय चक्रवात से 44 लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील में पिछले हफ्ते आए एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात के बाद कुल 44 लोगों की मौत हो गयी और 46 अन्य लापता हो गए। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। चक्रवात के कारण अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के लगभग 60 शहरों और पड़ोसी राज्य सांता कैटरीना के कुछ क्षेत्रों में सोमवार से मूसलाधार बारिश, बाढ़, 110 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की हवाएं चली और भूस्खलन शुरू हो गया। एजेंसी ने कहा कि एक को छोड़कर सभी मौतें रियो ग्रांडे डो सुल में हुईं, जहां 224 लोग घायल हो गए और 14,000 से अधिक लोगों को निकाला गया। सबसे बुरी तरह प्रभावित शहर म्यूकम है जहां 16 लोगों की मौत हुई और रोका सेल्स में 10 लोगों की मौत हुई। ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो एल्कमिन ने शुक्रवार को चक्रवात से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को लगभग 160 अमेरिकी डॉलर का मुआवजा देने की सरकार की योजना की घोषणा करने के बाद रविवार को इस क्षेत्र का दौरा किया।

## मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हुई

**रबात,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मोरक्को में शुक्रवार की रात आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हो गयी है, जबकि 2476 अन्य घायल हैं। मोरक्को के गृह मंत्रालय के हवाले से हेसप्रेस समाचारपत्र ने यह जानकारी दी। इससे की पहले रिपोर्टों में मरने वालों की संख्या 2122 और घायलों की संख्या 2421 बताई गई थी। इसको लेकर मोरक्को में शनिवार से तीन दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। मोरक्को के किंग मोहम्मद चतुर्थ ने विनाशकारी आपदा पर बैठक बुलाई और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। शाही कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय शोक के दौरान सभी सार्वजनिक स्थलों पर झंडे आधे झुके रहेंगे। भारत, अमेरिका, अरब लीग, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, कतर,



ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया ,ईरान, तुर्किये, इज़राइल, फ्रांस, जापान और जर्मनी तथा अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मोरक्को को सहायता की पेशकश की है।

## मोरक्को में भूकंप के बाद बचावकर्मी रेस्क्यू में जुटे

**अमीजमिज (मोरक्को)।** मोरक्को में 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद बचावकर्मी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गए हैं। शुक्रवार रात शहर मराकेश में आए तेज भूकंप से 2,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को बचावकर्मियों को एटलस माउंटेन क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि वहां तक जाने वाली सड़कें गिरे हुए पत्थरों के कारण अवरुद्ध हो गई थीं। स्थानीय निवासियों को आश्रय देने के लिए अस्थायी तंबू लगाए गए।

## सुडोकू 6314

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | 2 | | | 4 |
| 8 | | | 6 | 5 | | 7 | 9 | |
| | | | | | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | 4 | 1 | 7 | | 9 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 7 | 4 | | 9 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 2 | | 1 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6314



**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित,
२३. महिमामंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 12 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा। माता की अस्वस्थता के कारण आपको चिंता होगी। आपके सम्मान को ठेस पहुंचेगी।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होंगी। इस कारण स्फूर्ति और उत्साह बना रहेगा। आज अधिक कल्पनाशील बनेंगे। अपनी कला और सृजनशक्ति को लोगों तक लाने के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक सदस्यों पर आपका ध्यान अधिक रहेगा।

मिथुन - आज आपको काम में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, परंतु इसमें विलंब हो सकता है। प्रयत्न जारी रखें। आपकी आर्थिक योजनाओं में थोड़े विघ्न आएंगे लेकिन बाद में सारे काम आसानी से बन जाएंगे।

कर्क - आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा। आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे।

सिंह - किसी बात की चिंता आपको लगी रहेगी। इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्वभाव में गुस्से के कारण किसी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों में सावधान रहना पड़ेगा।

कन्या - आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे इसलिए आपकी पदोन्नति हो सकती है।

तुला - आज भाग्य आपके साथ होने से आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा। अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने में आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज शारीरिक थकान और आलस्य महसूस होगी, इस कारण काम करने में उत्साह नहीं होगा। आपके काम में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहने से आप निराशा अनुभव करेंगे।

धनु - कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं। अवैध प्रवृत्ति तथा नए संबंध के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

मकर - आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने-जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे। आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आज आप अपने काम में सफलता प्राप्त करेंगे। लोग आपके काम की सराहना करेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके संबंध अधिक मजबूत बनेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा।

मीन - आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे। काफी मस्ती के मूड में रहेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश, फ्रांस ने दो समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**ढाका,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश और फ्रांस ने बुनियादी ढांचे और उपग्रह सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बंगलादेश (यूएनबी) की रिपोर्ट के अनुसार ढाका में बंगलादेशी प्रधान मंत्री शेख हसीना और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं की उपस्थिति में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में बंगलादेश के आर्थिक संबंध प्रभाग और फ्रांस विकास एजेंसी के बीच शहरी प्रशासन तथा बुनियादी ढांचे कार्यक्रम में सुधार पर एक क्रेडिट सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा बंगबंधु-2 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट सिस्टम से संबंधित बंगलादेश सैटेलाइट कंपनी लिमिटेड और फ्रांस के एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसएएस के बीच सहयोग के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले, सुश्री हसीना और श्री मैक्रॉं ने दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने के लिए बातचीत की। बंगलादेश का दौरा करने वाले पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रोन नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद भारत से रविवार शाम ढाका पहुंचे।

## मालदीव के राष्ट्रपति-चुनाव के पर्यवेक्षण के लिए भारत का तीन सदस्यीय दल माले में

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव पर निगरानी के लिए विदेशी पर्यवेक्षक के तौर पर भारत के निर्वाचन आयोग का तीन सदस्यों का एक दल माले गया हुआ है। इसका नेतृत्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल कर रहे हैं। यह दल मालदीव के निर्वाचन आयोग के न्योते पर वहां गया है। मालदीव में राष्ट्रपति का चुनाव जनता सीधे करती है। भारत के निर्वाचन आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दल ने माले और उसके आसपास 22 मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने वहां मतदाताओं की पहचान, रजिस्ट्रेशन और मतदान प्रक्रिया और मतदाता बूथ की व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी ली है। इस तीन सदस्यीय पर्यवेक्षक दल में उप आयुक्त अजय भादू और आयोग के प्रधान सचिव प्रमोद शर्मा भी शामिल हैं। मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को पहले चरण का मतदान कराया गया । चुनाव में आठ उम्मीदवार है। अंतिम चरण का मतदान 30 सितंबर जो होगा जिसमें पहले चरण

- निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल कर रहे हैं नेतृत्व



में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले शीर्षस्थ दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। अंतिमत दौर का विजेता पांच वर्षों के लिए राष्ट्रपति का पद संभालेगा। वहां के कानून के तहत विजेता को पचास प्रतिशत से ज्यादा मत मिलने चाहिए। मालदीव के चुनाव के पर्यवेक्षण कार्यक्रम में भारत के अलावा अन्य देशों और संगठनों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी भाग लिया। पहले चरण के मतदान में मतों की गिनती नौ सितंबर को ही की गयी जिसमें किसी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिला। राष्ट्रपति के चुनाव के लिए योग्य मतदाताओं की संख्या 2,82,395 (पुरुष मतदाता 1,44,199 और महिला 1,38,196) है। इसके लिए 574 मतदान केंद्र (मतपेटियां) रखे गए हैं और एक मतपेटी के लिए पंजीकृत मतदाताओं की अधिकतम संख्या 850 है।

## वर्ग पहेली-6313

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ■ | ■ | ३ भि | त्ति | ४ चि | त्र |
| भा | ■ | टु | ■ | ५ आ | कां | क्षा | ■ | ते | ■ |
| ६ वि | षै | ला | ■ | म | ■ | ७ ट | क | रा | ८ व |
| त | ■ | ल | ■ | ९ द | र्श | न | ■ | ■ | च |
| ■ | १० आ | स | ११ व | नी | ■ | ■ | १२ प्र | धा | न |
| ■ | द | ■ | स | ■ | १३ ब | ढ़ि | या | ■ | ब |
| १४ नि | र | १५ स | न | ■ | धि | ■ | १६ स | १७ मृ | द्ध |
| रं | ■ | ह | ■ | १८ स | र | १९ स | ■ | णा | ■ |
| २० कु | मु | द | ■ | ब | ■ | २१ ब | द | ल | २२ ना |
| श | ■ | २३ य | क | ब | य | क | ■ | ■ | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## सोमालिया में सेना की कार्रवाई में 2 से आतंकवादी ढेर

**मोगादिशू,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया के अवधीगल जिले में सोमाली राष्ट्रीय सैन्य बल गोर्गोर की कार्रवाई में 20 से अधिक अल-शबाब आतंकवादी मारे गये। सूचना, संस्कृति और पर्यटन के उपमंत्री अब्दिरहमान यूसुफ अल-अदला ने राष्ट्रीय समाचार एजेंसी को बताया कि रविवार तड़के सैनिकों ने सैन्य अड्डे पर अल-शबाब आतंकवादियों के हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, हमारे एसएनए बलों ने अल-शबाब आतंकवादियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की, जिन्होंने रविवार सुबह लोअर शबेले क्षेत्र में अवधीगले जिले में एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का प्रयास किया। 20 से अधिक आतंकवादी मारे



गए और उनके पास से हथियार भी बरामद किए।

अधिकारी की ओर से सैनिकों के हताहत की कोई पुष्टि नहीं की गयी है लेकिन अल-शबाब आतंकवादियों ने नवीनतम हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उनके लड़ाकों के साथ मुठभेड़ में कमांडरों सहित 59 सैनिक मारे गये।

## नाइजर में घाना सेनेगल की सेनाएं सतर्क

**अक्कारा,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीकी देश घाना और सेनेगल के सैन्य बल पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) मिशन के तत्वावधान में नाइजर में हालिया तख्तापलट के बाद देश में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने के लिए संभावित हस्तक्षेप करने के वास्ते सतर्क हैं। वैसे, यह स्पष्ट नहीं है कि घाना के पास अपनी आर्थिक अस्थिरता के कारण हस्तक्षेप को वित्तपोषित करने के लिए पर्याप्त संसाधन होंगे या नहीं। जुलाई में, नाइजर सैन्य बलों ने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम की सरकार को उखाड़ फेकनें और होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद के गठन की घोषणा की। तख्तापलट के बाद, इकोवास ने नाइजर के साथ सभी सहयोग निलंबित कर दिए और विद्रोहियों द्वारा बजौम को बहाल नहीं करने पर हस्तक्षेप की धमकी दी।

## अफगानी सुरक्षा बलों ने हथियार , गोला बारुद बरामद किए

काबुल। अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने पूर्वी प्रांत वरदक में हथियार और गोला बारुद बरामद किए है। प्रांतीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जलरेज़ और डेमिरदाद जिलों से तीन एकेएम, एक मशीनगन, तीन एसकेएस और विभिन्न प्रकार के युद्ध सामग्री बरामद किये गये हैं। अफगान पुलिस ने पहले पिछले साल काबुल में 21 कलाश्निकोव, 83 पिस्तौल और गोला-बारूद की बरामदगी और जब्ती का दावा किया था।

## सुडोकू 6314 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 |

## आज का इतिहास

1873-पहला टाइपराइटर ग्राहकों को बेचा गया।
1912-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य फ़िरोज़ गाँधी का जन्म।
1928-फ्लोरिडा में भीषण तूफान से 6000 लोगों की मौत।
1944-अमेरिकी सेना ने पहली बार जर्मनी में प्रवेश किया।
1948-पाकिस्तान के नेता मोहम्मद अली जिन्ना का निधन।
1959-तत्कालीन सोवियत संघ का रॉकेट 'लूना 2' चांद पर पहुंचा।
1966-भारतीय तैराक मिहिर सेन ने डार्डानेलेस जलडमरूमध्य को तैर कर पार किया।
1971-जयकिशन प्रसिद्ध संगीतकार (शंकर जयकिशन) का निधन।
1983-प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता, गायक, पत्रकार तथा लेखक रंजन का निधन।
1987-इथोपिया में संविधान को अंगीकार किया गया।
1991-अंतरिक्ष शटल एसटीएस 48 (डिस्कवरी 14) का प्रक्षेपण।
1997-43.5 करोड़ मील लम्बी यात्रा के उपरांत 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' यान मंगल की कक्षा में पहुँचा।
1998-कुआलालंपुर में 16वें राष्ट्रमंडल खेलों का शुभारम्भ।
2000-न्यूयार्क में अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन प्रारंभ, उत्तर-पश्चिम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग से लिए एक महत्त्वपूर्ण समझौते पर भारत, ईरान एवं रूस के बीच समझौता।
2001-अमेरिका ने आतंकवाद के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान किया।
2002-नेपाल में माओवादियों ने संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा।

**आयोजन** टोक्यो में दिसंबर में आयोजित होगा द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन

## जापान-आसियान सहयोग की नई दृष्टि घोषित होगी : किशिदा

**टोक्यो,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा है कि टोक्यो में दिसंबर में आयोजित होने वाले द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में जापान और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के बीच सहयोग का एक नया दृष्टिकोण रखा जाएगा, जिसे सदस्य देशों की दोस्ती की 5 वीं वर्षगांठ के अवसर पर तैयार किया गया है।

श्री किशिदा ने कहा, मैं टोक्यो में आसियान-जापान मित्रता और सहयोग के 5वें वर्ष के लिए आसियान-जापान स्मारक स्मारक शिखर बैठक दिसंबर में आयोजित करने की योजना बना रहा हूं। स्मारक शिखर बैठक में आसियान-जापान सहयोग की एक नई दृष्टि की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि आसियान एक राजनीतिक और आर्थिक संघ है, जिसकी स्थापना 1967 में हुई थी। इस संगठन में दक्षिण- पूर्व एशिया के 10 देश हैं,जिसमें ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस,



सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल है। संघ अपने सदस्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देता है। जापान और आसियान 1973 से एक साथ काम कर रहे हैं। इस समय जापान और आसियान ने सिंथेटिक रबर पर एक मंच की स्थापना की थी। साल 1978 में पहला आसियान-जापान शिखर सम्मेलन मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित किया गया था और बाद में यह एक नियमित कार्यक्रम बन गया।

## 'जी20 घोषणा पत्र ने चीन का पक्ष प्रतिबिंबित किया'

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को नियमित प्रेस वार्ता में नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन की उपलब्धियों की चर्चा में कहा कि इस शिखर सम्मेलन में जारी घोषणा पत्र ने चीन का पक्ष प्रतिबिंबित किया है। उन्होंने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी प्रधान मंत्री ली छ्यांग ने जी20 सहयोग पर चीन के विचार और पक्ष पर प्रकाश डाला और विभिन्न पक्षों से एकजुट होकर सहयोग करने की प्रारंभिक आकांक्षा का पालन कर शांति व विकास की युंगातर जिम्मेदारी उठाते हुए वैश्विक आर्थिक बहाली, खुलेपन, सहयोग और निरंतर विकास बढ़ाने की वकालत की। इस शिखर सम्मेलन में जारी घोषणा पत्र ने चीन के पक्ष दर्शाये हैं। घोषणा पत्र में विश्व को जी20 द्वारा मिलकर वैश्विक चुनौतियों का निपटारा कर वैश्विक आर्थिक बहाली व वैश्विक विकास बढ़ाने का सकारात्मक संकेत भेजा गया है।

## दुनिया को जानें

### जापान में भालू के हमले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे

**टोक्यो,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस साल अप्रैल से जुलाई तक पूरे जापान में रिकॉर्ड संख्या में भालू के हमले हुए। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने जापान के पर्यावरण मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि देशभर में चोटों के 53 मामले दर्ज किए गए, जिनमें इवाते प्रीफेक्चर में 15, अकिता प्रीफेक्चर में नौ और फुकुशिमा प्रीफेक्चर में सात मामले शामिल हैं, जो वित्तीय वर्ष 2007 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से एक रिकॉर्ड ऊंचाई है। इसमें कहा गया है कि मई में होक्काइडो के होरोकनाई टाउन में भालू के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस शरद ऋतु में भोजन की तलाश में तोहोकू क्षेत्र के आवासीय इलाकों में अधिक भालू दिखाई देने की संभावना है, क्योंकि भालू के आहार में शामिल बलूत के फल इस क्षेत्र में उनके प्राकृतिक आवास में दुर्लभ हैं। मंत्रालय के अधिकारियों ने लोगों से शांत रहने और दूर से भालू का सामना होने पर चुपचाप चले जाने का आह्वान किया, साथ ही लोगों को सलाह दी कि जब वे धीरे-धीरे दूर जा रहे हों तो भालू को देखते रहें और जब पास में भालू दिखे तो भागें नहीं।

# खेल जगत

## इशान किशन ऐसे खिलाड़ी हैं जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखते हैं : रैना

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल के दौरान गुजरात लायंस में इशान किशन के साथ बिताए समय को याद किया और बताया कि कैसे विकेटकीपर-बल्लेबाज टीम में सौहार्द और टीम भावना लेकर आए। रैना ने जियोसिनेमा से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इशान किशन को ओपनिंग करनी होगी क्योंकि वह एक मजबूत चरित्र है जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखता है। उन दिनों भी उन्होंने बहुत मेहनत की। चूंकि वह रांची से हैं, इसलिए उन्होंने एमएस धोनी से बात की और वहां हर कोई धोनी जैसा बनना चाहता है। इसके अलावा, जिस तरह से इशान ने झारखंड के लिए योगदान दिया, उसके कारण धोनी ने मुझे उसकी विकेटकीपिंग प्रगति का निरीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, तो, मैंने फिंच से कहा कि अगर ड्वेन स्मिथ और ब्रेंडन मैकुलम नहीं खेल रहे हैं, तो इशान किशन को ओपनिंग करनी चाहिए।



# कोलंबो में बरसे विराट और राहुल, भारत ने बनाये 356

**कोलंबो** 11 सितंबर (एजेंसियां)। विराट कोहली (122 नाबाद) और केएल राहुल (111) नाबाद के बीच 233 रनों की नाबाद साझीदारी की बदौलत भारत ने एशिया कप सुपर फोर चरण के वर्षा बाधित मुकाबले में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवरों में 356 रनो का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान को जीत के लिये 7.12 रन प्रति ओवर की गति से 357 रन बनाने हैं।

आर प्रेमदासा स्टेडियम पर सोमवार को विराट और राहुल पूरी लय में दिखायी दिये। दोनो बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुये मैदान के चारों ओर रनों की बरसात कर दी। विराट ने पारी के 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर विश्व के सबसे बढ़िया पेस अटैक को मामूली साबित करते हुये शाहीद शाह अफरीदी की गेंद को पुल करते हुये दो रन लिये और इसी के साथ कोहली के 13000 रन पूरे कर लिये। इसके अगली ही गेंद में विराट ने कवर प्वाइंट में खेल कर सिंगल चुराया और वन डे करियर का अपना 47वां शतक पूरा किया।

इस शतक के साथ विराट दुनिया में सर्वाधिक वन डे शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बन चुके है। सचिन ने अपने वनडे करियर में 49 शतक जड़े है। इस रिकार्ड को तोड़ने में विराट अब सिर्फ दो शतक पीछे हैं। विराट ने अपनी नाबाद शतकीय पारी में मात्र 94 गेंद खेल कर नौ चौके और तीन छक्के लगाये। उधर करीब छह महीने के लंबे अतंराल के बाद वन डे टीम में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर जगह बनाने में सफल हुये कर्नाटक के केएल राहुल ने आज अपनी फिटनेस का भरपूर मुजाहिरा पेश किया। उन्होने विराट का भरपूर साथ निभाते हुये रन गति को तेज बनाये रखा। उन्होने 47वें ओवर में नसीम शाह की गेंद पर दो रन लेकर करियर का पांचवा शतक पूरा किया।

पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी सबसे खर्चीले गेंदबाज साबित हुये जिन्होने अपने दस ओवर के स्पेल में 79 रन लुटाये और शुभमन गिल (58) का विकेट हासिल किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (56) का विकेट स्पिनर शादाब खान के खाते में गया। भारत ने रविवार को दो विकेट पर 147 रन बनाये थे कि बारिश के कारण आगे के मैच को रिजर्व डे यानी सोमवार को खेले जाने का निर्णय अंपायरों ने लिया था। आज भी वर्षा के कारण मैच भारतीय समयानुसार शाम चार बज कर 40 मिनट पर शुरू हो सका। विराट और राहुल की जोड़ी ने आज के खेल की शुरूआत सधे हुये तरीके से की और मुकाबले के आगे बढ़ने के साथ ही दोनो ने गियर बदलते हुये पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण पर प्रहार करने शुरू कर दिये।

पीठ दर्द के कारण हारिस रउफ की गैर मौजूदगी का दोनो बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया और पार्ट टाइम गेदबाजों को निशाना बनाते हुये अपने पांव क्रीज पर जमाये रखे।




## चोटिल हारिस रउफ दूसरे दिन गेंदबाजी के लिए नहीं उतरे

एशिया कप सुपर फ़ोर चरण मुकाबले में भारत के खिलाफ पहले दिन रविवार को पेट पर हल्की चोट लगने के कारण पाकिस्तानी तेज़ गेंदबाज़ हारिस रउफ़ सोमवार को रिजर्व डे में गेंदबाज़ी करने के लिये नहीं उतरे। हारिस की एमआरआई स्कैन कराई गई जिसकी रिपोर्ट सामान्य थी लेकिन सोमवार को भी दर्द महसूस कर रहे थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ले एक बयान जारी कर कहा रऊफ़ की चोट कितनी गंभीर है यह स्पष्ट नहीं है। उन्हे एहतियातन एमआरआई के लिए ले जाया गया था, जिसमें परिणाम सामान्य हैं। वह टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में हैं। रउफ की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान शाहीन शाह अफ़रीदी, नसीम शाह और फ़हीम अशरफ के रूप में तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प के साथ मैच में उतरा। इसके अलावा फिरकी गेंदबाज शादाब ख़ान के साथ आगा सलमान और इफ्तिख़ार अहमद पार्ट टाइम गेंदबाज़ के तौर पर मैदान पर रहे। पहले दिन रउफ़ ने कुल पांच ओवर की गेंदबाज़ी करते हुए सिर्फ़ 27 रन ख़र्च किए थे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की आतिशी ओपनिंग साझेदारी पर रउफ़ ने लगाम लगाने का पूरा प्रयास किया था।

# फोकस एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने व पेरिस ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन पर : सोनिका

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सोनिका टांडी का जन्म हिसार में हुआ। हॉकी का ककहरा भी सोनिका ने हिसार में सीखा और यहीं खेल कर उन्होंने पहले भारत की जूनियर टीम की कप्तानी की और फिर 2016 में सीनियर टीम में जगह बनाने के बाद बतौर मिडफील्डर अपनी जगह पक्की बनाई। बहुत कम लोग शायद इस बात से वाकिफ होंगे सोनिका मूलतः राजस्थान के चुरू जिले की राजगढ़ तहसील सादूलपुर के गालड़ की हैं। 26 बरस की सोनिका फिलहाल आयकर विभाग में कार्यरत है। सोनिका अब इस महीने के आखिर में हांगजू(चीन) में पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए एशियाई खेलों, 2023 में खेलेंगी।

भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीमों के हांगजू(चीन) एशियाई खेलों के लिए रवाना होने से पहले हॉकी इंडिया ने सुनहरा सफर नाम से खास विदाई समारोह आयोजित किया और सभी खिलाडि़यों के माता पिता सहित परिवारजनों को भी आमंत्रित किया औ इसी समारोह में सोनिका को उनकी मां ने उन्हें भारत की जर्सी भेंट की। सोनिका कहती हैं, अपनी टीम की सभी साथी खिलाडियों के सामने अपनी मां के हाथ भारतीय जर्सी पाना वाकई बेहद खास था। मंच पर इन कुछ मिनट ने भारतीय टीम में स्थान पाने तक के संघर्ष की यादों को ताजा कर दिया। मेरी मां मेरी इस संघर्ष यात्रा का हिस्सा रहीं और उन्होंने हर अहम मोड़ पर मेरा साथ निभाया। मैं अपने पहले एशियाई खेलों में खेलने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। हमारा पूरा फोकस एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने और 2024 के पेरिस ओलंपिक 2024 में अच्छे प्रदर्शन करने पर है। मैंने भारत के लिए अपने अब इस मुकाम तक पहुंचनेके लिए बहुत मेहनत की है। मैं राष्ट्रमंडल खेलों जैसे टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी टीम के कांसे के रूप में अच्छे नतीजे में अपना योगदान करने में कामयाब रही। हमारी टीम को एशियाई खेलों में बढिया प्रदर्शन का विश्वास है। 2020 में अपनी जेहनी मजबूत बेहतर करने के लिए सोनिका को राष्ट्रीय शिविर छोड़ कर जाना पड़ा। सोनिका बताती हैं, कोरोना के चलते लगा लॉकडाउन मेरे लिए जेहनी और निजी तौर पर बहुत मुश्किल दौर था। मैं बहुत खुश हूं कि हमारे टीम प्रबंधन ने मेरे जेहनी तौर पर मजबूत रहने के संघर्ष को बहुत जल्द पहचान लिया था और उन्होंने मुझे इसके लिए पेशेवर मदद मुहैया कराई। में हॉकी इंडिया और अपनी टीम की साथियों की आभारी हूं कि उन्होंने मेरे ब्रेक लेने की इजाजत दी। सोनिका ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मजबूत कर 2021-22 में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग से भारतीय हॉकी टीम में वापसी की और इसके बाद बर्मिंघम 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम को कांसे के साथ पहला एफआईएच नेशंस कप 2022 जिताने में अहम भूमिका निभाई।



- अपने पहले एशियाई खेलों में खेलने को लेकर बेहद रोमांचित हूं
- टीम की साथी खिलाड़ियों के सामने मां के हाथ भारतीय जर्सी पाना वाकई बेहद खास

## दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्टजे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर



**जोहान्सबर्ग,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका लगा है जब उनके स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे पीठ की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मौजूदा वनडे सीरीज के दूसरे मैच में प्रोटियाज टीम की ऑस्ट्रेलिया से 123 रन से हार के दौरान नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन का सामना करना पड़ा और पांच ओवर फेंकने के बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। वह बाद में दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी करने के लिए लौटे लेकिन उन्हें आगे चिकित्सीय जांच की जरूरत होगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय खिलाड़ी का सोमवार को जोहान्सबर्ग में स्कैन कराया जाएगा ताकि बीमारी की सीमा का पता लगाया जा सके। चोट के कारण वह 12 सितंबर को तीसरे वनडे में भाग नहीं ले पाएंगे। दक्षिण अफ्रीका की निगाह स्कैन के नतीजों पर होगी क्योंकि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और टूर्नामेंट में प्रोटियाज का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ 7 अक्टूबर को दिल्ली में होगा। दक्षिण अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है और सीरीज को बरकरार रखने के लिए उसे अगला मैच जीतना होगा।

## एन से-यंग और विक्टर एक्सेलसन ने चाइना ओपन में एकल खिताब जीते

**चांगझाऊ ( चीन ),** 11 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरियाई स्टार एन से-यंग ने रविवार को यहां बैडमिंटन चाइना ओपन में जापान की अकाने यामागुची को हराकर महिला एकल का खिताब जीता, जबकि दुनिया के नंबर 1 डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने चीन के लू गुआंगज़ू पर काबू पाकर पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता।

नव-विजेता विश्व चैंपियन एन ने पहले गेम में दूसरी वरीयता प्राप्त यामागुची पर 21-10 से दबदबा बनाया और दूसरे गेम में 21-19 से जीत हासिल की और केवल 38 मिनट में मैच समाप्त कर दिया।

इस प्रकार, एन ने इस सीज़न में अपना नौवां खिताब सुरक्षित कर लिया है। अगर कोई कहे कि अब मेरा सर्वोत्तम समय है, तो मुझे थोड़ा दुख होगा, एन ने कहा। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं अभी बहुत छोटी हूं, अभी भी मेरे पास और चीजें करने के लिए काफी समय है। मैं इसे अपने अच्छे फॉर्म और अच्छे खेल के दौर के रूप में वर्णित करना पसंद करती हूं।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लू के खिलाफ, जिन्होंने पहले राउंड में साथी देशवासियों ली शिफेंग और शी युकी को आश्चर्यचकित किया था, एक्सेलसन ने 49 मिनट में 21-16, 21-19 से जीत के साथ अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।



डेनिश स्टार ने कहा, मैं दूसरे गेम में आश्चर्यचकित था क्योंकि लू ने आक्रमण में बहुत अच्छा खेला। हालांकि, मुझे खुशी है कि मेरी रक्षा भी बेहतर हो रही थी। उन्होंने कहा, आज बहुत भीड़ है और बेशक, वे चीनी खिलाड़ी का समर्थन करते हैं, लेकिन मैं आभारी हूं कि कई लोग मेरा भी समर्थन कर रहे हैं। पुरुष युगल फाइनल में, चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को 21-12, 21-14 से हराया। महिला युगल फाइनल के लिए, दुनिया की नंबर 1 जोड़ी चेन किंगचेन और चीन की जिया यिफ़ान ने बाक हा-ना और ली सो-ही की दक्षिण कोरियाई टीम पर 21-11, 21-17 से जीत हासिल की।

जिया ने टिप्पणी की, हमने कई खिताब जीते हैं। मेरा मानना है कि सभी पेशेवर एथलीटों में जीतने की तीव्र इच्छा होती है। इससे पहले रविवार को, दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग-जे और चाई यू-जंग ने फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्केल और डेल्फ़िन डेलरू को 21-19, 21-12 से हराकर मिश्रित युगल खिताब हासिल किया।

## खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य विश्व कप जीतना है : शुभमन गिल

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर फोर मैच में 52 गेंदों में 58 रन बनाने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि इस समय उनका सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य घरेलू मैदान पर आगामी 2023 पुरुष वनडे विश्व कप जीतना है। गिल ने दस चौके लगाकर एक शानदार आक्रमण शुरू किया, जिनमें से छह शाहीन शाह अफरीदी के खिलाफ थे, उन्होंने सिर्फ 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और कप्तान रोहित शर्मा (56) के साथ 121 रनों की शुरुआती साझेदारी की, इससे पहले कि बारिश ने मैच को रिजर्व दिन धकेल दिया। भारत सोमवार को रिजर्व डे पर 24.1 ओवर में 147/2 से आगे शुरुआत करेगा। गिल के हवाले से कहा गया, एक खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य विश्व कप 2023 जीतना है। मुझे याद है कि जब भारत ने 2011 में विश्व कप जीता था तब मैं युवा था। मानसिकता तेजी से विकेट को पढ़ने और स्थिति तक पहुंचने की है। यह बात डिज़्नी+हॉटस्टार ने कही है, जो चल रहे एशिया कप को मोबाइल पर मुफ़्त स्ट्रीम कर रहा है। गिल को न्यूजीलैंड में भारत के 2018 पुरुष अंडर19 विश्व कप के विजयी अभियान में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। इस साल वनडे क्रिकेट में दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 68.07 की अविश्वसनीय औसत से 885 रन बनाए हैं। उनका मानना है कि विभिन्न प्रारूपों के अनुरूप ढलने में मानसिकता की बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, एक बल्लेबाज के रूप में, जल्दी से स्थिति तक पहुंचना और गति को समझना महत्वपूर्ण है। तो योजना और खेल सब उसी पर आधारित हैं। मानसिकता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि व्यक्ति को मानसिक रूप से स्विच करना होता है, जैसे वनडे मानसिकता से टी20 मानसिकता में। जितनी तेजी से आप स्विच करते हैं, उतनी ही तेजी से आपका शरीर अनुकूलन करता है; इस प्रकार, मेरा मानना है कि मानसिक रूप से बदलाव करने में सक्षम होना महत्वपूर्ण है।



## लियाम लिविंगस्टोन की मैच वीनिंग पारी को साइमन डूल ने सराहा

**साउथम्प्टन,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में इंग्लैंड टीम की जीत में उसके हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन की नाबाद 95 रन की पारी से खुश हैं। विश्व कप से पहले वनडे टीम में लिविंगस्टोन की जगह को लेकर चर्चा चल रही थी। लेकिन इस बीच लिविंगस्टोन ने वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में 40 गेंदों में 52 रनों की पारी के बाद दूसरे मैच में 78 गेंदों में नाबाद 95 रन का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। साइमन डूल ने कहा, लियाम लिविंगस्टोन की पारी बिल्कुल शानदार थी और यह ऐसी चीज नहीं है जिसे हम अक्सर उसके साथ जोड़ते हैं। उसने स्थिति का खूबसूरती से आकलन किया। वह जरूरत पड़ने पर सिंगल लेने में सक्षम था। मुझे लगा कि वह स्मार्ट क्रिकेट खेल रहा था। उन्होंने आगे कहा, मैं कई बार लिविंगस्टोन की आलोचना करता रहा हूं, न केवल प्रतिक्रिया दे रहा हूं। उसके पास अपार शक्ति है। अपनी पारी के दौरान वो बस खुद को थोड़ा समय दें। मैं वास्तव में इस पारी के दौरान उनसे काफी प्रभावित हुआ।



लिविंगस्टोन तब क्रीज पर आये जब इंग्लैंड बारिश से हुई देरी के कारण 34 ओवर के खेल में 55/5 के स्कोर पर भारी संकट में था। उन्होंने परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए खुद को कुछ समय दिया, जिसके बाद उन्होंने तूफानी प्रयास में नौ चौके और एक छक्का लगाया। श्रीलंका के महान खिलाड़ी कुमार संगकारा को लगता है कि अगर समय दिया जाए तो लिविंगस्टोन इस तरह की शानदार आक्रामक पारियां खेल सकते हैं, जो उन्हें भारत में विश्व कप के दौरान अच्छी स्थिति में रख सकती है। चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अंतिम दो एकदिवसीय मैच बुधवार को ओवल में और शुक्रवार को लॉर्ड्स में होंगे।

## जोकोविच भाग्यशाली हैं कि उन्हें नडाल और फेडरर जैसे प्रतिद्वंद्वी मिले : गोरान इवानिसेविच

**न्यूयॉर्क,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। रिकॉर्ड 24वीं ग्रैंड स्लैम जीत के बाद, नोवाक जोकोविच के कोच गोरान इवानिसेविच ने कहा है कि सर्बियाई महान खिलाड़ी भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें अपने पूरे करियर में चुनौती देने के लिए रोजर फेडरर और राफेल नडाल जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिले। जोकोविच ने रविवार रात दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में 6-3, 7-6(5), 6-3 से हराकर अपना चौथा यूएस ओपन खिताब जीता और इतिहास रचा। वह ओपन युग में 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पहले व्यक्ति बन गए। इसके साथ ही जोकोविच ने मार्गरेट कोर्ट के सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। टेनिस के %बिग थ्री% ने पिछले दो दशकों से पुरुष एकल में अपना दबदबा बनाए रखा है और उनके बीच कुल मिलाकर 66 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। हालाँकि, जोकोविच रिटायर हो चुके फेडरर (20) से चार मेजर आगे और नडाल (22) से दो मेजर आगे हैं, जिनके अगले साल रिटायर होने की उम्मीद है।

वह एक प्रतिभाशाली व्यक्ति है। वह एक तरह का है। इस दुनिया में खेल के लिहाज से उसके जैसे बहुत से लोग नहीं हैं। यह खेल इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। हम टेनिस के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। हम आम तौर पर खेल के बारे में बात कर रहे हैं। वह एक विजेता है। वह एक ऐसा व्यक्ति है जो आत्म-प्रेरित है। वह भाग्यशाली था कि राफा नडाल और रोजर फेडरर जैसे लोग उसके सामने आए, इसलिए उन्होंने एक-दूसरे को पछाड़ा, लेकिन वह एक जन्मजात विजेता है। उसके लिए, जब आप उसे बताते हैं वह कुछ नहीं कर सकता, यह और भी बुरा है। फिर वह आपको दिखाएगा कि वह यह कर सकता है।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इवानिसेविच ने कहा, कोई बहाना नहीं है। वह हमेशा रास्ता ढूंढने की कोशिश करते हैं कि कैसे जीतें, कैसे लड़ें, तब भी जब वह ठीक महसूस नहीं कर रहे हों, घायल हों, घायल न हों। चार वर्षों में इवानिसेविच टीम जोकोविच का हिस्सा रहे हैं, सर्बियाई खिलाड़ी ने इस दौरान आठ ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसमें जोकोविच का 2021 और 2023 में प्रत्येक में तीन मेजर खिताब जीतना शामिल है, जब वह क्रमशः 34 और 36 वर्ष के हो गए।



इवानिसेविच ने आगे कहा कि वह जोकोविच की 30 की उम्र के बाद भी लगातार स्लैम जीतना जारी रखने की क्षमता से आश्चर्यचकित नहीं हैं, उन्होंने कहा कि 36 वर्षीय सर्ब हमेशा कुछ और चाहता है।

वह सिर्फ आनंद ले रहा है, उसे चुनौतियाँ पसंद हैं। जैसे आप मुझसे पूछते हैं 25, हाँ, अगर वह 25 जीतता है, तो वह सोचता है, अगर मैं 25 जीतता हूँ, तो 26 क्यों नहीं? यह हमेशा एक और, कुछ और होता है। वह देखभाल कर रहा है उसका शरीर, वह हर चीज का ख्याल रख रहा है, हर एक विवरण को सही, तैयार होना चाहिए। वह कोर्ट पर कभी खुश नहीं होता। मुझे नहीं पता कि यह अच्छा है या बुरा, हमारे लिए अच्छा नहीं है।

इवानिसेविच ने कहा, आम तौर पर, वह बस उसे प्रेरित करता है और वह और अधिक चाहता है। यही कारण है कि वह कोर्ट पर, अभ्यास पर सब कुछ सही करना चाहता है और यही कारण है कि उसे अविश्वसनीय परिणाम मिलते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या जोकोविच अगले साल 25वें मेजर जीतने पर अपने करियर को अलविदा कह देंगे, 51 वर्षीय ने मजाक में कहा कि उनके शिष्य की 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की योजना है। उन्होंने हंसते हुए कहा, यह सवाल आपको उनसे तब पूछना है जब वह बहुत जल्द आएंगे। मुझे ऐसा नहीं लगता। नहीं, नहीं, वह लॉस एंजेलिस में ओलंपिक खेल खेलने की योजना बना रहे हैं। यह कब है, 2028? उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है। कुछ हासिल करने के लिए 24 घंटे का समय लगता है। इसलिए मुझे ऐसा नहीं लगता।

## सार संक्षेप

### विश्व कप क्वालीफायर में बोलीविया के खिलाफ मेसी के खेलने पर सस्पेंस

**ब्यूनस आयर्स।** एल्बीसेलेस्टे के मैनेजर लियोनल स्कालोनी ने बताया कि लियोनल मेसी ला पाज़ में बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम के साथ यात्रा करेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को शुरुआती दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में अर्जेंटीना की इक्वाडोर पर 1-0 की घरेलू जीत के बाद देर रात मेसी ने रविवार को अपने साथियों से अलग प्रशिक्षण लिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मेसी को किसी भी चोट से मुक्त कर दिया है लेकिन स्कालोनी उनके कार्यभार से चिंतित हैं। मेसी ने पिछले 48 दिनों में 12 मैच खेले हैं, जुलाई के मध्य में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद लगातार मैच खेले हैं। स्कोलोनी ने कहा, वह यात्रा करने जा रहे हैं। आज उन्होंने [मुख्य टीम से] अलग प्रशिक्षण लिया। खेल में अभी भी दो दिन बाकी हैं। हम कल या मंगलवार को निर्णय लेंगे। समुद्र तल से 3,6 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित ला पाज़ के हर्नांडो साइल्स स्टेडियम की दुर्लभ हवा को देखते हुए मंगलवार को बोलीविया के खिलाफ मुकाबला विशेष रूप से तनावपूर्ण होगा। मेसी और डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो के संभावित टीम से बाहर करने के अलावा, स्कोलोनी ने कहा कि वह अर्जेंटीना की शुरुआती लाइनअप में कुछ बदलाव करेंगे। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि उस ऊंचाई पर खेलना कितना मुश्किल है, लेकिन टीम मूल रूप से वैसी ही होगी जैसी इक्वाडोर के खिलाफ थी।

### बेंगलुरु बंद के बीच अनिल कुंबले को बस से करना पड़ा सफर

बेंगलुरु। बेंगलुरु में निजी ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण ऐप-आधारित कैब न मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले को सोमवार को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर वापस जाने के लिए बीएमटीसी बस की सवारी करनी पड़ी। कुंबले ने बेंगलुरु बंद के बीच एक तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, बीएमटीसी बस से आज हवाईअड्डे से घर वापस आ रहा हूं। कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन राज्य सरकार की शक्ति योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस योजना के तहत महिलाएं गैर-लक्जरी बसों में मुफ्त बस यात्रा करती हैं, जिसका असर निजी ट्रांसपोर्टरों पर पड़ा है। वे सरकार से योजना के कारण राजस्व घाटे की भरपाई करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच हवाईअड्डा अधिकारियों और विस्तारा एयरलाइन ने यात्रियों को बंद के बीच हवाईअड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय देने की सलाह जारी की है। विस्तारा ज़ेड ने बताया कि 11 सितंबर को 'बेंगलुरु बंद' के कारण निजी परिवहन बाधित हो सकता है। बेंगलुरु से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय दें।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# सऊदी अरब परियोजना में हरित ऊर्जा के लिए एस्सार समूह ने डेजर्ट टेक्नोलॉजीज के साथ किया एमओयू

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। एक स्वतंत्र सोलर पीवी और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर होल्डिंग कंपनी, डेजर्ट टेक्नोलॉजीज (डीटी) ने बहुराष्ट्रीय समूह एस्सार ग्रुप के साथ हरित ऊर्जा पर दीर्घकालिक साझेदारी की है। दोनों पक्षों ने सऊदी अरब में एस्सार समूह की ग्रीन स्टील अरबिया (जीएसए) परियोजना के साथ-साथ भविष्य की संभावित परियोजनाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा समाधान विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो ग्रीन स्टील उत्पादन और हरित ऊर्जा उत्पादन में सऊदी अरब को मानचित्र अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा। सोमवार को दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में डेजर्ट टेक्नोलॉजीज और एस्सार ग्रुप के बीच एमओयू निष्पादित किया गया।

इस साझेदारी के माध्यम से, डीटी और एस्सार सऊदी अरब में में एस्सार के फ्लैट स्टील कॉम्प्लेक्स के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और भंडारण के लिए समाधान विकसित करेगा, जो जीसीसी क्षेत्र में पहली हरित इस्पात परियोजना है और अन्य संभावित परियोजनाओं के लिए अवसर भी तलाशेंगे।



■ जी20 शिखर सम्मेलन में डेजर्ट टेक्नोलॉजीज और एस्सार ग्रुप के बीच एमओयू निष्पादित किया गया

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, डीटी इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खालिद शरबतली ने कहा, 'एस्सार के साथ डेजर्ट टेक्नोलॉजीज का एमओयू, विशेष रूप से सऊदी अरब में नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में इसके समाधान, मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता और कम कार्बन फुटप्रिंट वाले समाधान कम सीओ2 उत्सर्जन वाले इस्पात उद्योग को और बढ़ावा देंगे। सऊदी अरब में पहली ग्रीन स्टील परियोजना स्थापित करने की उनकी अग्रणी परियोजना में एस्सार समूह के साथ सहयोग करने पर हमें गर्व है।

सऊदी अरब में एस्सार समूह के कंट्री हेड नौशाद अंसारी ने टिप्पणी की, एस्सार वर्तमान में सऊदी अरब के रस अल खैर में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने पर लगभग 4.5 अरब डॉलर का निवेश करने पर विचार कर रहा है। डेजर्ट टेक्नोलॉजीज के साथ यह साझेदारी हमें हरित ऊर्जा और कार्बन मुक्त ऊर्जा भंडारण समाधान तक पहुंच बनाने में मदद करेगी; जिससे निम्न कार्बन फुटप्रिंट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत होगी। हम केएसए की स्थानीय सामग्री को बढ़ाना जारी रखने और स्थानीय व्यवसायों को हमारे साथ बढ़ने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह समझौता ज्ञापन केएसए में दीर्घकालिक निवेश और हरित एवं टिकाऊ रणनीति के विकास के प्रति एस्सार की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है।'

# फोनपे स्मार्टस्पीकर के 4 लाख से अधिक डिवाइसों की रिकॉर्ड तैनाती

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। फोनपे ने सोमवार को अपने स्मार्टस्पीकरों की बढ़ती स्वीकार्यता की घोषणा की। कंपनी ने देश भर में चार मिलियन (40 लाख) से अधिक उपकरणों की रिकॉर्ड तैनाती हासिल की है, जो देश भर में ऑफ़लाइन व्यापारियों के बीच ऐसे उपकरणों के लिए सबसे तेज़ तैनाती है। फोनपे के स्मार्टस्पीकर बिना किसी हस्तक्षेप के ग्राहकों के भुगतान को मान्य करने में मदद करते हैं, और उनकी ऑडियो पुष्टिकरण ने देश में 19,000 पोस्टल कोड तक फैले कंपनी के प्लेटफॉर्म पर 3.6 करोड़ व्यापारियों के लिए असाधारण विश्वास और विश्वसनीयता बनाने में मदद की है। देश भर में एमएसएमई को डिजिटल बनाने के प्रयास में, फोनपे ऑफ़लाइन व्यापारियों को सेवाओं का एक सेट प्रदान करता है जिसमें इसके स्मार्टस्पीकर डिवाइस भी शामिल हैं जिन्हें एक साल पहले लॉन्च किया गया था। स्थानीय भाषा में वॉयस नोटिफिकेशन शुरू करने से लेकर मशहूर भारतीय अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ उद्योग की पहली सेलिब्रिटी वॉयस सुविधा लॉन्च करने तक, फोनपे ने अद्वितीय व्यापारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी पेशकशों को लगातार अनुकूलित किया है। फोनपे के स्मार्टस्पीकर के लिए इस मजबूत प्राथमिकता ने कंपनी को चार मिलियन से अधिक डिवाइस तैनात करने में मदद की है, जिससे देश भर में 100 करोड़ (1 बिलियन) मासिक लेनदेन को मान्य किया गया है।




फोनपे स्मार्टस्पीकर को बाजार में अलग दिखाने वाली कुछ अन्य विशेषताओं में पोर्टेबिलिटी, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बैटरी, शोर वाले वातावरण में भी शानदार ऑडियो और कॉम्पैक्ट और बहुमुखी फॉर्म फैक्टर शामिल हैं जो व्यापारियों को सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले काउंटर पर भी इस्तेमाल करने की अनुमति देता है।

फीचर फोन का उपयोग करने वाले व्यापारी एसएमएस पर बहुत अधिक निर्भर थे, लेकिन अब फोनपे स्मार्टस्पीकर के साथ, उनके भुगतान सत्यापन अनुभव को काफी आसान बना दिया गया है।

# 5जी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है रियलमी 'नार्ज़ो 6 एक्स'

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। 5जी तकनीक के आने के बाद लोगों में कनेक्ट, इंटरैक्ट और इंटरनेट यूज की डिमांड बढ़ गई है। यह डिजिटल परिवर्तन के दौर में बेहद जरूरी हो गया है। बेहतर कनेक्टिविटी, अल्ट्रा-लो लेटेंसी, और तेज इंटरनेट गति विकास और संभावनाओं को उजागर कर रही है। रियलमी ब्रांड नई तकनीक और पॉकेट-फ्रेंडलीनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। वह 5जी तकनीक में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्मार्टफोन एक आवश्यक उपकरण बन गए हैं क्योंकि हम समाज, व्यवसाय, शिक्षा, मनोरंजन और अन्य उद्देश्यों के लिए इंटरनेट पर अधिक निर्भर हैं।

तेज और अधिक भरोसेमंद कनेक्टिविटी की इतनी अधिक आवश्यकता कभी नहीं रही। इन सबका समाधान 5जी के पास है। आज युवा पीढ़ी डिजिटलीकरण की ओर अग्रसर है, इस बात को समझते हुए रियलमी ने ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के लिए रियलमी नार्ज़ो 60 एक्स को बाजार में उतारा है। यह 5जी कनेक्टिविटी से लैस है। रियलमी 'नार्ज़ो 60 एक्स' सिर्फ एक



स्मार्टफोन नहीं है। यह अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम पेशकश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह डिवाइस अब तक का सबसे अच्छा एंट्री-लेवल 5जी स्मार्टफोन है।

'नार्ज़ो 60 एक्स' हाई-परफॉर्मेंशन मीडियाटेक डाइमेंशन और 700 प्रोसेसर के साथ आता है। यह चिपसेट मल्टीटास्किंग, सुचारू गेमिंग और तेज डाउनलोड सुनिश्चित करता है। डिवाइस में 90 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.6 इंच का बड़ा फुल एचडी प्लस डिस्प्ले है, जो उपयोगकर्ताओं को इमर्सिव विजुअल और रिस्पॉन्सिव टच अनुभव प्रदान करता है। 'नार्ज़ो 60 एक्स' में ट्रिपल-कैमरा सेटअप है, जिसमें 48एमपी का मुख्य कैमरा शामिल है, जो यूजर्स को शानदार तस्वीरें और वीडियो कैप्चर करने की सुविधा देता है। 5जी कनेक्टिविटी की गति को ध्यान में रखते हुए, स्मार्टफोन 5000 एमएएच की बड़ी बैटरी से लैस है। जो यह सुनिश्चित करता है कि यूजर्स पूरे दिन कनेक्टेड रहें। 'नार्ज़ो 60 एक्स' अपनी 33 वाट की चार्ज तकनीक के साथ उपयोगकर्ताओं को एक अनूठा लाभ प्रदान करता है, जो इसे तेजी से चार्जिंग प्रदान करने वाला पहला और एकमात्र 5जी स्मार्टफोन बनाता है। यह तकनीक सुनिश्चित करती है कि उपयोगकर्ता डाउनटाइम में कटौती करते हुए अपने डिवाइस को तेजी से रिचार्ज कर सकते हैं। इसमें यूजर्स 5जी कनेक्टिविटी की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं, जिससे हाई-स्पीड इंटरनेट, स्मूथ वीडियो स्ट्रीमिंग, तेज डाउनलोड और बेहतर समग्र स्मार्टफोन प्रदर्शन तक पहुंच सुनिश्चित होती है।

'नार्जो 60 एक्स' की फास्ट चार्जिंग क्षमता यूजर्स को एक बेहतर सुविधा के साथ एक अच्छा अनुभव प्रदान करता है। यह 5जी यूजर्स के लिए एक बेहतर विकल्प है। रियलमी 'नार्ज़ो 60 एक्स' की शुरूआत 5जी तकनीक को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उपयोगकर्ताओं को 5जी युग की असीमित क्षमता को अनलॉक करने का अधिकार देता है, चाहे वह वीडियो स्ट्रीमिंग हो, लैग-फ्री गेमिंग हो या फिर तेजी से डाउनलोड करने की क्षमता हो। यह सभी मानकों पर खरा उतरता है। 5जी के परिणामस्वरूप हमारे रहने, काम करने और संचार करने के तरीके में बदलाव आ रहा है, जिसका भविष्य आशाजनक है। जैसे-जैसे हम तेजी से कनेक्टेड दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, रियलमी पॉकेट-फ्रेंडली कीमतों पर अत्याधुनिक तकनीक की पेशकश करके आगे रहने के लिए प्रतिबद्ध है। रियलमी 'नार्ज़ो 60 एक्स' 5जी तकनीक के साथ अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को लेकर प्रतिबद्ध है। लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकी के परिदृश्य में रियलमी का समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ता 5जी की पूरी क्षमता का अनुभव कर सकें। 'नार्ज़ो 60 एक्स' के नेतृत्व में रियलमी न केवल नवीनतम तकनीकी विकास के साथ बना हुआ है, बल्कि अपने ग्राहकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने के लिए सीमाओं को भी आगे बढ़ा रहा है।

## सार संक्षेप

### एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने लॉन्च किया 'सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स'

**नई दिल्ली।** जनरल इंश्योरेंस कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स प्लान आज लांच करने की घोषणा की जिसका लक्ष्य ग्राहकों के लिए एक विस्तृत स्वास्थ्यरक्षा पॉलिसी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पॉलिसी सुरक्षा की विस्तृत रेंज प्रदान करती है, जिनमें 27 सामान्य कवरेज और 7 वैकल्पिक कवरेज शामिल हैं। इस उत्पाद के तहत 4 प्लान्स हैं, जो 3 लाख रुपए से लेकर 2 करोड़ रुपए तक के बीमित राशि के विकल्पों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करते हैं। ग्राहक इन योजनाओं की पॉलिसी के लिये एक से लेकर तीन साल तक की अवधि चुन सकते हैं। यह उत्पाद विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिये डिजाइन की गई है, जिनमें कम आय वालों से लेकर एनआरआई तक सभी आय वर्गों के लोग शामिल हैं। कंपनी के पूर्ण-कालिक निदेशक आनंद पेजावर ने कहा, एसबीआई जनरल में हम अपने ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा के व्यापक समाधानों के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्यरक्षा सुलभ कराने के लिये प्रतिबद्ध रहे हैं। इस मिशन के अनुसार, हमने एक समर्पित हेल्थकेयर वर्टिकल बनाकर अपना फोकस बढ़ाया है, जो न सिर्फ विशिष्ट आवश्यकताओं पर आधारित उत्पाद पेश करता है, बल्कि इन-हाउस मॉडल से दावों पर काम भी करता है। इस बढ़े हुए फोकस के हिस्से के रुप में सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। यह स्वास्थ्य बीमा उत्पाद श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कवरेज और विशेषताओं से भरा है। इसके साथ हम रीइंश्योर बेनेफिट देने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका मतलब है बीमित राशि का पहले दावे से ही विभिन्न रूपों में असीमित बार के लिये रिफील करना।

### शीमा इलैक्ट्रिक ने हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटरों की नयी रेंज

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी शीमा ई-व्हीकल एंड सोलर प्राइवेट लिमिटेड (एसईएस) ने अपने हाई स्पीड स्कूटरों इगल प्लस और टफ प्लस की नई रेंज लॉन्च की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नवीनतम बैटरी टैक्नोलॉजी से सुसज्जित ये स्कूटर बी2बी और बी2सी दोनों वर्ग के लिए उपयुक्त हैं। 216 में लॉन्च शीमा इलेक्ट्रिक ऐसी पहली कंपनी थी जिसने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत् अपने लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटरों का निर्माण किया। कंपनी लगातार अनुसंधान, नवोन्मेष और तकनीकी उत्कृष्टता के बलबूते उन्नत इलेक्ट्रिक स्कूटरों को उपलब्ध करा रही है। इसके सभी वाहनों का निर्माण कंपनी की मानेसर और ओडिशा स्थित अत्याधुनिक निर्माण इकाइयों में किया जाता है। कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ योगेश कुमार लाठ ने कहा 'शीमा इलेक्ट्रिक लगातार ऊर्जा दक्षता, सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) और अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी पर ज़ोर देते हुए भारतीय मोबिलिटी के भविष्य को संवारने में जुटी है। इस विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस के मौके पर, हमने हाई-स्पीड और मजबूत दोपहिया वाहनों की मांग को पूरा करने वाले उन्नत डिजाइन के दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटरों को पेश किया है।

# शेयर बाजार सात सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बैंक ऑफ जापान के नकारात्मक ब्याज दरों के दौर से बाहर निकलने के संकेत के बाद वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन भी तेजी रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 528.17 अंक अर्थात 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर सात सप्ताह के उच्चतम स्तर 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 67127.08 अंक पर पहुंच गया। इससे पूर्व यह 20 जुलाई को 67571.90 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 176.40 अंक यानी 0.89 अंक उछलकर 19996.35 अंक पर रहा।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1.20 प्रतिशत की तेजी लेकर 33,064.96 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत की उड़ान भरकर 38,533.40 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3942 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2110 में लिवाली जबकि 1663 में गिरावट रही वहीं 169 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 46 कंपनियां हरे जबकि चार लाल निशान पर रही।

बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी रही। इस दौरान सर्विसेज 3.01, यूटिलिटीज 2.43, दूरसंचार 2.32, पावर 2.04, कमोडिटीज 0.97, सीडी 0.87, ऊर्जा 0.42, एफएमसीजी 0.87, वित्तीय सेवाएं 0.94, हेल्थकेयर 0.55, इंडस्ट्रियल्स 0.57, आईटी 0.61, ऑटो 1.59, बैंकिंग 1.06, कैपिटल गुड्स 0.30, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स




0.33, धातु 0.93, तेल एवं गैस 0.48, रियल्टी 0.88 और टेक समूह के शेयर 0.72 प्रतिशत चढ़ गए। विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स 0.53 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.84 प्रतिशत की तेजी रही जबकि जापान का निक्केई 0.43 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.58 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 209 अंक की तेजी लेकर 66,807.73 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,735.84 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,172.13 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,598.91 अंक के मुकाबले 0.79 प्रतिशत उछलकर 67,127.08 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 70 अंक उठकर 19,890 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,865.35 अंक के निचले जबकि 20,008.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 19,819.95 अंक की तुलना में 0.89 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19,996.35 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 2.18, एक्सिस बैंक 1.99, मारुति 1.96, एचसीएल टेक 1.49, एसबीआई 1.39, टाटा मोटर्स 1.20, टाटा स्टील 1.16, एनटीपीसी 1.08, विप्रो 1.05, टीसीएस 1.05, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.04, रिलायंस 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.92, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.80, सन फार्मा 0.57, भारती एयरटेल 0.50, एचडीएफसी बैंक 0.49, इंफोसिस 0.46, टेक महिंद्रा 0.23 और इंडसइंड बैंक 0.16 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एलटी 0.27 और बजाज फाइनेंस ने 0.22 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में एफटीटीएच कनेक्शन के लिए आईएसपी को मान्यता देने की योजना

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां) ग्रामीण भारत में डिजिटल समावेश और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में दूरसंचार विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) ब्रॉडबैंड कनेक्शन देने में प्रयासों के लिए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को मान्यता देने की एक योजना शुरू की है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत, दूरसंचार विभाग ने श्रेणी ए, बी और सी में प्रत्येक के लिए तीन-तीन, कुल नौ आईएसपी को मान्यता देने का निर्णय लिया है, जिन्होंने एक वर्ष में ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शनों की अधिकतम संख्या में नये कनेक्शन प्रदान किए हैं। मान्यता के तहत एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा और आईएसपी का नाम दूरसंचार विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह मान्यता प्रतिवर्ष अप्रैल से मार्च तक के लिए दी जाएगी। पहली मान्यता 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 की अवधि के लिए होगी। प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम शुद्ध योग मानदंड इस प्रकार हैं: श्रेणी ए, इस श्रेणी में आईएसपी को ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शन में न्यूनतम 50,000 शुद्ध योग हासिल करने की आवश्यकता है। श्रेणी बी: इस श्रेणी में आईएसपी को ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शन में न्यूनतम 10,000 शुद्ध योग हासिल करने की आवश्यकता है। श्रेणी सी: इस श्रेणी के आईएसपी को ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शन में न्यूनतम 2,000 शुद्ध योग हासिल करने की आवश्यकता होगी। यह पहल, ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच और कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा पूरे देश में सामाजिक-आर्थिक विकास और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# खाद्य तेलों में 2000 रुपए तक की गिरावट

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के नकारात्मक रुख के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से खाद्य तेलों में 2009 रुपए तक की भारी गिरावट रही।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 79 रिंगिट उतरकर 3651 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 सेंट की गिरावट लेकर 60.07 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में भारी गिरावट रही। पाम ऑयल 2009 रुपए, सूरजमुखी तेल 527 रुपये और सोया रिफाइंड 147 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपए, दाल चना 50 रुपए और उड़द दाल 700 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि मूंग दाल 600 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

# सीमा पार डेटा प्रवाह आसान बनाने से भारत में बढ़ेगा डेटा सेंटर निवेश

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मैत्रीपूर्ण सीमा-पार डेटा प्रवाह के दम पर भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया में डेटा सेंटर क्षमता अगले पांच साल में 10-25 प्रतिशत औसत वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ने

■ मैत्रीपूर्ण सीमा-पार डेटा प्रवाह के दम पर भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया में डेटा सेंटर क्षमता अगले पांच साल में 10-25 प्रतिशत औसत वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ने की संभावना

की संभावना है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की इकाई 451 रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, डेटा सेंटरों में निवेश करने से टेलीकॉम और रियल एस्टेट कंपनियों जैसे प्रदाताओं को अपने राजस्व और संपत्ति में विविधता लाने में आसानी होगी। इसमें कहा गया है, 'हालांकि, व्यवसाय की पूंजी सघनता को देखते हुए जोखिम भी हैं। स्थानीय भागीदारी और विवेकपूर्ण विस्तार उभरते बाजार के जोखिम को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण होगा, जिसमें उभरते विनियमन, स्थिर इंटरकनेक्टिविटी की उपलब्धता और बिजली आपूर्ति



जैसे बुनियादी ढांचे की उपलब्धता शामिल है।' भारत और इंडोनेशिया ने अपनी डेटा सुरक्षा नीतियों को स्पष्ट कर दिया है और सीमा पार डेटा प्रवाह पर प्रतिबंधों में ढील दी है। इसका उद्देश्य विदेशी निवेश का समर्थन करना और डिजिटल अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए नीतियों के साथ तालमेल बिठाना है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत में नए डेटा गोपनीयता बिल का मसौदा सीमा पार डेटा हस्तांतरण को आसान बनाने का सुझाव देता है।' यहां विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 आसान सीमा पार डेटा ट्रांसफर को सक्षम करेगा और भंडारण के बुनियादी ढांचे को अनुकूलित करेगा। विधेयक डिफ़ॉल्ट रूप से सभी न्यायक्षेत्रों में डेटा प्रवाह की अनुमति देता है, जब तक कि निषिद्ध न हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके विपरीत, सिंगापुर मामूली गति से बढ़ेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह भूमि और बिजली आपूर्ति पर बाधाओं के साथ एक अधिक स्थापित बाजार है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'डेटा केंद्र दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में एक उभरता हुआ परिसंपत्ति वर्ग बनाते हैं। महामारी के कारण तेजी से डिजिटल परिवर्तन के कारण उपभोक्ताओं और उद्यमों के बीच डेटा प्रोसेसिंग और डेटा भंडारण क्षमता की मांग बढ़ रही है।' बड़े इंटरनेट सेवा प्रदाता, क्लाउड और नेटवर्क सेवा प्रदाता और मल्टीमीडिया कंपनियां जैसे तथाकथित हाइपरस्केलर भी अपने व्यवसाय का विस्तार करने और नेटवर्क की सुस्ती को कम करने के लिए उच्च डेटा मांग बढ़ा रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'डेटा सेंटर में निवेश के लिए बड़ी पूंजी की आवश?यकता है और आय उत्पन्न करने में समय लगता है। इससे प्रदाताओं की बैलेंस शीट पर दबाव पड़ सकता है। डेटा सेंटर प्रदाताओं को उच्च निष्पादन जोखिमों का भी सामना करना पड़ सकता है क्योंकि वे क्षेत्र में कम परिपक्व बाजारों में विस्तार करते हैं।'

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज आज से

**■ 1800 खिलाड़ी कर रहे भागीदारी**



**बिलासपुर , 11 सिंतबर (देशबन्धु)** । छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रो मे प्रोत्साहित करने हेतु राज्य के महिला, पुरुष तथा बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक तीन आयु समूह में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 सितम्बर को स्व. बी. आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई, बिलासपुर में किया जा रहा है। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के उद्घाटन के अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधिगण अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जिनके द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जायेगा। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

### तीन आयु वर्ग में होगी प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक मे प्रतियोगिताओ को तीन आयु समूह में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18 से 40 वर्ष तक और तीसरा वर्ग 40 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता मे उपरोक्त आयु वर्ग के विकासखण्ड तथा नगरीय कलस्टर स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त महिला और पुरुष प्रतिभागी भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चार विकासखण्ड तथा दो नगरीय कलस्टर के 850 महिला एवं 922 पुरूष कुल 1772 प्रतिभागी भाग लेंगे।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल खेल

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कुल 16 विधाएं अयोजित होंगी जिसमे दलीय श्रेणी मे गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लगड़ी दौड़, बांटी (कंचा), रस्साकसी, कबड्डी तथा खो-खो शामिल है। वही एकल श्रेणी मे बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, रस्सीकूद, लम्बीकूद, 100 मी. दौड़ एवं कुश्ती शामिल है। आयोजन की तिथि एवं समयजिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के अंतर्गत पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 12 सितम्बर 2023 को तथा महिला वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 13 सितम्बर 2023 को प्रात: 10 बजे से आयोजित होगी ।

# अपर कलेक्टर ने टीम के साथ पंजीयन कार्यालय में दी दबिश

## स्टांप की मुनाफाखोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया वेंडर

**बिलासपुर , 11 सिंतबर (देशबन्धु)** । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजीव कुमार झा के निर्देश पर जिले के नव नियुक्त अतिरिक्त कलेक्टर शिव कुमार बनर्जी द्वारा आज संयुक्त परिसर भवन , बिलासपुर स्थाई पंजीयन कार्यालय परिसर में स्टाम्प की कालाबाज़ारी व अवैध वसूली तथा शुल्क लेने की शिकायत पर अतिरिक्त तहसीलदार शशिभूषण सोनी व उप पंजीयक लक्ष्मी पांडेय की उपस्थिति में आकस्मिक निरीक्षण कर छापामारी की कार्रवाई की गई। जिसमें सर्वप्रथम ग्राहक बनकर स्टाम्प वेंडरों से स्टाम्प की खरीदी की गई व प्राप्त शिकायतों की पुष्टि की गई। शिकायत सही पाए जाने पर मौके पर ही स्टाम्प वेंडर राजेश कुमार यादव के विरुद्ध पंचनामा , साक्ष्य सहित बिक्री पंजी के जब्ती की गई। जिसमें लगभग 3.25 लाख रुपये के स्टांप को आगामी आदेश तक बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति बगैर विक्रय पर रोक लगाने सहित स्टॉक पंजी प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गए। विदित हो कि शासकीय मूल्य पर स्टाम्प में 2 प्रतिशत का सेवा शुल्क स्टाम्प वेंडरों को दिया जाता है जबकि स्टाम्प वेंडरों द्वारा अनधिकृत रूप से अवैध वसूली करते हुए सभी स्टाम्प हेतु निर्धारित मूल्य की तुलना में 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क पर स्टाम्प उपलब्ध कराया जाता है । जिसमे मौके पर परीक्षण में अतिरिक्त तहसीलदार को 100 रुपये का स्टाम्प 150 रुपये में बेचे जाने पर मौके पर ही शिकायत की पुष्टि की गई। पूरे जांच के दरमियान स्टाम्प वेंडर के सहयोगी शेख अरमान व विनोद साहू उपस्थित रहकर उक्त शिकायत की बतौर साक्ष्य पुष्टि किये। इस दरमियान अनधिकृत स्टाम्प की जब्ती भी की गई । जांच में सहयोग हेतु कुदुदंड पटवारी नितेन्द्र सिंह तोमर व जरहाभाठा पटवारी दीपक कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा स्वयं पंचनामकर्ता बनकर मौके पर ही स्वयं उपस्थित रहकर साक्ष्य व जब्ती की कार्यवाही से अवैध कार्य करने वालों में भय व्यप्त हुआ है। वही कलेक्टर द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए स्टाम्प की खरीदी के सरलीकरण हेतु पहल पर विचार किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे है।



# महिला थाना के परिवार परामर्श केंद्र की अनूठी पहल

**नशे के कारण बिखर रहे परिवारों को निजात अभियान के तहत नशे से दूर रहने की वीडियो माध्यम से दी जा रही सीख**

**प्रति माह दर्जनों परिवार टूट कर बिखरने से बच रहे**

**बिलासपुर , 11 सिंतबर (देशबन्धु)** । लड़ाई झगड़े तो परिवार में होते हैं पर अपनो का साथ नहीं छोड़ते इसी बात को चरितार्थ किया जा रहा है । महिला थाना बिलासपुर के परिवार परामर्श केंद्र में महिला थाना प्रभारी भारती मरकाम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह और आईयूसीयू डबल्यू प्रभारी एएसपी गरिमा द्विवेदी के निर्देशानुसार महिला थाना में टूटे हुए परिवारो का परामर्श किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इसके लिए बाकायदा परिवारों को प्रोजेक्टर से लघु फिल्म के माध्यम से यह भी दिखाया जा रहा है कि, कैसे छोटी-मोटी गलतियों के कारण आपसी कलह होती है। और इसमें बच्चे पिस जाते हैं, जबकि उनकी कोई गलती नहीं होती है। प्राय: यह देखने में आता है कि परिवारों में लड़ाई पति के नशे के आदी होने के कारण ही होता है। बिलासपुर पुलिस के निजात कार्यक्रम के माध्यम से भी उनको समझाइस दी जा है कि नशा परिवार में कलह का प्रमुख वजह है। ऐसे परिवारों जिसमे आपसी मन मुटाव था और उन्हें महिला परिवार परामर्श केंद्र में आपसी समझाइए दी गई और परिवार के महत्व वाले वीडियो, गाने आदि दिखाए गए उसके बाद खुशी-खुशी समझौता होकर घर गए हैं। कई बार जहां पति पत्नी में विवाद में परिजनों का रोल रहता है, पूरे परिवार को एक साथ बैठा कर वीडियो दिखाया जाता है। बहुतेरों बार ऐसे भावनात्मक फिल्मों का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बेलतरा निवासी लक्ष्मी सूर्यवंशी उम्र 28 वर्ष अपने पति रामखिलाव सूर्यवंशी के खिलाफ शिकायत लेकर आई थी। की, शादी के 3 साल बाद से ही पति शराब पीकर मारपीट करता है। गाली गलौज करता है। लड़की हुई है, उसको लेकर मनमुटाव है। पति का कहना था की, पत्नी अक्सर मायके जाती है। खाना बनाकर नहीं देती है। और उसको बात करने का तरीका नहीं है। दोनों को निजात कार्यक्रम के तहत काउंसलरों द्वारा काउंसलिंग में नशे से दूर रहने की समझाइस दी गई। दोनों में आपसी समझौता हुआ अब आपसी मनमुटाव नहीं करने की बात को लेकर दोनों परिवारो में आपसी रजामंदी हुई। कुदुदंड बिलासपुर निवासी दामिनी तिग्गा का प्रेम विवाह 3 वर्ष पूर्व कोरबा निवासी निशांत कोशले से हुआ था। वह शिकायत लेकर आई थी कि पति सरकारी जॉब में है लेकिन समय नहीं देता है।



# कांग्रेस का रेल रोको आंदोलन कल

**बिलासपुर , 11 सिंतबर (देशबन्धु)** । ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) ने आज कांग्रेस भवन में बैठक की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रस्तावित 13 सितम्बर को रेल रोको आंदोलन पर चर्चा हुई । बैठक में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी, सभापति शेख नजीरुद्दीन,पूर्व महापौर राजेश पांडेय ,प्रदेश संयुक्त महामंत्री देवेंद्र सिंह बाटू ,मत्स्य बोर्ड उपाध्यक्ष राजेन्द्र धीवर, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेरू असलम,महिला अध्यक्ष सीमा घृटेश,ब्लाक अध्यक्ष जावेद मेमन, विनोद साहू, मोती ठारवानी , सुनील शुक्ला, राजू साहू, बिहारी देवांगन, लक्ष्मी साहू,गीतांजलि कौशिक, आदित्य दीक्षित, रमेश सूर्या, रामरतन कौशिक, रांम चन्द पैकरा,समीर अहमद,तजम्मुल हक,काशी रात्रे,विनय वैद्य,मनोज शर्मा,सन्दीप बाजपेयी,कमल गुप्ता ,लक्ष्मी जांगड़े,अर्जुन सिंह,करम गोरख,पुनाराम कश्यप,अजित सदन आदि उपस्थित थे । ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर 13 सितम्बर को पूरे छत्तीसगढ़ में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। इसको लेकर आज कांग्रेस भवन में बैठक हुई है जिसमे निर्णय लिया गया कि कोटा ब्लाक कांग्रेस कमेटी और रतनपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) कोटा स्टेशन में बेलगहना ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेलगहना स्टेशन में ,बिल्हा ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिल्हा स्टेशन में ,मस्तूरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी जयराम नगर स्टेशन में रेल रोकेंगे ,तखतपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ( शहर / ग्रामीण ) सकरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी ,बेलतरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी . सीपत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी . रतनपुर (ग्रामीण )ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के मुख्य स्टेशन में रेल रोकेंगे । जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि रेल के परिचालन एवं बंद ट्रेन के स्टापेज पुन चालू करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी लगातार आंदोलन करती आ रही है , ज़िला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व में ज़िले के प्रत्येक स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन .जीएम ऑफिस का घेराव -प्रदर्शन किया ।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 33 लाख नकद किए जब्त

**बिलासपुर,11 सितंबर) देशबन्धु)** । पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार कानून एवं सूरक्षा व्यवस्था डियूटी तथा आगामी विधान सभा चुनाव 2023-2024 के मद्देनजर संदिग्ध लोगों पर सतत निगरानी रखने के तारतम्य में विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट लगाकर और पेट्रोलिंग के माध्यम से संदिग्ध वाहनों की तलाशी की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर शहर राजेंद्र जायसवाल के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली के पर्यवेक्षण मे चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेकिग की जा रही थी एक व्यक्ति से 9,50,000 रुपए, दूसरे से 1600000 एवम अन्य एक से 7,50,000 रुपए कुल 3300000 नगद रुपए तथा अन्य एक व्यक्ति से 300 नग साड़ी बरामद हुए जिसके संबंध में वैधानिक जवाब नही मिलने पर राज्य में विधान सभा चुनाव संपन्न होना है उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर धारा 102 जाफौ के तहत जप्त किया गया है।



# विकास को गर्त में ले जाने काम कांग्रेस सरकार ने किया - कौशिक

**बिलासपुर** । भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने कहा कि घोर नक्सलाईड क्षेत्र छत्तीसगढ़ हमको मध्यप्रदेश से विरासत में मिला है और उसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य और बस्तर को विकास की दिशा में ले जाने का काम भाजपा शासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने किया है।

**NECC**

| 12.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 500 | 85 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 190 |

डिलीवरी 5.15 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

